RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 291
फरीदाबाद, बृहस्पतिवार, 01 दिसंबर, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana





भारतीय हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 4-3 से मात दी

पेज - 12


## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 63,000 | ▲ | 417.81 | |
| निफ्टी | 18,758 | ▲ | 140 | |
| सोना | 53,300 | ▼ | 71 | /10 gm |
| चांदी | 63,199 | ▼ | 66 | /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 29.00°C
न्यूनतम 11.00°C

## क्विक न्यूज

### 64 साल की उम्र में विक्रम किर्लोस्कर का निधन



**बेंगलुरु।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के वाइस चेयरपर्सन विक्रम किर्लोस्कर का 29 नवंबर को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 64 साल के थे। किर्लोस्कर बिजनेस फैमिली की चौथी पीढ़ी के मेंबर, विक्रम किर्लोस्कर को टोयोटा के कारोबार को भारत में लाने का श्रेय काफी हद तक जाता है। कंपनी ने ट्विटर पर इसकी जानकारी दी। विक्रम किर्लोस्कर का जन्म नवंबर 1958 में हुआ था। उनके पिता का नाम श्रीकांत किर्लोस्कर है। विक्रम ने ऊटी के लॉरेंस स्कूल में पढ़ाई की। स्कूल के बाद वो मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआइटी) में पढ़ने चले गए। उन्होंने एमआइटी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल की। 2017 में एक इंटरव्यू में, उन्होंने कहा था कि इंजीनियरिंग बैकग्राउंड ने उन्हें फैमिली बिजनेस में शामिल होने में उनकी मदद की।

### घोटाले में ईडी ने कंपनी का डायरेक्टर गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाला मामले में बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बडी रिटेल प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर अमित अरोड़ा को गिरफ्तार किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ने इस मामले 25 नवंबर को सात आरोपियों के खिलाफ राउज एवेन्यू कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है। अरोड़ा को दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का करीबी बताया जा रहा है।

### बहराइच में ट्रक-बस की टक्कर, छह की मौत

**लखनऊ।** यूपी के बहराइच में रोडवेज बस-ट्रक की भिड़ंत होने से उसमें सवार छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 15 यात्री घायल हैं। घायलों में चार की हालत गंभीर है। सभी को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गंभीर रूप से घायलों को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। हादसा सुबह साढ़े चार बजे के करीब हुआ, जब तेज रफ्तार ट्रक ने लखनऊ ईदगाह डिपो की रोडवेज को साइड से टक्कर मार दी।

### चीन के पूर्व राष्ट्रपति जियांग जेमिन का निधन

**बीजिंग।** चीन के पूर्व राष्ट्रपति जियांग जेमिन का निधन हो गया है। उन्होंने 96 साल की उम्र में अंतिम सांस ली है। चीनी सरकारी मीडिया के अनुसार वे ल्यूकेमिया बीमारी से पीड़ित थे। इसके कारण उनके शरीर के कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। जियांग जेमिन को 1989 के तियानमेन स्कवायर नरसंहार के बाद चीन के नेतृत्व के लिए चुना गया था। उन्होंने करीब एक दशक तक चीन पर शासन किया। जियांग के शासनकाल में तियानमेन स्क्वायर विरोध के बाद चीन में कोई बड़ा प्रदर्शन नहीं हुआ था।

### भारत-बांग्लादेश ने मिलकर काम करने का संकल्प लिया

**ढाका।** बांग्लादेश में नवनियुक्त भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने बुधवार को यहां प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में आतंकवाद को रोकने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। वर्मा 1994 बैच के भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी हैं। उन्होंने 27 अक्टूबर को राष्ट्रपति अब्दुल हामिद को अपना परिचय पत्र प्रस्तुत करने के एक महीने बाद हसीना से मुलाकात की। वर्मा ने उनके आधिकारिक गणभवन आवास पर प्रधानमंत्री हसीना से मुलाकात की।

गोधरा दंगों में दोषियों की रिहाई को दी गई चुनौती

# बिलकिस बानो ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की पुनर्विचार याचिका

### गैंगरेप के दोषियों की रिहाई में 1992 में बने नियम लागू होंगे

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**साल** 2002 के गोधरा दंगों के दौरान सामूहिक दुष्कर्म और परिवार के सदस्यों की हत्या करने वाले 11 दोषियों की समय से पहले रिहाई को चुनौती देते हुए बिलकिस बानो ने सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल कर दी है। इसमें 13 मई के आदेश पर दोबारा विचार करने की मांग की गई है। इसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि गैंगरेप के दोषियों की रिहाई में 1992 में बने नियम लागू होंगे। इसी आधार पर 11 दोषियों की रिहाई हुई थी। वहीं बिलकिस बानो के वकील ने लिस्टिंग के लिए भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के समक्ष मामले का उल्लेख किया। इस दौरान चीफ जस्टिस ने कहा कि वह इस मुद्दे की जांच करेंगे कि क्या दोनों याचिकाओं को एक साथ सुना जा सकता है और क्या उन्हें एक ही बेंच के सामने सुना जा सकता है?

बिलकिस बानो केस में इससे पहले भी दो याचिकाएं दायर की जा चुकी हैं। मुख्य याचिका के बाद 21 अक्टूबर को एक महिला संगठन की ओर से भी याचिका दायर की गई थी। जस्टिस अजय रस्तोगी और जस्टिस सीटी रविकुमार की पीठ ने यह याचिका भी मुख्य याचिका के साथ जोड़ दी। दोनों याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की जाएगी। शीर्ष कोर्ट 'नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वूमन' द्वारा दायर एक याचिका पर पहले से सुनवाई कर रही है। इसमें सजा की छूट और मामले में दोषियों की रिहाई को चुनौती दी गई है।

सुप्रीम कोर्ट ने 18 अक्टूबर को कहा था कि सजा में छूट को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर गुजरात सरकार का जवाब बहुत भारी है। इसमें कई फैसलों का हवाला दिया गया है, लेकिन तथ्यात्मक बयान गायब हैं। इसके बाद शीर्ष कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को गुजरात सरकार के हलफनामे पर जवाब दाखिल करने के लिए समय देते हुए 29 नवंबर को मामले की आगे सुनवाई तय की।



### परिवार के सात सदस्यों की हुई थी हत्या

**बता** दें, यह मामला गोधरा कांड के बाद 2002 में हुए गुजरात दंगों से जुड़ा है। तब बिलकिस बानो 21 साल की थी और पांच माह की गर्भवती थी। दंगों के बीच भागते समय बिलकिस के साथ सामूहिक दुष्कर्म हुआ था और उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या कर दी गई थी। मृतकों में उसकी तीन साल की बेटी भी शामिल थी। उधर, गुजरात सरकार का कहना है कि उसने अपनी सजा माफी नीति के अनुरूप 11 दोषियों को छूट दी है। इन दोषियों को इसी साल 15 अगस्त को जेल से रिहा किया गया। दोषियों को गोधरा उप-जेल में 15 साल से अधिक की सजा काटने के बाद छोड़ा गया है।

### एटीएस ने की 500 करोड़ की एमडी ड्रग बरामद, पांच गिरफ्तार

**वडोदरा।** गुजरात में एक्शन टास्क फोर्स (एटीएस) को बड़ी कामयाबी मिली है। टीम ने वडोदरा के पास एक फैक्ट्री में छापा मारकर 500 करोड़ रुपये मूल्य की ड्रग्स बरामद की है। इस मामले में अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, मौके से फरार अन्य चार लोगों की तलाश की जा रही है। वडोदरा शहर के नजदीक सिंधरोट गांव की एक केमिकल फैक्ट्री में एमडी ड्रग्स तैयार किए जाने की जानकारी मिली थी, तभी यह रेड की गई। इस दौरान एटीएस ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि चार आरोपी अंधेरे के फायदा उठाकर भाग निकले।

राष्ट्रपति ने हरियाणा के स्वास्थ्य कर्मियों व महिला खिलाड़ियों से मुलाकात की

# महिलाओं को चुनौती-बाधाओं का सामना करना पड़ता है : मुर्मू

### कहा, बेटियों को समाज व देश के लिए सशक्त होना चाहिए

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को बेटियों को सशक्त बनाने पर बल दिया, हरियाणा की आशा कार्यकर्ताओं और महिला खिलाड़ियों के साथ मुलाकात की और विभिन्न क्षेत्रों के उनके अनुभव सुने। वह हरियाणा के दो दिवसीय दौरे पर थीं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने जीवन में कई चुनौतियों और बाधाओं का सामना करना पड़ता है तथा उन्हें अधिक से अधिक मजबूत बनाया जाना चाहिए। मुर्मू ने कहा, उन्हें अकेला नहीं छोड़ा जाना चाहिए...। उन्होंने कहा कि बेटियों को समाज व देश के लिए सशक्त होना चाहिए।

इस संवाद कार्यक्रम के दौरान हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और राज्य के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर भी मौजूद थे। यह कार्यक्रम हरियाणा के राजभवन में आयोजित किया गया। राष्ट्रपति ने पूरे देश में महिला सशक्तिकरण का बेहतरीन उदाहरण पेश करने के लिए हरियाणा की बेटियों की जमकर तारीफ की और कहा कि बेटियां शक्ति की प्रतिमूर्ति होती हैं।

उन्होंने कहा कि सभी परिवार को बेटियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने में सहयोग करना चाहिए, जिससे वे सशक्त हों और विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान करें। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हरियाणा की बेटियों ने खेल के क्षेत्र में अपने परिवार और राज्य का वैश्विक पटल पर गौरव बढ़ाया है, वह महिला सशक्तिकरण का बेहतरीन उदाहरण है। राष्ट्रपति ने कहा, यदि पुरुष और महिला एक साथ चलेंगे तो परिवार, समाज और देश आगे बढ़ेगा। महिलाओं को हालांकि, पुरुषों की तुलना में अपने जीवन में अधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, इसलिए यह परिवार, समाज और सरकार की जिम्मेदारी है कि वे बालिकाओं का पोषण करें और उन्हें सशक्त बनाएं।

उन्होंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के हरियाणा में सफल क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार की सराहना की और उम्मीद जताई कि राज्य इस तरह के क्रांतिकारी कदम उठाकर प्रदेश की बेटियों का मनोबल बढ़ाता रहेगा। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान से भी जुड़ी अंबाला की एक आशा कार्यकर्ता ने अवैध लिंग निर्धारण परीक्षणों के खिलाफ अभियान के बारे में अपने अनुभव कार्यक्रम में साझा किए। आशा कार्यकर्ता ने कहा कि उन्होंने अवैध लिंग निर्धारण परीक्षणों के खिलाफ राज्य के स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई 19 छापेमारी में भाग लिया। उन्होंने यह भी बताया कि किस प्रकार उन्होंने अपनी एक पड़ोसी को लिंग निर्धारण परीक्षण से गुजरने के बाद गर्भपात कराने से रोका।



### देश का नाम रोशन करने वाली महिला खिलाड़ियों से बातचीत की

**राष्ट्रपति** ने विभिन्न खेलों में राज्य और देश का नाम रोशन करने वाली महिला खिलाड़ियों से बातचीत की। माउंट एवरेस्ट और सात महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों पर तीन बार तिरंगा फहरा चुकीं हिसार की महिला पर्वतारोही अनीता कुंडू ने अपने अनुभव साझा किए और कहा कि वह ट्रैक्टर चलाती हैं और खेती भी करती हैं। उन्होंने बताया कि किस प्रकार उनके पिता की मृत्यु के बाद मां ने उनका समर्थन किया। वर्ष 2022 के राष्ट्रमंडल खेलों में महिला फ्रीस्टाइल 76 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक विजेता पूजा सिहाग ने कहा कि यह उनके पिता का सपना था कि वह खिलाड़ी बने। सिहाग ने कहा कि उनके पिता की मृत्यु के बाद, उनकी मां ने हमेशा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस पर, राष्ट्रपति ने कहा कि एक मां में कितनी ताकत होती है, इसे हमेशा बताया जाना चाहिए।

### हरियाणा की बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं : खट्टर

**कार्यक्रम** के अंत में, राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें यह देखकर खुशी हुई कि महिलाओं में कितनी ऊर्जा है और उन्होंने इस बात पर जोर दिया, यह ऊर्जा किसी परिवार के भीतर तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर ने कहा कि बेटियों को लेकर अब धारणा बदल गई है और अब लोग लड़कियों के जन्म पर जश्न मनाते हैं। उन्होंने कहा कि अब परिवार अपनी बेटियों को पढ़ाने और हर क्षेत्र में आगे बढ़ने में पूरा सहयोग करते हैं। खट्टर ने कहा, हरियाणा की बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और उनके परिवारों के साथ ही हरियाणा सरकार भी बेटियों की मदद कर रही है ताकि वे जीवन में नई ऊंचाई हासिल कर सकें और अपने परिवार, राज्य और देश का नाम रोशन करें।

# अफगानिस्तान : नमाज के बाद मदरसे में बम धमाका, 15 की मौत



### मृतकों में दस छात्र भी शामिल, 27 लोग हुए घायल

**एजेंसी।** काबुल

**अफगानिस्तान** के समांगन प्रांत के ऐबक शहर में बुधवार की दोपहर जाहदिया मदरसे में बम विस्फोट हुआ है। इस धमाके में कम से कम पंद्रह लोगों की मौत हो गई जबकि 27 घायल हो गए। धमाका दोपहर की नमाज के बाद हुआ।

अफगानिस्तान के एक प्रमुख मीडिया समूह ने प्रांतीय अस्पताल के डॉक्टर के हवाले से रिपोर्ट दी। तालिबान के अधिकारी का कहना है कि उत्तरी अफगानिस्तान के मदरसे में हुए बम धमाके में कम से कम दस छात्रों की मौत हो गई।

हमले की अब तक किसी भी समूह ने जिम्मेदारी नहीं ली है। विस्फोट के बारे में सुरक्षा अधिकारियों की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। सोशल मीडिया पर धमाके के बाद के अलग-अलग तरह के वीडियो वायरल हो रहे हैं।

# गुजरात में 'आप' का खाता नहीं खुलेगा, उसकी हालत खस्ता : शाह

### कहा, गुजरात में कांग्रेस ही मुख्य विपक्षी पार्टी है

**एजेंसी।** अहमदाबाद

**गुजरात** विधानसभा चुनाव के लिए एक दिसंबर को पहले चरण का मतदान होना है। इससे एक दिन पहले गृहमंत्री अमित शाह ने दावा किया है कि गुजरात में भाजपा फिर सरकार बनाएगी। शाह ने कहा कि गुजरात में कांग्रेस ही मुख्य विपक्षी पार्टी है, लेकिन वह देशभर में संकट से जूझ रही है। इसका असर गुजरात में भी नजर आ रहा है। शाह ने कहा, गुजरात के चुनाव परिणाम का इंतजार कीजिए। आपको 'आप' का नाम जीतने वाले कैंडिडेट्स की लिस्ट में कहीं नहीं मिलेगा। शाह ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता और विकास के साथ बिना भेदभाव वाली नीतियों के दम पर भाजपा गुजरात में जीत दर्ज करेगी। शाह ने मातृभाषा में शिक्षा देने की बात भी कही।



### दो करोड़ से ज्यादा वोटर्स अपने मत का प्रयोग करेंगे

**उन्होंने** कहा कि तकनीक, कानून और मेडिकल फील्ड की पढ़ाई मातृभाषा में कराने से देश के टेलेंट का इस्तेमाल हो सकेगा। गुजरात विधानसभा चुनाव के पहले मंगलवार शाम पांच बजे चुनाव प्रचार थम गया था। पहले चरण में 89 सीटों पर मतदान होगा, इसके लिए 788 उम्मीदवार मैदान में हैं। इस दौरान मोरबी, कच्छ, राजकोट, पोरबंदर और जूनागढ़ जैसी सीटों पर वोटिंग होगी। 19 जिलों में होने वाली वोटिंग में दो करोड़ से ज्यादा वोटर्स अपने मत का प्रयोग करेंगे।

### मांग कर रहे प्रदर्शनकारी मजदूरों पर पंजाब में पुलिस का लाठीचार्ज

**संगरूर।** पंजाब में बुधवार को प्रदर्शनकारी मजदूरों पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। मजदूर अपनी मांगों को लेकर भारतीय खेत मजदूर यूनियन की अगुवाई में सीएम भगवंत मान के संगरूर स्थित आवास के सामने प्रदर्शन करने पहुंचे थे। इसी दौरान पुलिस ने उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। इसमें कई मजदूर घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पंजाब भर से अलग-अलग मजदूर संगठनों के सदस्य सुबह ही संगरूर में बाइपास पर इकट्ठा हुए। यहां से उन्होंने भारतीय खेत मजदूर यूनियन के बैनर तले सीएम के आवास की ओर कूच किया। संगठनों ने इस प्रदर्शन की जानकारी प्रशासन को पहले से दे रखी थी। लिहाजा सीएम आवास की तरफ जाने वाले रास्ते पर भारी पुलिस बल तैनात था। पंजाब सरकार और सीएम भगवंत मान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आगे बढ़ रहे मजदूरों को पुलिस ने सीएम आवास से एक किलोमीटर पहले बैरिकेडिंग करके रोक दिया। मजदूरों ने जब बैरिकेडिंग लांघकर आगे बढ़ने की कोशिश की तो पुलिस से लाठीचार्ज कर दिया।

### अलीबाबा के फाउंडर जैक मा डर से जापान भागे



**टोक्यो।** चीन में जिनपिंग सरकार की आलोचना के बाद गायब हुए दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी अलीबाबा के फाउंडर जैक मा टोक्यो में हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक टोक्यो में वे खुद को काफी लो प्रोफाइल रखते हैं। जैक के रहने की जगह से वाकिफ लोगों ने बताया कि वे चीन से अपना पर्सनल शेफ और सिक्योरिटी भी लाए हैं। जैक मा चीन सरकार की नीतियों की आलोचना के बाद जिनपिंग के निशाने पर थे। आशंका जताई जा रही थी कि चीन सरकार उनकी हत्या करा सकती है। मा की एक कंपनी 'एंट ग्रुप' के दुनिया के सबसे बड़े आइपीओ को भी रोक दिया था और अरबों डॉलर का जुर्माना लगाया था।

### प्रदूषण नियंत्रण पर तीन दिवसीय सम्मेलन होगा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिए ओडिशा के भुवनेश्वर में तीन दिवसीय सम्मेलन का आयोजन करेगा। मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि दो दिसंबर से चार दिसंबर तक भुवनेश्वर के शिक्षा ओ अनुसंधान विश्वविद्यालय में वायु नामक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में 500 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इनमें विशेषज्ञ, छात्र, शिक्षाविद, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, प्रदूषण नियंत्रण समिति, नगर आयुक्त, राज्य के पर्यावरण सचिव, वैज्ञानिक और इंजीनियर शामिल हैं।

# हरियाणा में फिर से आंदोलन करने की धमकी दे रहे चढ़ूनी

### अबकी बार मुद्दा बनेगा गन्ने का रेट

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**नए** साल की शुरुआत में फिर से किसान आंदोलन होने की घोषणा हो गई है। इस बार किसान आंदोलन का मुद्दा गन्ने के कम रेट का रहेगा। आंदोलन के लिए गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने किसानों को तैयार रहने की बात कही है। साथ ही गन्ने का भाव नहीं बढ़ा तो जनवरी में आंदोलन की चेतावनी दी है।

भाकियू (चढ़ूनी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम चढ़ूनी ने वीडियो जारी करके कहा कि इस बार हरियाणा सरकार ने गन्ने का भाव नहीं बढ़ाया है, लेकिन पहले हरियाणा में ही सबसे ज्यादा गन्ने का भाव रहता था। इस बार पंजाब ने भाव बढ़ा दिया है, जिसके कारण हरियाणा के मुकाबले पंजाब में गन्ने का भाव 18 रुपये प्रति क्विंटल अधिक है। उन्होंने कहा कि भाव को लेकर सरकार से कई बार मांग की जा चुकी है और चिट्ठी लिख चुके हैं, लेकिन अभी तक सरकार ने उस पर कोई विचार नहीं किया।

# 14 रुपये तक सस्ता हो सकता है पेट्रोल-डीजल, कच्चे तेल के दाम गिरे

## आठ महीने में कच्चे तेल के दाम 31 डॉलर तक कम हुए

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**कच्चे** तेल के दाम गिरने के चलते देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 14 रुपये तक की कमी आ सकती है। इंटरनेशनल बाजार में कच्चे तेल (ब्रेंट) की कीमत जनवरी से निचले स्तर पर हैं। यह अब 81 डॉलर से नीचे आ गया है। अमेरिकी क्रूड 74 डॉलर प्रति बैरल के करीब है।

खास तौर पर कच्चे तेल की कीमत में बड़ी गिरावट से भारतीय रिफाइनरी के लिए कच्चे तेल की औसत कीमत (इंडियन बास्केट) घटकर 82 डॉलर प्रति बैरल रह गई है। मार्च में ये 112.8 डॉलर थी। इस हिसाब से आठ महीने में रिफाइनिंग कंपनियों के लिए कच्चे तेल के दाम 31 डॉलर (27 फीसद) कम हो गए हैं।




एसएमसी ग्लोबल के मुताबिक, क्रूड में एक डॉलर गिरावट आने पर देश की तेल कंपनियों को रिफाइनिंग पर प्रति लीटर 45 पैसे की बचत होती है। इस हिसाब से पेट्रोल-डीजल के दाम 14 रुपये तक प्रति लीटर तक कम होने चाहिए। हालांकि, विशेषज्ञों के मुताबिक पूरी कटौती एक बार में नहीं होगी।

अभी देश में पेट्रोल और डीजल की जो कीमतें हैं, उसके हिसाब से क्रूड ऑयल का इंडियन बास्केट करीब 85 डॉलर प्रति बैरल होना चाहिए, लेकिन ये 82 डॉलर के आसपास आ गया है। इस भाव पर ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को प्रति बैरल (159 लीटर) रिफाइनिंग पर करीब 245 रुपये की बचत होगी। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा था कि सरकारी तेल कंपनियों को पेट्रोल की बिक्री पर मुनाफा होने लगा है, लेकिन डीजल पर अब भी चार रुपये प्रति लीटर घाटा हो रहा है। तब से अब तक ब्रेंट क्रूड करीब 10 फीसद सस्ता हो गया है। ऐसे में कंपनियां डीजल पर भी मुनाफे में आ गई हैं।

### ब्रेंट तेजी से 70 डॉलर की तरफ बढ़ रहा



**पेट्रोलियम** एक्सपर्ट नरेंद्र तनेजा ने कहा कि ब्रेंट तेजी से 70 डॉलर की तरफ बढ़ रहा है। इससे पेट्रोल-डीजल के दाम जरूर कम होंगे, लेकिन थोड़ा वक्त लगेगा। तेल आयात से लेकर रिफाइनिंग तक का साइकल 30 दिन का होता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में दाम घटने के एक माह बाद असर दिखता है। देश में तेल के दाम लगभग पिछले करीब छह महीने से स्थिर हैं। हालांकि, जुलाई में महाराष्ट्र में पेट्रोल जरूर पांच रुपये और डीजल तीन रुपये प्रति लीटर सस्ता हुआ था, लेकिन बाकी राज्यों में दाम जस के तस बने हुए हैं।

पायनियर
हरियाणा, बृहस्पतिवार, 01 दिसंबर, 2022



**शहर का तापमान**
- अधिकतम 28.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 11.00 डिग्री सेल्सियस

## शहर में आज

- विश्व एचआईवी दिवस पर बीके में रैली व नुक्कड़ नाटक का आयोजन : सुबह 11 बजे।
- जवाहर कालोनी एयरफोर्स रोड स्थित श्रीराम मंदिर में 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन: सुबह 9 बजे, कथा शाम 3 बजे
- बाबा सूरदास की तपोस्थली बाबा सूरदास धर्मशाला तिलपत धाम में श्रीमद्भागवत कथा: दोपहर 1 बजे।
- शहर में जगह-जगह वैक्सीनेशन कैम्प: सुबह 9 बजे ।

## निवेश गुरु

**एक** नौकरीपेशा के लिए यह जरूरी है कि वह अपने नौकरी के दौरान ही इस तरह की फाइनेंशियल प्लानिंग कर ले कि उसे रिटायरमेंट पर रुपये पैसे का तनाव न हो, लेकिन कई बार वह निवेश शुरू करने को लेकर देरी कर जाता है। दिग्गज निवेशक हों या मार्केट एक्सपर्ट, निवेशकों को यही सलाह देते हैं कि जितनी जल्दी संभव हो, बाजार में निवेश शुरू करना चाहिए। इसके अलावा वे निवेशकों से अपना निवेश लंबी अवधि का नजरिया बनाकर करने की सलाह देते हैं।

## यूटीलिटी न्यूज

### एड्स के प्रति किया जागरूक

**फरीदाबाद।** एड्स की बीमारी के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल एक दिसंबर को 'विश्व एड्स दिवस' मनाया जाता है। एड्स एक ऐसी गंभीर बीमारी है जो एचआईवी वायरस से संक्रमित स्त्री या पुरुष के ब्लड के माध्यम से दूसरे व्यक्ति तक पहुंच जाती है। यह वायरस संक्रमित व्यक्ति के शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता (रोग प्रतिरोधक क्षमता) को कम कर देता है जिससे उस व्यक्ति को कई अन्य बीमारियों से जल्दी प्रभावित होने का खतरा बढ़ जाता है। यह बात मैरिंगो क्यूआरजी हॉस्पिटल से इंटरनल मेडिसिन सीनियर कंसल्टेंट डॉ. संतोष कुमार अग्रवाल ने कही। उन्होंने कहा कि एड्स मरीजों के साथ हाथ मिलाने या उनके साथ भोजन करने से इसका संक्रमण नहीं फैलता है। यदि मां एचआईवी संक्रमित है तो पैदा होने वाले नवजात शिशु के संक्रमित होने की संभावना बढ़ जाती है। इस वायरस की चपेट में आने का खतरा सबसे ज्यादा उन लोगों को होता है जो किसी एचआईवी संक्रमित से असुरक्षित शारीरिक संबंध बनाते हैं।

## चिचक न्यूज

### विजय सिंह को डिप्टी सीएम ने बधाई दी

**फरीदाबाद।** वार्ड नंबर 4 से नवनिर्वाचित चेयरमैन विजय सिंह, जिला अध्यक्ष राजेश भाटिया के साथ उपमुख्यमंत्री हरियाणा सरकार दुष्यंत चौटाला से आशीर्वाद लेने उनके निवास स्थान पर पहुंचे। दुष्यंत चौटाला ने विजय सिंह को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसानों, गरीबों, मजदूरों के मसीहा एवं 36 बिरादरी के नेता जननायक चौधरी देवी लालजी ने हमेशा जन आकांक्षा एवं भावनाओं के अनुरूप ने, न केवल देश और प्रदेश का चहुंमुखी विकास किया बल्कि जन आकांक्षाओं को पूरा करते हुए उन्हें अभूतपूर्व नई-नई जनकल्याणकारी नीतियों एवं योजनाओं से भी लाभान्वित किया। ठीक उन्हीं के दिखाए हुए मार्ग पर चलकर इसके राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला भी प्रदेश के विकास एवं जन कल्याण में समर्पित भाव से जुटे हुए हैं।

# लापरवाही या भ्रष्टाचार : सरकारी जमीनों पर कब्जे करवाने का जिम्मेदार कौन?

### सरकारी अथवा वन क्षेत्र की जमीनों पर बसी हैं दर्जनों अवैध कालोनियां

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**नगर** निगम, वन विभाग और अन्य संबंधित विभागों की लापरवाही से जहां लगातार अरावली के जंगलों को नष्ट किया जा रहा है, वहीं शहर की बेशकमीती सरकारी जमीनों पर छुट भैये नेताओं और दबंगों की शह पर अवैध बस्तियां बस चुकी हैं। खोरी बस्ती के बाद अब नगर निगम बड़खल की जमाई कालोनी में अपनी जमीनों से अवैध कब्जे हटा रहा है। ऐसा नहीं है कि नगर निगम, एचएसवीपी और अन्य संबंधित विभागों के पास सरकारी जमीनों से अतिक्रमण हटाने, रोकने या फिर उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए संसाधन मौजूद नहीं हैं। इनमें से ज्यादातर विभागों के पास अपने-अपने तोड़फोड़ दस्ते और कार्रवाई के लिए अन्य संसाधन मौजूद हैं। इन तोड़फोड़ दस्तों में जरूरत के मुताबिक स्टाफ भी मौजूद है। लेकिन इसके बावजूद यह दस्ते सरकारी जमीनों पर होने वाले कब्जों को रोकने का कोई प्रयास नहीं करते। अदालत का आदेश आने पर विभाग तोड़फोड़ करने की रणनीति तैयार करते हैं। जिससे जहां सरकार पर आर्थिक बोझ पड़ता है। तोड़फोड़ के खर्च के अलावा लोगों के पुनर्वास की व्यवस्था के लिए सरकार को रकम खर्च करनी पड़ती है, लेकिन अतिक्रमण के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कभी भी कोई कार्रवाई नहीं की जाती। कई जिम्मेदार अधिकारी तो सेवानिवृत भी हो चुके हैं।



जमाई कालोनी में अपनी जमीन से अवैध कब्जे हटाता निगम का दस्ता।



अरावली की पहाड़ियों पर बने निर्माण।

### किसने करवाए विकास कार्य

**सरकारी** जमीन पर झुग्गियां बनने के दौरान उन्हें रोकने का कोई प्रयास नहीं करता। जिससे कुछ दिनों में घनी आबादी बस जाती हैं। जहां बिजली के कनेक्शन भी लग जाते हैं। इन बस्तियों को राजनैतिक संरक्षण मिलने पर नगर निगम और विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा विकास कार्य करवाए जाने लगते हैं। शहर की ज्यादातर सरकारी जमीनों पर बसी अवैध बस्तियों में नगर निगम अथवा अन्य सरकारी एजेंसियों द्वारा सड़कों, गलियों और नालियों का निर्माण करवाया गया है। इन बस्तियों में निगम की तरफ से पानी और सीवर के कनेक्शन उपलब्ध करवाए जाते हैं। कुछ समय बाद कच्चे मकान पक्के निर्माणों में तब्दील होने लगते हैं। लेकिन उस दौरान कोई भी इस तरफ ध्यान देने की जरूरत महसूस नहीं करता है। यहां तक कि इन बस्तियों को बसाने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की लगाम कसने का भी कोई प्रयास नहीं करता। कब्जों के लिए जिम्मेदार अधिकारी सेवानिवृत होकर चले जाते हैं। जिम्मेदारी तय न होने और संबंधित विभागों के अधिकारियों पर कार्रवाई के अभाव में हर रोज शहर में सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे हो रहे हैं।

### एक तरफ तोड़फोड़, दूसरी ओर कब्जे

**नगर** निगम द्वारा खोरी के बाद जमाई कालोनी में तोड़फोड़ की जा रही है। वहीं दूसरी तरफ अरावली पर धड़ल्ले से अवैध निर्माण हो रहे हैं। गत वर्ष सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के कारण निगम द्वारा अरावली पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई थी। तोड़फोड़ के दौरान किराये की जेसीबी मशीनों के साथ निगम की मशीनों को भी मौके पर ले जाया जाता था। उस दौरान नगर निगम के पूरे लाव लश्कर के साथ भारी पुलिस बल भी मौके पर तैनात किया जाता था। कई बार तो निगम का तोड़फोड़ दस्ता बिना कार्रवाई किये ही मौके से लौट आता था। इसके अलावा एक दिन में एक या दो फार्म हाउस में तोड़फोड़ करने के बाद कार्रवाई रोक दी जाती थी। इस तरह रोक रोक कर और छोड़ छोड़ कर तोड़फोड़ की कार्रवाई का सिलसिला करीब एक महीने से ज्यादा समय तक चलता रहा। इस तोड़फोड़ की कार्रवाई को अंजाम देने के सरकार का लाखों रुपया खर्च हुआ था। लेकिन तोड़फोड़ की कार्रवाई बंद होते ही अरावली पर फिर से निर्माण शुरू हो गया। यदि छूट ही देनी थी तो तोड़फोड़ की क्यों गई।



तोड़फोड़ के दौरान जमाई कालोनी में तैनात पुलिस बल।

### सरकारी जमीनों पर अनेक बस्तियां

**सरकारी** जमीनों पर होने वाले अतिक्रमण और अवैध निर्माण शहर के लिए नासूर बनता जा रहा है। शहर की ज्यादातर सरकारी जमीनों पर स्लम बस्तियां बसी हुई हैं। बाइपास रोड, अनंगपुर बांध, राहुल कालोनी, कल्याणपुरी, नेहरू कालोनी समेत शहर में कई बड़ी बड़ी स्लम बस्तियां सरकारी जमीनों पर बस चुकी हैं। इनके अलावा भी सरकारी जमीनों पर अनेक अवैध बस्तियां बसी हुई हैं। इन बस्तियों को हटाने और इनमें रहने वाले लोगों को साफ सुथरा माहौल देने के लिए सरकार ने इन्हें अपने मकान देने की योजना बनाई थी। जिसके तहत बल्लभगढ़ और डबुआ कालोनी में नगर निगम द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से हजारों फ्लैट तैयार किए थे। बल्लभगढ़ में तो ज्यादातर फ्लैटों में स्लम बस्तियों के लोगों को शिफ्ट किया जा चुका है। अब डबुआ कालोनी में स्थित खाली फ्लैटों में खोरी से उजड़ कर आए लोगों को शिफ्ट करने की तैयारी हो रही है।

### जिम्मेदारों पर हो कार्रवाई



**सामाजिक** कार्यकर्ता रविंद्र चावला का कहना है कि शहर में होने वाले अतिक्रमण और अवैध निर्माणों के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों की लापरवाही ही जिम्मेदार है। अतिक्रमण और अवैध निर्माणों के मामले में नगर निगम अथवा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। तोड़फोड़ के दौरान होने वाले सरकारी खर्च की रिकवरी कार्यरत अथवा सेवानिवृत हो चुके जिम्मेदार अधिकारी से की जानी चाहिए।

# रावल कॉलेज के 15 छात्र को मेरिट लिस्ट में स्थान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**रावल** इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट हमेशा से ही मैनेजमेंट के क्षेत्र में छात्रों की यूनिवर्सिटी परीक्षा में शानदार रिजल्ट के लिए जाना जा रहा है। गत कई वर्षों से इस संस्थान के छात्रों ने यूनिवर्सिटी मेरिट लिस्ट में अच्छे स्थान पाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।

महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी, रोहतक ने हाल ही में फरवरी 2022 के यूनिवर्सिटी परीक्षा परिणामों की मेरिट लिस्ट जारी की है। जिसमें होटल मैनेजमेंट (तृतीय सेमेस्टर) की छात्रा ज्योति आर्या ने दूसरा स्थान और होटल मैनेजमेंट (पांचवा सेमेस्टर) की मेघा कुमारी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त प्रथम सेमेस्टर होटल मैनेजमेंट सार्थक ठाकुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया और प्रथम सेमेस्टर होटल मैनेजमेंट के हर्ष ने चौथा स्थान प्राप्त किया। इसी श्रृंखला को जारी रखते हुए तृतीय सेमेस्टर होटल मैनेजमेंट के हिमांशु ने पांचवा स्थान, सातवें सेमेस्टर होटल मैनेजमेंट के धीरज के जी ने छठवां स्थान, सातवें सेमेस्टर होटल मैनेजमेंट के प्रियम गर्ग ने सातवा स्थान, सातवें सेमेस्टर होटल मैनेजमेंट के दीपेश ने आठवां स्थान, तृतीय सेमेस्टर होटल मैनेजमेंट के गगन ने आठवां स्थान, पांचवें सेमेस्टर होटल मैनेजमेंट के अमन श्रीवास्तव ने नौवां स्थान, पांचवें सेमेस्टर होटल मैनेजमेंट के सुमित दास ने दसवां स्थान, सातवें सेमेस्टर होटल मैनेजमेंट के विपुल असवाल ने तेरहवां स्थान, पांचवें सेमेस्टर होटल मैनेजमेंट के करण त्यागी ने पंद्रहवां स्थान, सातवें सेमेस्टर होटल मैनेजमेंट के विवेक के सी ने अठारहवाँ स्थान प्राप्त किया। इसी परंपरा को कायम रखते हुए एम.बी.ए.(प्रथम सेमेस्टर) की छात्रा रिया गर्ग ने चौथा स्थान, एम.बी.ए.(प्रथम सेमेस्टर) की छात्रा पूजा वर्मा ने छठा स्थान, एम.बी.ए.(तृतीय सेमेस्टर) की छात्रा आयुषी गोयल ने बीसवां स्थान, एम.बी.ए. (प्रथम सेमेस्टर) की छात्रा प्रिंसी अग्रवाल ने पैंतीसवां स्थान, एमबीए (प्रथम सेमेस्टर) की छात्रा अंजलि ने उनतालीसवां स्थान, , एमबीए (प्रथम सेमेस्टर) की छात्रा शालिनी सिंह ने उनचालीसवां स्थान प्राप्त किया।



विश्वविद्यालय मेरिट धारकों के साथ अनिल प्रताप सिंह, डॉ. राजेश तिवारी एवं डॉ. भावना स्याल।

# रेडक्रॉस सोसाइटी को 50 व्हीलचेयर किए डोनेट

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**समाज** के वंचित वर्ग को सशक्त बनाने की एक और पहल में, डीएलएफ फाउंडेशन ने रेडक्रॉस सोसाइटी, फरीदाबाद को 50 व्हीलचेयर डोनेट किए। डीएलएफ फाउंडेशन भारत के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर, डीएलएफ लिमिटेड की सीएसआर शाखा है।

डीएलएफ फाउंडेशन द्वारा रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव बिजेंदर सोरोट को व्हीलचेयर सौंपे गए। इन व्हीलचेयर को फरीदाबाद के सेक्टर 10 और 11 में रेडक्रॉस सोसाइटी की सामुदायिक सुविधाओं में रखा जाएगा। इस संबंध में बात करते हुए डीएलएफ फाउंडेशन की सीईओ गायत्री पॉल ने कहा, रेडक्रॉस सोसाइटी, फरीदाबाद को 50 व्हीलचेयर का डोनेशन दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों के सपोर्ट के लिए हमारा छोटा सा विनम्र प्रयास है। हमें विश्वास है कि यह पहल गतिशीलता प्रदान करेगी और जरूरतमंद लोगों के जीवन में सुधार लाने में मदद करेगी। रेडक्रॉस सोसाइटी, फरीदाबाद के सचिव बिजेंद्र सोरोट ने मुक्तहस्त डोनेशन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा, डीएलएफ फाउंडेशन द्वारा प्रदान की गई व्हीलचेयर का उपयोग विशेष रूप से दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों के लिए समाजहित के लिए किया जाएगा। रेडक्रॉस सोसाइटी, फरीदाबाद किसी भी प्राकृतिक आपदा से होने वाली पीड़ा को कम करने, स्वास्थ्य और स्वच्छता में सुधार के साथ-साथ नर्सिंग और एम्बुलेंस कार्य के लिए राहत के प्रावधान के लिए अपनी पहल के हिस्से के रूप में व्हीलचेयर का उपयोग करता है।



रेडक्रॉस सचिव बिजेन्द्र सौरोत को व्हील चेयर सौंपते डीएलएफ फाउंडेशन के सीईओ।

# श्रद्धा हत्या का केस फास्ट ट्रेक कोर्ट में चलाने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**बेटी** बचाओ अभियान की टीम ने श्रद्धा हत्या कांड का केस फास्ट ट्रेक पर चलाने के लिये जिला उपायुक्त विक्रम सिंह को राष्ट्रपति के नाम संस्थापक व राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आज़ाद के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। चेयरमैन वासुदेव अरोड़ा व जगजीत कौर ने कहा कि हम चाहते हैं कि इस केस को फास्ट ट्रेक पर चलाकर अरोपी आफताब आमीन को जल्द से जल्द कड़ी सजा मिले।

राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आजाद ने जिला उपायुक्त को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि न सिर्फ श्रद्धा हत्याकांड का केस फास्ट ट्रेक पर चले बल्कि इस पर जल्द से जल्द कानून बनाया जाए कि ऐसे सभी केस फास्ट ट्रेक पर चलाए जाने चाहिएं और इसकी सजा सिर्फ फांसी ही होनी चाहिये। राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतू लाम्बा ने कहा कि आप हमारी यह माँग राष्ट्रपति तक पहुचाएं और उन्होंने कहा कि हमारे इस ज्ञापन पर क्या कार्यवाही हुई, इसका हम डायरी नम्बर लेकर राष्ट्रपति कार्यालय में संपर्क करेंगे क्योंकि आजकल लगातार बेटियों पर अत्याचार हो रहे हैं और यह सख्त सजा से ही रोके जा सकते हैं। जिला उपायुक्त विक्रम सिंह ने बेटी बचाओ अभियान की टीम को आश्वासन दिया कि उनकी मांग पर कार्यवाही की जायेगी। इस मौके पर सरपरस्त यशपाल भल्ला, चेयरमैन वासुदेव अरोड़ा व जगजीत कौर, राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आज़ाद, राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतू लाम्बा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ए बावा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रिता आहूजा, जिला अध्यक्ष नीलम खत्री, विनोद भटेजा, मयूर सिंह, कुलदीप सिंह और विनोद आहूजा आदि उपस्थित थे।



# दुर्गा शक्ति की टीम ने आमजन को किया जागरूक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए बल्लभगढ़ महिला थाना प्रभारी इंदु बाला तथा दुर्गा शक्ति की टीम ने बल्लभगढ़ एरिया में स्थित पार्क में आमजन को साइबर अपराध तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक किया।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाबाद पुलिस अपराधों पर अंकुश लगाने के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों को जागरूक करने का काम भी कर रही है। अपराधों पर अंकुश लगाने के साथ-साथ नागरिकों को अपराधों के प्रति जागरूक करना भी उतना ही आवश्यक है। पुलिस कार्य में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जिसके तहत पुलिस की विभिन्न टीमें शहर के अलग-अलग स्थानों पर जाकर आमजन को साइबर अपराध तथा ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरूक करती हैं। इसी क्रम में आज महिला थाना बल्लभगढ़ व दुर्गा शक्ति की टीम ने आमजन को साइबर अपराध तथा सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक करते हुए उन्हें बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी दी। आमजन को साइबर अपराध के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि नागरिक अपने बैंक अकाउंट डेबिट या क्रेडिट कार्ड का नंबर सीवीवी एक्सपायरी डेट ओटीपी या कोई भी जानकारी किसी व्यक्ति के साथ साझा ना करें। इस प्रकार आप साइबर ठगों के झांसे में आने से अपने आप को बचा सकते हैं।

सड़क सुरक्षा के बारे में आमजन को जागरूक करते हुए पुलिसकर्मियों ने बताया कि सड़क पर यात्रा करते समय ट्रैफिक नियमों का पालन करना अति आवश्यक है।

यह नियम आमजन की भलाई के लिए बनाए गए हैं ताकि आमजन एक्सीडेंट का शिकार ने हो और वह सुरक्षित अपने घर तक अपने परिजनों के पास पहुंच सकें। इसीलिए वाहन से यात्रा करते समय सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करें तथा शराब पीकर गाड़ी न चलाएं। कार्यक्रम के समापन के समय पुलिस से संपर्क करने के माध्यमों के बारे को जागरूक करते हुए पुलिस टीम ने बताया कि वह किसी भी प्रकार के अपराध की सूचना 112 पर दे सकते हैं। इसके अलावा महिला हेल्पलाइन 1091 और बच्चों से संबंधित किसी भी अपराध के लिए वह 1098 पर संपर्क कर सकते हैं। इसी के साथ इस जागरूकता कैंपेन का समापन किया गया जिसमें आमजन द्वारा पूरी पुलिस टीम का तहे दिल से धन्यवाद किया।



दुर्गा शक्ति की टीम आमजन को जागरुक करते हुए।

## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

## नज़रिया



### दिनेश रघुवंशी, कवि

मोहब्बत जिनका मक़सद है उन्हें नफ़रत से क्या लेना
कबीरी जी रहे मन में उन्हें क़ीमत से क्या लेना
जिन्हें है भूख शोहरत की अदब से उनको क्या मतलब
अदब के जो सिपाही हैं उन्हें शोहरत से क्या लेना

# जगदीश चन्द्र बोस की जयंती पर संगोष्ठी आयोजित

### प्रो. तोमर ने माइक्रो स्ट्रेच इलास्टिक सॉलिड पर रैखिक सिद्धांत प्रस्तुत किया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति तथा प्रसिद्ध गणितज्ञ प्रो. सुशील कुमार तोमर ने आज ठोस पदार्थों की श्वसन क्रिया को लेकर एक जैसी संरचना रखने वाले माइक्रोस्ट्रेच इलास्टिक सॉलिड पर अपना रैखिक सिद्धांत प्रस्तुत किया। इसे महान भारतीय वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बोस के दृष्टिकोण के साथ सहस बद्ध किया। उल्लेखनीय है कि जगदीश चंद्र बोस पहले वैज्ञानिक थे, जिन्होंने यह साबित किया कि पौधों में अन्य जीवन रूपों की तरह एक संवेदनशील तंत्रिका तंत्र होता है, और वे सांस ले सकते हैं और महसूस कर सकते हैं।

प्रो. तोमर वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, निदेशक (अनुसंधान एवं विकास) प्रो. नरेश चौहान, डीन और विभिन्न शिक्षण विभागों के अध्यक्ष उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सोनिया बंसल ने किया। इससे पहले प्रो. तोमर ने विश्वविद्यालय में जेसी बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा उनकी जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

विख्यात गणितज्ञ प्रो. तोमर, जिनके प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में 125 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए हैं, ने 'प्लेन वेव्स इन माइक्रो-स्ट्रेच इलास्टिक सॉलिड विथ वॉयड्स' पर अपने विशेष व्याख्यान में कठोर संरचना, तरंगों, लोचदार तरंगें, तनाव, हुक का नियम, आदि विभिन्न अवधारणाओं की परिभाषा देकर विषय से परिचित कराया। उन्होंने कॉंची, यूलर और लैग्रेंज जैसे प्रमुख गणितज्ञों के सिद्धांतों तथा अहमत केमल इरिंगन की माइक्रो-स्ट्रेच थ्योरी पर चर्चा की। प्रो. तोमर ने बताया कि उनका सिद्धांत जैसी बोस के उद्धरण 'चर-अचर-चेतना' से प्रेरित है।

प्रो. तोमर ने अपने सिद्धांत में वॉयड्स (रिक्तियां) के साथ माइक्रोस्ट्रेच इलास्टिक सॉलिड से गुजरने वाली विभिन्न तरंगों के तरंग लक्षणों का पता लगाने के लिए गणितीय समीकरणों की व्युत्पत्ति की। उन्होंने अपने गणितीय समीकरणों से सिद्ध किया कि ठोस माध्यम में प्रत्येक कण एक संपूर्ण शरीर की तरह व्यवहार करता है और उसमें संकुचन (श्वास) होता है। प्रो. तोमर ने सभी प्रतिभागियों, विशेष रूप से छात्रों को अवधारणाओं पर विचार करके शोध के मूल विचारों को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। संगोष्ठी के आयोजन के लिए अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ को भी बधाई दी।



आचार्य जगदीश चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि देने के उपरांत सामूहिक चित्र।

# अग्रवाल कॉलेज ने लिया एक्सपो में भाग

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**29 नवंबर 2022** को सेंटर फॉर काउंसलिंग, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट, अर्थशास्त्र विभाग और प्रबंधन विभाग, अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के तत्वावधान में वाईएमसीए, नई दिल्ली द्वारा आयोजित एमबीए एक्सपो में भाग लिया। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्ग दर्शन में महाविद्यालय ऐसे आयोजनों में भाग लेता रहता है।

डॉ संजीव कुमार गुप्ता, निदेशक सीसीटीपी और डॉ शिल्पा गोयल, संयोजक सीसीटीपी के साथ समन्वयक प्रसून शर्मा और रश्मि ने पूरे आयोजन को आकार दिया और छात्रों को इस अद्भुत अवसर में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रसून शर्मा एवं रश्मि सहित अर्थशास्त्र विभाग एवं प्रबंधन विभाग के 50 विद्यार्थी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। अरुण के मार्गदर्शन में छात्र समूहों में इकट्ठे हुए और पंजीकरण डेस्क पर अपना पंजीकरण कराया। आयोजन टीम से नितिन और श्री राहुल छात्रों को विभिन्न बी-स्कूलों के विभिन्न काउंटरों पर ले गए और उनके द्वारा दी जाने वाली प्रवेश प्रक्रिया और प्लेसमेंट के बारे में विस्तार से बताया। छात्र पूरी दिल चस्पी से लेते रहे थे और इन बी-स्कूलों से संबंधित कई सवाल पूछे। मेजबान द्वारा दोपहर का भोजन प्रदान किया गया। छात्रों को भागीदारी प्रमाण पत्र के वितरण के साथ यात्रा का समापन हुआ। आयोजकों द्वारा परिवहन सुविधाओं की अच्छी व्यवस्था की गई थी। यह दौरा एक बड़ी सफलता थी क्योंकि हमारे छात्रों को विभिन्न प्रतिष्ठित बी-स्कूलों की प्रवेश प्रक्रियाओं के बारे में गहराई से जानकारी मिली।



एक्सपो में भाग लेते अग्रवाल कॉलेज के विद्यार्थी।

# दवाओं से एचआईवी पॉजिटिव बच्चा हुआ पूरी तरह स्वस्थ्य

### गर्भावस्था में एचआईवी पॉजिटिव होने से बच्चे को बचाना सम्भव : डॉ. शीला भगत

कविता। फरीदाबाद

**एचआईवी** के प्रति विभाग द्वारा लोगों को लगातार जागरुक किया जा रहा है। इसी जागरूकता के कारण आज एक मासूम को एचआईवी जैसी भयानक बीमारी से बचाकर स्वास्थ्य विभाग ने एक नया जीवन दिया है। एचआईवी डिपार्टमेंट की इंचार्ज/डिप्टी सीएमओ डॉ. शीला भगत ने बताया कि एचआईवी पॉजिटिव एक परिवार के एक बच्चे को लगातार दवाईयों देकर एचआईवी से छुटकारा दिलाया गया है। 18 माह के बच्चे के माता-पिता समेत तीन परिजन पॉजिटिव हैं। नवजात शिशु की रिपोर्ट दो बार पॉजिटिव आई थी, लेकिन अब जांच में रिपोर्ट नेगेटिव आई है।

**ऐसे आया सामने :** डॉ. शीला भगत ने बताया कि एक गर्भवती महिला की जांच में पता चला कि वह एचआईवी पॉजिटिव है। जांच करने पर पति भी एचआईवी ग्रस्त पाया गया। जन्म के बाद बच्चे के पॉजिटिव आने पर विभाग ने तीनों को दवाईयां देनी शुरू की। गर्भवती



की डिलीवरी 18 महीने पहले हुई, तो बच्चे की जन्म के तुरंत बाद ही एचआईवी से बचाव की दवा शुरू कर दी। लेकिन जब बच्चे की जांच की करने पर पता चला कि वह पॉजिटिव है। विभाग और अभिभावकों ने हार नहीं मानी और बच्चे की दवा व जांच चलती रही। दो बार पॉजिटिव आने के बाद एक



डॉ. शीला भगत।

बार फिर 18 माह की उम्र में जांच करने पर बच्चे की रिपोर्ट नेगेरिट आई है। जिसे देखते हुए विभाग की टीम खुश है कि एक बच्चे को एचआईवी से मुक्ति दिला सके। डॉ. शीला भगत ने कहा कि लोगों को जागरूक होकर बीमारी को जड़ से समाप्त करने में विभाग का सहयोग करना चाहिए। दवाओं से इसे काफी हद तक बढ़ने से रोका जा सकता है।

**26 महिलाओं की डिलीवरी:** डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. शीला भगत ने बताया कि जिले में बीते 14 वर्षों के आंकड़े देखे तो अब तक 156 गर्भवती महिलाएं एचआईवी ग्रस्त मिली हैं। जिसमें जनवरी से नवंबर 2022 में 26 गर्भवती महिलाएं शामिल हैं। उन सभी की डिलीवरी हो चुकी है। अधिकतर गर्भवती महिलाएं अपने पति की लापरवाही के कारण एचआईवी की चपेट में आई हैं। उन्होंने बताया कि कम उम्र में शादी के बाद मां बनना और फिर एचआईवी से ग्रस्त पाया जाना काफी गंभीर मामला है।

**एचआईवी ग्रस्त गर्भवती महिलाओं का आंकड़ा**

| वर्ष | गर्भवती महिलाएं |
|---|---|
| 2009 | 09 |
| 2010 | 05 |
| 2011 | 06 |
| 2012 | 07 |
| 2013 | 06 |
| 2014 | 11 |
| 2015 | 06 |
| 2016 | 11 |
| 2017 | 13 |
| 2018 | 16 |
| 2019 | 15 |
| 2020 | 09 |
| 2021 | 16 |
| 2022 | 26 |

# एचटेट परीक्षा को लेकर तीन और चार को बंद रहेंगे शिक्षण संस्थान व कोचिंग सेन्टर

### हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा के लिए एसडीएम पंकज सेतिया को बनाया नोडल अधिकारी

### नेत्रहीन विद्यार्थियों को मिलेगा 20 मिनट का अतिरिक्त समय

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एडीसी** अपराजिता ने कहा कि 3 व 4 दिसम्बर को हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसको लेकर एसडीएम पंकज सेतिया को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि नेत्रहिन विद्यार्थियों को 20 मिनट अतिरिक्त समय मिलेगा जबकि महिलाओं के लिए बिन्दी,मांग सिंदूर व मंगलसूत्र डालने की परीक्षा केन्द्रों पर छूट रहेगी।

परीक्षा को नकल रहित, पारदर्शी व व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न करवाने को लेकर 27 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षाओं के मद्देनजर परीक्षा केन्द्रों पर धारा -144 लागू होगी।



डीसी अपराजिता अधिकारियों के संग बैठक करते हुए।

जिला सभी प्रशिक्षण संस्थान/कोचिंग सैन्टर बन्द रहेंगे। तीन व चार दिसम्बर को आयोजित होने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा की तैयारियों को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता की अध्यक्षता में स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में सम्बन्धित विभागों, प्रशिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों की एक संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया जिसमें यह जानकारी दी गई।

अतिरिक्त उपायुक्त ने एचटेट परीक्षा को नकल रहित, पारदर्शी व व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न करवाने के लिए अधिकारियों की डयूटियां निर्धारित करते हुए एसडीएम बडखल पंकज सेतिया को नोडल अधिकारी नियुक्त किया। उन्होंने कहा कि तीन दिसम्बर को यह परीक्षा सायं तीन बजे से साढ़े पांच बजे तक तथा चार दिसम्बर को सुबह दस बजे से साढ़े 12 व सांय सत्र में तीन बजे से साढ़े पांच बजे तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र-छात्रा का आई स्केन किया जाएगा। बोर्ड की हिदायत अनुसार नेत्रहिन विद्यार्थियों को परीक्षा में 20 मिनट अतिरिक्त समय दिया जाए। महिलाओं को परीक्षा केन्द्र में मंगलसुत्र, मांग सिंदूर तथा बिंदियां लगाने की कोई पाबंधि नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे न केवल लगे होने चाहिए बल्कि प्रत्येक कैमरा चालू हालात में होना चाहिए। सभी परीक्षा केन्द्रों पर बायोमैट्रिक हाजिरी तथा जैमर की व्यवस्था रहेगी। इस परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तमाम प्रकार की तैयारियां पूर्ण की जा रही है। उन्होंने परीक्षा को लेकर हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के सम्बन्ध में भी विस्तार से बताया और कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार हर नियम की पालना हर हाल में होनी चाहिए।अतिरिक्त उपायुक्त ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि परीक्षा को नकल रहित करवाने को लेकर सिक्योरिटी में कोई ढील बर्दास्त नही की जाएगी। इसको लेकर डयूटी पूरी मुस्तैदी व जिम्मेवारी के साथ निभाना सुनिश्चित करें।

अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने बताया कि सायं के सत्र में परीक्षार्थी 12 बजकर 50 मिनट से दो बजे तक परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश कर सकते है। इसी प्रकार सुबह के सत्र में परीक्षार्थी 9 बजे तक परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश कर सकेंगे, वे अपने साथ मोबाईल फोन व अन्य किसी भी प्रकार का इलैक्ट्रोनिक डिवाइस लेकर नहीं जा सकते है। परीक्षा केन्द्रों में परीक्षार्थियों के प्रवेश के दौरान वीडियोग्राफी भी करवाई जाएगी। इस बैठक में परीक्षा के नोडल अधिकारी एसडीएम बडखल पंकज सेतिया, एसडीएम बल्लबगढ़ त्रिलोक चंद, डीसीपी सतपाल सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी मुनेष चौधरी, प्रशिक्षण संस्थानओं के प्रतिनिधि तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# रबड़ फैक्ट्री में लगी आग में फंसे छह कर्मियों को पुलिस ने बचाया



पायनियर समाचार सेवा। बल्लभगढ़

**साहूपुरा** गांव में मौजूद एक रबड़ की फैक्ट्री में बुधवार सुबह अचानक आग लग गई। आग के गुबार आसमान में उड़ते नजर आने से इलाके में हड़कंप मच गया। इसकी सूचना किसी ने फायर बिग्रेड को दे दी। सूचना मिलते ही एक के बाद एक फायर ब्रिगेड की गड़िया दौड़ती नजर आईं। फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। घंटों मशक्कत करने के बाद किसी तरह इस आग काबू पाया गया। इस भीषण आग में फैक्ट्री पूरी तरह जलकर राख हो गई।


गनीमत यह रही कि इस आग में कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस ने फैक्ट्री में फंसे छह कर्मचारियों को सही सलामत बाहर निकाला। आग शॉर्ट सर्किट कारण लगी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार अन्य दिनों की तरह बुधवार सुबह भी कर्मचारी फैक्ट्री में काम कर रहे थे। सूत्रों की माने तो कुछ तारों से धुंआ उठा और फैक्ट्री में रखे रबड़ के स्टॉक में अचानक आग लग गई।

देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग इतनी भयंकर थी कि फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारियों में भगदड़ मच गई। कुछ कर्मचारी तो जान बचा कर बाहर निकल आए। लेकिन कुछ कर्मचारी आग के कारण अंदर ही फंस गए। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। थाना प्रभारी महेंद्र पाठक ने जान जोखिम में डाल कर फैक्ट्री में फंसे करीब छह कर्मचारियों को बाहर निकाला। इस दौरान फैक्ट्री पूरी तबाह हो गई। बताया जा रहा है कि आग लगने से कंपनी को काफी नुकसान हुआ है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अब सभी वर्गों के मेधावी छात्रों को मिलेगी छात्रवृति

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना वर्ष 2022-23 के लिए हरियाणा सरकार ने अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग के साथ-साथ अन्य वर्गों के छात्रों को भी शामिल कर डॉ. अम्बेडकर मेधावी छात्र योजना में संशोधन किया है।

उन्होंने आगे बताया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना में अब अनुसूचित जाति एवं जन जाति, घुमंतु जाति व पिछड़े वर्ग के साथ-साथ अन्य सभी वर्गों के छात्रों को 10वीं कक्षा उपरांत छात्रवृति प्रदान की जाएगी। डीसी ने बताया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना वर्ष



डीसी विक्रम सिंह।

2022-23 के लिए चार लाख रुपये तक की पारिवारिक वार्षिक आय वाले पात्र विद्यार्थी एक दिसम्बर 2022 से 31जनवरी 2023 तक अपना आवेदन ऑनलाईन भर सकते है। ऐसे पात्र विद्यार्थी अपना आवेदन सरलहरियाना.जीओवी.इन पर ऑनलाइन कर सकते हैं। इसके अलावा वैबसाइट हरियानाएससीबीसी.जीओवी.इन व दूरभाष नम्बर 01722566219 तथा 2567009 पर सम्पर्क करें।

# मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने का आह्वान

### मानसिक स्वास्थ्य के लिए भागीदारी, समुदाय-आधारित दृष्टिकोण की आवश्यकता को किया रेखांकित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मारीवाला** हेल्थ इनिशिएटिव (एमएचआई) ने आज मानसिक स्वास्थ्य और इसके अन्य मौजूदा सामाजिक-आर्थिक एवं पर्यावरणीय मुद्दों के साथ आंतरिक संबंध पर बातचीत को मुख्य धारा में शामिल करने के उद्देश्य के साथ एक उच्च स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया।

मानसिक स्वास्थ्य के लिए अधिकार-आधारित, मनोसामाजिक दृष्टिकोण की जरूरत पर प्रकाश डालते हुए, कार्यशाला में मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक संकीर्ण, जैव चिकित्सा पद्धति से अलग पद्धति अपनाने की आवश्यकता को रेखांकित किया, जो कि अधिक समावेशी और समग्र है। वक्ताओं ने मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के लिए समुदाय-आधारित समाधानों के महत्व और कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक पारस्परिक दृष्टिकोण की जरूरत पर भी विस्तार से बताया। इस कार्यक्रम में कई स्वास्थ्य पेशेवरों, कार्यकर्ताओं और शिक्षाविदों ने भागीदारी की। मारीवाला हेल्थ इनिशिएटिव की ओर से राज मारीवाला, डायरेक्टर, प्रीति श्रीधर, सीईओ और अनाम मित्तल, लीड ऑफ न्यू इनिशिएटिव ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं के रूप में डॉ. अचल भगत, मनोचिकित्सक, अपोलो हॉस्पिटल, प्रिसिला गिरी, रिसर्चर, डीएलआर प्रेरणा, जो दार्जिलिंग का एक गैर सरकारी संगठन है, जो विभिन्न सामुदायिक पहलों पर काम करता है। मानसिक स्वास्थ्य के दृष्टिकोण को फिर से परिभाषित करने की जरूरत पर बोलते हुए, राज मारीवाला, डायरेक्टर, मारीवाला हेल्थ इनिशिएटिव ने कहा, मानसिक स्वास्थ्य एक लगातार विकसित होता मुद्दा है और इसे मौजूदा सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय परदृश्य से अलग करके नहीं देखा जाना चाहिए।

# मनोज रूंगटा बने लघु उद्योग भारती के प्रदेश महासचिव

**फरीदाबाद।** लघु उद्योग भारती कार्यकारिणी की वर्चुअल बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में शुभादेश मित्तल अंबाला को लघु उद्योग भारती हरियाणा प्रांतीय कार्यकारिणी का अध्यक्ष चुना गया वहीं फरीदाबाद के मनोज रूंगटा को प्रदेश महासचिव तथा यमुनानगर के रमन सलूजा को प्रदेश कोषाध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी गई।

नवनियुक्त तीनों पदाधिकारी जल्द ही अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करेंगे। विश्वास दिलाया कि वह लघु उद्योग भारती से जुड़े तमाम सदस्यों के हितों के लिए कार्य करेंगे और संगठन को मजबूत करते हुए उनकी समस्याओं के समाधान का भरसक प्रयास करेंगे। बैठक में नई टीम से अपेक्षा की गई कि हरियाणा प्रान्त में संगठन कैसे मजबूत हो, हमारा कार्य विस्तार कैसे हो।

# प्रदूषण से निपटने को एफआईए ने किया सराहनीय प्रयास

### पिछले 25 दिनों से चलाया जा रहा है क्लीन से ग्रीन अभियान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**वायु प्रदूषण** की मार झेल रहे दिल्ली एनसीआर के लोगो के ऊपर गंभीर बीमारी का खतरा मंडरा है वहीं, फरीदाबाद में भी जहरीली हवा होने के साथ ही एयर क्वालिटी इंडेक्स 300 के पार है। प्रदूषण की गंभीर स्थिति से निपटने के लिए फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन पिछले 5 नवंबर से क्लीन से ग्रीन अभियान चला रहा है। अभियान के तहत फरीदाबाद के फैक्ट्रियों में लगे फायर सिस्टम में उपयोग हो रहे पानी से पेड़ो की धुलाई और सिंचाई कर रहे है।

एफआईए के प्रेजिडेंट नरेद्र अग्रवाल ने बताया की एसोसिएशन के क्लीन और ग्रीन चैप्टर तहत प्रथम चरण में 30 दिन का अभियान क्लीन और ग्रीन चैप्टर के चेयरमैन



आरके फोर्ज के स्टाफ फायर एक्सटीन्गुइशेर की मदद से पेड़ों पर पानी का छिड़काव करते हुए।

एस एस बांगा के देख रेख में चलाया जा रहा है। एसएस बांगा ने अभियान के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा की विभिन्न गतिविधयों के माधयम से प्रदूषण से निपटने का प्रयास किया जायेगा। पहले चरण में एफ आई ए के सभी सदस्य अपने अपने फैक्ट्री में लगे फायर एक्सटीन्गुइशेर में जमा पानी से आस पास के एरिया में पेड़ों पौधे की धुलाई कर रहे हैं। जिससे फायर एक्सटीन्गुइशेर की टेस्टिंग होने के साथ साथ पेड़ों पर जमे धूल मिटटी के हटने से एक्यूआई लेवल डाउन होगा। एसएस बांगा ने बताया कि अभियान के तहत इम्पीरियल ऑटो, महावीर डाई कास्टिंग, ओरिएंट इलेक्ट्रिक, शिवालिक प्रिंट, विक्टोरा इंडस्ट्रीज, विक्टोरा ऑटो, आर के फोर्ज, जीएमटी, प्रणव विकास, इको टेक, हरियाणा टेक्स्ट प्रिंट, इंडिया ऑटोटेक,अरविन्दो ऑटोमोटिव, इंडिया फैशन सहित अन्य कंपनियों ने इसमे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया है. एस एस बांगा ने बताया की अभियान के दूसरे चरण में फरीदाबाद में अन्य इंडस्ट्रियल एसोसिएशन, आरडब्ल्यूए और अन्य संस्थान जहाँ फायर एक्सटीन्गुइशेर लगा है सभी लोगो को इस गतिविधि में जोड़ने का प्रयास किया जायेगा जिससे फरीदाबाद के प्रदूषण को कम किया जा सके।

# बीकेयू ने मनाया गया पांचवां स्थापना दिवस

**फरीदाबाद।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के प्रदेश मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड ने जानकारी देते हुए बताया कि गाँव पल्ला सेहतपुर आगरा देशी हट में आज फरीदाबाद में भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति का पांचवा स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव सत्यभान चौहान ने बताया कि यह संगठन किसान और मजदूर वर्ग की सही मांगों की आवाज उठाकर पूरी कराने का कार्य करता है। उन्होंने कहा की सरकार किसान आयोग का गठन करे तभी समस्या हल होंगी। भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के हरियाणा उपाध्यक्ष तुलसी चौहान ने कहा कि आज के समय में देश का किसान बहुत ही बुरी परिस्थिति में है, न तो किसान को डीएपी, यूरिया और रसायन सही समय पर नहीं मिल रहा जबकि इन सबकी कीमत भी अपने चरम पर और वजन में भी कटौती कर किसानों को सभी स्थितियों में परेशान किया जा रहा है।

# छात्राओं को बढ़ती उम्र के बदलाव से अवगत कराया



महिला रोग विशेषज्ञ छात्राओं को जागरूक करते हुए।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर** 16 ए स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ एवं रेडक्रास सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में बढ़ती उम्र के साथ महिलाओं के होने वाले शारीरिक परिवर्तन एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर एक सत्र का आयोजन किया गया।

जिसमें महिला रोग विशेषज्ञ डा. ममता फोगाट ने छात्राओं के अनियमित माहवारी एवं अन्य बीमारियों के लक्षण तथा उनकी रोकथाम के लिए जरूरी टिप्स दिए। सत्र के अंत में सभी छात्राओं ने डॉ. ममता फोगाट से अपने प्रश्न पूछे और उन्होंने छात्राओं के सवालों का जवाब देते हुए स्वस्थ रहने के लिए खानपान पर ध्यान देने की बात कही।

प्राचार्य डा. नरेंद्र कुमार ने मुख्य वक्ता का आभार प्रकट किया तथा स्वस्थ रहने के लिए दवाइयों से अधिक स्वच्छता एवं पौष्टिक आहार के सेवन की बात कही। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापिका रितिका गुप्ता एवं अर्चना वर्मा ने भी छात्राओं के साथ अपने विचार सांझा किए। महिला प्रकोष्ठ की इंचार्ज डा. नेहा अग्रवाल ने मुख्य वक्ता का आभार प्रकट किया तथा छात्राओं को विशेषज्ञ द्वारा दी गई सलाह को अपने जीवन में अपनाने की बात कही। अवसर पर महिला प्रकोष्ठ के सदस्य नीलम रानी, दिवेश, प्रिया, डा.चंचल एवं शीतल आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### शिविर में विद्यार्थियों को दिया नशे से दूर रहने का संदेश



**फरीदाबाद।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की हरियाणा राज्य शाखा के सौजन्य से जिला रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद के अध्यक्ष एवं उपायुक्त विक्रम सिंह के निर्देशानुसार सचिव बिजेंद्र सौरोत के मार्गदर्शन में राजकीय आदर्श सीनियर सेकेंडरी विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में पांच दिवसीय जिला जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर के तृतीय दिवस पर प्रतिभागी सदस्यों रिसोर्स पर्सन पीसी गौड़ ने रेडक्रॉस प्रार्थना और मेडिटेशन के साथ शिविर के आज के कार्यकलापों का शुभारंभ किया। रिसोर्स पर्सन पुरुषोत्तम ने मोबाइल एडिक्शन एवम् मोबाइल के दुष्प्रभावों पर चर्चा की। विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने बताया कि आज नशा मुक्त समाज निर्माण एवम मादक द्रव्यों के घातक परिणामों से अवगत कराते हुए ज्योति शर्मा ने कहा कि प्रारंभ में युवा स्वाद चखने के लिए नशे का सेवन करते हैं फिर धीरे धीरे नशे की बुरी आदत का शिकार हो जाते हैं तथा नशे के प्रभाव में फंसते ही चले जाते हैं। उचित परामर्श के अभाव में नशे के आदत से छुटकारा पाना कठिन हो जाता है। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने प्रतिभागिता कर रहे बच्चों की प्रतियोगिता एवम अन्य गतिविधियों का अवलोकन किया। शिविर में विभिन्न विद्यालयों के 80 विद्यार्थी एवम रैडक्रॉस काउंसलर के रूप में सिही विद्यालय से प्रेम चंद, लक्कड़पुर विद्यालय रेडक्रॉस काउंसलर रेणु गिरधर, सराय ख्वाजा से गीता और रणदीप, ओल्ड फरीदाबाद से मनीष, तिलपत से नरेंद्र कुमार, अगवानपुर से सोनिया आहूजा सहित सभी अन्य काउंसलर ने भी रेडक्रॉस के शिविर में प्रतिभागिता की। डीटीओ इशांक कौशिक और प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने शिविर में प्रतिभागिता कर रहे जिला रेडक्रॉस के अधिकारियों, सभी जूनियर रेडक्रॉस सदस्यों, रिसोर्स पर्सन्स और अध्यापकों का प्रशिक्षण शिविर में विद्यालय आगमन के लिए स्वागत किया।

### साहित्य और भाषा विभाग के न्यूजलेटर का विमोचन

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने साहित्य और भाषा विभाग के न्यूजलेटर सिमुलेक्रा के नवीनतम डिजिटल और प्रिंट संस्करण का विमोचन किया। न्यूजलेटर का नया संस्करण कला, भाषा, संस्कृति और साहित्य से संबंधित सामग्री को प्रदर्शित करता है। इस अवसर पर डीन ऑफ फैकल्टी एंड मीडिया स्टडीज प्रो. अतुल मिश्रा, डीन (संस्थान) प्रो. संदीप ग्रोवर और विभाग के फैकल्टी सदस्य भी उपस्थित थे. प्रो. मिश्रा ने विभाग द्वारा की गई पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाचार पत्र विभागीय गतिविधियों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। अंग्रेजी की एसोसिएट प्रोफेसर और न्यूजलेटर के संपादक डॉ. दिव्यज्योति ने बताया कि सिमुलेक्रा कला और संस्कृति से संबंधित विचारों के आदान-प्रदान के लिए एक समावेशी मंच है। यह सांस्कृतिक मूल्यों और लोकप्रिय विषयों पर ट्रांस-डिसिप्लिनरी और इंटर-यूनिवर्सिटी अकादमिक आदान-प्रदान के लिए एक प्रचार प्रदान करते हैं। सिमुलेक्रा फ्रांसीसी आलोचक जीन बौड्रिलार्ड द्वारा प्रस्तुत एक शब्द है, जिसने 1981 के दार्शनिक ग्रंथ में सिमुलेक्रा और सिमुलेशन की तुलना की थी जिसमें लेखक वास्तविकता, प्रतीकों और समाज के बीच संबंधों की जांच करता था।

### ब्लैकमेल कर महिला से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी सेंट्रल मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए महिला थाना सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर गीता की टीम ने दुष्कर्म तथा आईटी एक्ट के मुकदमें में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम हरीश है जो फरीदाबाद के पन्हेड़ा कला गांव का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ 18 अक्टूबर 2022 को महिला थाना सेंट्रल में दुष्कर्म तथा आईटी एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी ने एक महिला के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने के पश्चात उसकी फोटो और वीडियो बना ली तथा उसके आधार पर महिला को ब्लैकमेल करके बार-बार उसके साथ दुष्कर्म करता रहा तथा बाद में उसकी वीडियो भी वायरल कर दी। महिला की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म तथा आईटी एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई। महिला थाना की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी के घर पर रेड डाली और आरोपी को काबू कर लिया। इसके पश्चात आरोपी महिला को ब्लैकमेल करता रहा तथा वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ बार-बार दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। महिला ने आखिरकार तंग आकर उसका विरोध करना शुरू किया तो उसने महिला के वीडियो वायरल कर दी। पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से वारदात में उपयोग मोबाइल फोन बरामद किया गया है। रिमांड पूरा होने के पश्चात आरोपी को अदालत में दोबारा पेश करके जेल भेज दिया गया है।

### गीता महोत्सवः फूड कोर्ट एवं प्रदर्शनी स्थल का किया निरीक्षण

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि एचएसवीपी कंवेंशन हाल में बिजली पानी सहित तमाम मूलभूत सुविधाओं को तसल्ली से पूरा करके 02 से 04 दिसम्बर तक आयोजित जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार हवन स्थल, फूडकोट, प्रदर्शनी सहित महमानों और पत्रकारों के बैठने की व्यवस्था अलग से सुनिश्चित करें। उन्होंने बुधवार को अधिकारियों के साथ कंवेंशन हाल का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने अधिकारियों को कहा कि जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव 02 से 04 दिसंबर तक हर्ष और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाने के लिए जिला के सामाजिक-धार्मिक संगठनों की भागीदारी भी सुनिश्चित का जा रही है। जिला स्तरीय तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव का मुख्य उद्देश्य विश्व में सबसे बड़े धार्मिक ग्रंथ गीता का संदेश हरियाणा की मिट्टी से ही निकला है का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करना है। ऐसे में जिला का प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में गीता के संदेश को धारण करे और नई पीढ़ी तक हम इन विचारों को पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव के दौरान हवन स्थल, फूडकोट और डीआरडीए, अक्षय उर्जा विभाग, नगर निगम, एचएसआई आईडीसी,आबकारी एवं कराधान, स्वास्थ्य, बिजली, आयुष, शिक्षा, कृषि, महिला एवं बालविकास, समाज कल्याण, पशुपालन और प्रदूषण कंट्रोल विभाग और सभी विभाग अपने-अपने विभागों की विकासात्मक योजनाओं व परियोजनाओं तथा सामाजिक व धार्मिक संगठन अपनी-अपनी प्रदर्शनी बेहतरीन प्रदर्शन के लिए लगाए जाने वाले स्थानों का निरीक्षण भी किया और सम्बंधित विभागों के अधिकारियों और समाज सेवी व धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारियों से बारीकी से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गीता जयंती महोत्सव का 02 दिसम्बर को हवन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव का भव्य शुभारंभ होगा। लोक कलाकारों और स्कूली बच्चों द्वारा गीता जयंती महोत्सव में अपनी-अपनी बेहतर रंगारंग सास्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी।



# जनता सरकार मोर्चा ने सामाजिक मुद्दों पर आवाज की बुलंद

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## कमला नेहरू पार्क में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

**यहां** कमला नेहरू पार्क में जनता सरकार मोर्चा की जिला कार्यकारिणी की ओर से राजीव दीक्षित की जयंती और पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में एडवोकेट साहिल गोयल ने शिरकत की। जनता सरकार मोर्चा की स्थापना से लेकर अभी तक की उपलब्धियों पर चर्चा यहां की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय परंपरा के मुताबिक हवन यज्ञ से हुई। तदपश्चात राजीव दीक्षित की प्रतिमा को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उपरांत मोर्चे की विशेषता पर बात करते हुए मोर्चे के कार्यकारिणी सदस्य रविंद्र सोलंकी, योगेश अरोड़ा, विवेक भांभू, निर्मला पांडे, आशीष डबास, अशोक गुज्जर ने उपस्थित कहा कि भारत के इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है कि बिना किसी नेता और पद की औपचारिक घोषणा के पूरे प्रदेश में जिला स्तर से ब्लॉक स्तर पर स्वानुशासित होकर निस्वार्थ कार्य किया जा रहा है। इतना ही नहीं, हरियाणा से प्रेरणा लेकर देशभर में लोग संगठित होकर अंतरराष्ट्रीय षडयंत्रों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करने लगे हैं। जनता सरकार मोर्चा के गठन के उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए मोहित खटाना ने कहा कि इस संगठन का उद्देश्य केवल सरकारों की गलत नीतियों के विरोध तक सीमित ना होकर, समाज और देश के लिए रचनात्मक कार्य करने का भी है। देश को बचाने के लिए गांव को बचाना होगा।



गुरुग्राम के कमला नेहरू पार्क में जनता सरकार मोर्चा के कार्यक्रम में मौजूद मोर्चा के पदाधिकारी।

मोहित तोमर ने कहा कि यह ज्ञान युद्ध है। यहां केवल जागृत लोग ही बच पाएंगे। जीतने के लिए आपको संघर्ष अपने स्वयं, अपने घर, रसोई, खेत, समाज के स्तर को ऊपर उठाने के लिए करना होगा। कुलदीप डबास ने कहा कि लोकतंत्र में जनता ही असली सरकार होती है। अधिकारियों का असली दायित्व है जनता के अधिकारों की रक्षा करना। कोरोना की आड़ में अधिकारियों ने जनता के मौलिक अधिकारों का हनन होने पर जेएसएम ने ही विरोध किया था।

भविष्य की योजनाओं पर योगेश अरोड़ा ने कहा कि आने वाले समय में मोर्चे के साथी अपने सभी सदस्यों के लिए सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक स्वावलंबन, ग्राम उद्योग, शिक्षा सुधार, चिकित्सा सुधार, न्याय व्यवस्था में समाज की भागीदारी सुनिश्चित करेंगें। इस अवसर पर प्रदीप कटारिया, नरेंद्र सिंह, डा. राजा राम सैनी, भाग सिंह, विवेक भांभू वी समेत काफी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सेक्टर-37 में बनेगा 66केवी सब-स्टेशन, मंत्री ने दी अनुमति



दीपक मैनी।

**गुरुग्राम।** फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के प्रयासों से सेक्टर-37 औद्योगिक क्षेत्र में नया 66 केवी सब-स्टेशन बनाया जाएगा। बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने इसकी अनुमति दे दी है। फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के प्रदेश महासचिव दीपक मैनी ने बताया कि इस पर जल्द ही काम शुरू किया जाएगा। फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री इस सब-स्टेशन की मांग पिछले 1.5 वर्ष से लगातार उठा रही थी। दो महीने पहले फेडरेशन के एक कार्यक्रम में बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने जल्द ही इस सब-स्टेशन के कार्य को शुरू करने की बात कही थी। अब बिजली विभाग की तरफ से इसके बारे में फेडरेशन को एक लेटर भी भेजा गया है, जिसमें इस सब-स्टेशन के कार्यों की पूरी जानकारी है। फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के प्रदेश महासचिव दीपक मैनी ने कहा कि फेडरेशन माननीय बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करती है। जल्द ही फेडरेशन के सदस्य मंत्री से मिलकर उनका धन्यवाद करेंगे। यह सब-स्टेशन बनने के बाद बिजली आपूर्ति के मामले में सेक्टर-37 के उद्योगों को बहुत बड़ी राहत मिलेगी। 24 घण्टे उद्योगों की निर्बाध बिजली की आपूति होने से जरनेटर उपयोग करने की जरूरत नही होगी। साथ ही प्रदूषण का स्तर भी घटेगा।

### आयुष्मान व अंत्योदय योजना का सभी को मिलेगा लाभ

**सोहना।** स्थानीय नागरिक अस्पातल में प्रदेश सरकार की आयुष्मान और अंत्योदय योजना को अमलीजामा पहनाना शुरू कर दिया है। योजना के तहत उम्र के अनुसार आयुष्मान श्रेणी में आने वाले नागरिकों का उम्र के अनुसार उपचार होगा। जिसको छह श्रेणियों में नागरिकों को रखा गया है। अंत्योदय और आयुष्मान श्रेणी में आने वाले नागरिक का उपचार के क्षेत्र में लाभ देने का कार्य शुरु कर दिया है। इसका लाभ अधिक से अधिक नागरिकों को मिल सके। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा सर्वे भी किया जा रहा है। सर्वे में नागरिकों को 6 अलग-अलग श्रेणी में रखा है। 0 से 6 माह, 6 माह से 5 वर्ष, 5 से 18 वर्ष, 18 से 40 वर्ष और 40 से 60 वर्ष की उम्र प्राप्त नागरिकों को उपचार सुविधा की श्रेणी सर्वे के बाद रखा जाएगा। जिनका उपचार के साथ-साथ रोग की जांच वाले सभी प्रकार के टेस्ट फ्री होंगे। स्वास्थ्य विभाग के एसएमओ दशरथ राव ने कहा कि नागरिक अस्पताल में आयुष्मान श्रेणी में आने वाले रोगियों की जांच के लिए डॉक्टरों की अलग से टीम स्थापित की है। जिनके लिए विषेश जांच रुम बनाया है। जिससे आयुष्मान श्रेणी में आने वाले नागरिक को लाइन में अधिक समय तक खड़ा न रहना होगा। नागरिक अस्पातल क्षेत्र में 15 हजार नागरिक आयुष्मान कार्ड धारक है। जिनकी उम्र जांच को लेकर सर्वे का कार्य शुरु कर दिया है। प्रदेश सरकार के आदेशानुसार इस श्रेणी में आने वाले नागरिकों के रोग का उपचार समय पर और अच्छी देखरेख में किया जाएगा।

# निर्माण गतिविधियों के लिए मॉडल कोड तैयार करे नारेडको : पी. राघवेन्द्र









एक होटल में नारेडको हरियाणा रियल एस्टेट समिट 2022 और बायर-सेलर इंटरफेस कार्यक्रम में बोलते हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ( एचएसपीसीबी ) के चेयरमैन पी. राघवेंद्र राव।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## नारेडको हरियाणा रियल एस्टेट समिट-2022 और बायर-सेलर इंटरफेस कार्यक्रम में कही यह बात

**हरियाणा** राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचएसपीसीबी) के चेयरमैन पी. राघवेंद्र राव ने नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (एनएआरईडीसीओ) से प्रदूषण नियंत्रण के लिए मानदंड तय करने के लिए एक मॉडल कोड लाने का आग्रह किया, ताकि व्यवहार्य औद्योगिक गतिविधियां हो सकें, जो सरकार द्वारा प्रतिबंधित नहीं हों। इससे पूरे सेक्टर का विकास तेज हो सकेगा और पूरा काम तय नियमों के तहत प्रभावी तरीके से किया जा सकेगा।

यहां एक होटल में नारेडको हरियाणा रियल एस्टेट समिट 2022 और बायर-सेलर इंटरफेस कार्यक्रम में पी. राघवेंद्र राव ने कहा कि सुझाए गए मॉडल कोड को अनुसंधान से संबंधित संस्थानों द्वारा मान्य किया जाना चाहिए ताकि उनकी वैधता पर सवाल न उठाया जाए। श्री राव ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए आदर्श संहिता (कोड ऑफ कंडक्ट) का विवरण भी डेटा द्वारा समर्थित और मान्य होना चाहिए, ताकि आचार संहिता में सुझाए गए मापदंडों पर बिना किसी अड़चन के विचार किया जा सके।

उन्होंने उद्योग और नारेडको को सलाह दी कि वे अपने सदस्यों और सभी पहलुओं को दोहरी ईंधन सेटों जैसे गैस सेट और जनरेटर सेट के उपयोग को अपनाने के लिए प्रेरित करें, ताकि निर्माण गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा सके। जिसमें गैस आधारित सेट का योगदान 60 प्रतिशत से कम न हो। जनरेटर सेट हो सकते हैं। साथ ही 40 प्रतिशत के अनुपात के लिए निर्माण गतिविधियों के लिए उपयोग किया जाता है।

एचएसपीसीबी के चेयरमैन ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण उपायों का उद्देश्य प्रदूषित जल के पुन: उपयोग और रीसाइक्लिंग को कम करना होना चाहिए। यहां तक कि नालों में जाने वाले पानी का भी ट्रीटमेंट किया जाना चाहिए। श्री राव ने यह भी बताया कि सरकार निर्माण और विध्वंस गतिविधियों पर अनावश्यक प्रतिबंध नहीं लगाती है, लेकिन जब स्वास्थ्य कारणों की बात आती है तो कड़े उपायों की आवश्यकता होती है।

श्रीराव ने इंडस्ट्री सेक्टर से यह कहते हुए आग्रह किया कि प्रदूषण का मुकाबला करने के लिए सरकार गर्मियों और सर्दियों के दौरान जो भी कदम उठाती है, वह सही भावना के साथ होती है। इसकी जांच नहीं की जानी चाहिए। क्योंकि सरकार के फैसले अच्छी तरह से विचार-विमर्श के बाद सामने आते हैं। नारेडको के चेयरमैन प्रवीण जैन ने सरकार को आश्वासन दिया कि सरकार द्वारा नारेडको से प्रदूषण कम करने के उपाय सुझाने के लिए जो कुछ भी मांगा जाएगा, उसे संगठन द्वारा एकत्र कर भेजा जाएगा।

# आम, गरीब आदमी को स्वास्थ्य लाभ पहुंचा रही हैं संस्थाएं : सुधीर सिंगला

**गुरुग्राम।** सबका सहयोग चैरिटेबल क्लीनिक की मंगलवार को गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर क्लीनिक के डॉ. विवेक चुग संस्थापक व आलोक अरोरा अध्यक्ष, नितिन वाधवा उपाध्यक्ष, सचिव दीपक ठक्कर, कोषाध्यक्ष अमित खन्ना मौजूद रहे।

क्लीनिक के शुभारंभ के बाद उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि आम, गरीब आदमी के स्वास्थ्य के लिए समाजसेवी संस्थाओं की ओर से चलाए जाने वाले चैरिटेबल अस्पताल, क्लीनिक गुरुग्राम में सेवाएं दे रहे हैं। इनमें हजारों लोग स्वास्थ्य लाभ लेते हैं। उन्होंने शहर की संस्थाओं का इस बात के लिए आभार भी जताया। विधायक ने कहा कि सबका सहयोग चैरिटेबल क्लीनिक भी लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दे, ताकि यहां अधिक से अधिक लोग उपचार कराने आएं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए प्रदेश सरकार लगातार प्रयासरत है। गुरुग्राम के हिसाब से यहां पर नागरिक अस्पताल का विस्तार किया जा रहा है। आने वाले समय में यहां पर पुराने नागरिक अस्पताल की नई भव्य इमारत खड़ी होगी। इस अस्पताल को अब 400



सबका सहयोग चैरिटेबल क्लीनिक के शुभारंभ पर विधायक सुधीर सिंगला को स्मृति चिन्ह देते आयोजक।

बेड का बनाया जाएगा। इमारत को तोड़े जाने का काम अंतिम चरण में हैं। इसके बाद निर्माण की प्रक्रिया शुरू होगी। इसी तरह से सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल का भी विस्तार किया जा रहा है। अस्पताल की इमारत के ठीक पीछे नई इमारत बना दी गई है। अब उसके अंदर-बाहर निर्माण का काम किया जा रहा है। वह इमारत भी जल्द ही अस्पताल को सौंप दी जाएगी। इस तरह से गुरुग्राम शहरी क्षेत्र में दो बड़े अस्पताल हो जाएंगे, जहां पर दोनों क्षेत्रों के लोग अपने घर से दूरी के हिसाब से आकर उपचार करा पाएंगे। कार्यक्रम में विकास मदान दीपा गांधी, गौरव सरदाना कार्यकारणी सदस्य, राजेंद्र सिरोहा नरेंद्र दुआ, यशपाल पुलानी, सचिन टूटेजा, चन्द्र प्रकाश थरेजा, अंजलि, नीरू अरोरा, मंजुल आहूजा, लाजपत बघेल, दक्ष आहूजा, संजय गुलाटी, अदेश आदि मौजूद रहे।

# तीन दिसंबर को शपथ लेंगे पंचायती राज संस्थाओं के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि

प्रवीण शर्मा। गुरुग्राम

## पंच-सरपंच संबंधित गांव, खंड समिति सदस्य ब्लॉक मुख्यालय और जिप पार्षद जिला मुख्यालय पर लेंगे शपथ

**पंचायती** राज संस्थाओं के नवनिर्वाचित जन प्रतिनिधियों को शनिवार तीन दिसंबर को शपथ दिलवाई जाएगी। पंच-सरपंच को संबंधित गांव के ग्राम सचिवालय/स्कूल या फिर अन्य सार्वजनिक स्थल पर शपथ दिलवाई जाएगी। खंड समिति सदस्यों को संबंधित ब्लॉक मुख्यालय और जिला परिषद सदस्यों के लिए जिला मुख्यालय पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन होगा।

डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह तीन दिसंबर को सुबह दस बजे से शुरू होगा। इसके लिए ग्रामवार और ब्लॉकवार अधिकारी नियुक्त किए जा रहे हैं। जिला परिषद के सदस्यों को वे स्वयं गुरुग्राम मुख्यालय पर पद व गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। वहीं संबंधित एसडीएम अपने-अपने खंड में प्रभारी अधिकारी होंगे जबकि फरूखनगर ब्लॉक में अतिरिक्त श्रम आयुक्त कुशल कटारिया प्रभारी अधिकारी होंगे। संबंधित बीडीपीओ अपने-अपने ब्लॉक में शपथ ग्रहण कार्यक्रमों की पूरी व्यवस्था करेंगे। डीसी ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह को प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल और पंचायती राज विभाग के मंत्री देवेंद्र बबली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करेंगे।

उन्होंने कहा कि पंचायती राज सस्थाओं के लिए नव-निर्वाचित सभी पंच, सरपंच, खंड समिति सदस्य और जिला पार्षदों को शपथ दिलाई जाएगी। सभी नव-निर्वाचित जन-प्रतिनिधियों को पंचायती राज विभाग द्वारा शपथ कार्यक्रम के बारे में सूचित किया जाएगा।

# महाराष्ट्र में हंसराज गंगाराम अहीर एक बड़ा नाम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## ओबीसी आयोग के अध्यक्ष बने हंसराज अहीर का सुंदरलाल ने किया स्वागत

**भारतीय** जनता पार्टी के ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री हंसराज अहीर को ओबीसी आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। इस खुशी में सरपंच एसोसिएशन गुरुग्राम के अध्यक्ष सुंदर लाल ने महेश चौहान बोहड़ाकलां, प्रवीन यादव मानेसर, दयाराम चेयरमैन, दमन यादव नखड़ौला, दारा सिंह रामपुरा के साथ उनका स्वागत किया और बधाई दी। सुंदर लाल यादव ने बताया कि महाराष्ट्र की राजनीति में हंसराज गंगाराम अहीर एक बड़ा नाम है। वे अपने प्रशंसकों के बीच हंसराज भैया के नाम से जाने जाते हैं। वे 2016 से 2019 तक केंद्रीय गृह राज्य मंत्री रहे। गंगाराम महाराष्ट्र के चंद्रपुर से 4 बार बीजेपी से सांसद रहे हैं। पार्टी में उनका विशेष स्थान है। उन्हें भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर रहते हुए अब ओबीसी आयोग के अध्यक्ष की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह दायित्व देकर शीर्ष नेतृत्व ने ओबीसी वर्ग का सम्मान बढ़ाया है। सुंदर लाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में हर वर्ग को सम्मान दिया जाता है। पार्टी के लिए मजबूती से काम करने वाले नेताओं, कार्यकर्ताओं को पार्टी, सरकार की ओर से पूरा सम्मान मिलता है। यादव समाज से निकले नेता हंसराज अहीर ने हर मंच से बिरादरी का मस्तक ऊंचा किया है। उनकी बेहतर कार्यशैली के चलते उन्हें इस पद पर नियुक्ति मिली है।

**कोयला ब्लॉक आवंटन घोटाला उठाते रहे :** हंसराज अहीर वर्ष 2004 से 2006 तक यूपीए सरकार में कोयला ब्लॉक आवंटन घोटाले को लगातार उठाते रहे। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री, चीफ विजिलेंस कमिश्नर (सीवीसी) और सीएजी को लगातार पत्र लिखे। उनकी कोशिशों का ही यह नतीजा निकला कि कोयला ब्लॉक आवंटन घोटाला सामने आ सके। उस समय हंसराज अहीर कोयल, स्टील और खानों पर संसद की स्थायी समिति के सदस्य थे। तभी उन्होंने घोटाले की



ओबीसी आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष हंसराज अहीर का स्वागत करते सरपंच सुंदर लाल व उनके साथी।

भनक लगी। वर्ष 2006 में उन्होंने इस बाबत पहला पत्र लिखा और इतने बड़े घोटाले को उजागर करके भ्रष्टाचार पर चोट करने का काम किया।

# जाह्नवी कपूर का पसंदीदा सिग्नेचर मेकअप किट अब उपलब्ध!

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

## ‘नायका कॉस्मेटिक’ ने पहली बार जाह्नवी कपूर के तीन लिमिटेड एडिशन ब्यूटी किट-हैंडबैग हीरोज, लिप वार्डरोब और ग्लैम स्क्वाड को बिक्री के लिए उतारा!

**इस** सीजन में एक फिल्मी सितारे की तरह खूबसूरत दिखने के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि, जाह्नवी कपूर और नायका कॉस्मेटिक्स आपके साथ हैं। अपने अल्ट्रा-ग्लैम मेकअप लुक्स के लिए पहचानी जाने वाली ब्यूटी आइकॉन जाह्नवी ने पहली बार अपने तीन लिमिटेड एडिशन मेकअप किट को आपके लिए साथ रखा है। इस किट में उनके सभी पसंदीदा ‘नायका कॉस्मेटिक्स’ उपलब्ध हैं।

ये किट को जाह्नवी के मेकअप लुक से महिलाओं को प्रेरित करने के लिए खासतौर पर डिजाइन किया गया है। ये किट शादी और पार्टी के लिए खासतौर पर डिजाइन की गई। इसे नायका की पिंक फ्राइडे सेल में खास रूप से पेश किया गया है। इसलिए अपने आपको इस पार्टी सीजन के लिए इन तीन किट से तैयार रखें, क्योंकि, इन विशेष किट में नायका के कुछ सबसे खास प्रोडक्ट मौजूद हैं, जो होंठ और आंखों के लिए जाह्नवी के पसंदीदा हैं। जैसे ब्लैक मैजिक लिक्विड आईलाइनर, सो क्रीम लिपस्टिक, लैश टॉक वॉल्यूमाइजिंग मस्कारा और 4-इन-1 स्क्वाड आई शैडो पैलेट। छुट्टियों का मौसम हो या शादियों का उत्सव, ये किट्स हर समय के लिए आपका सबसे अलग लुक देने में अव्वल रहेंगे। नायका की ब्रांड एम्बेसडर जाह्नवी कपूर ने अपनी इन तीन सिग्नेचर किट के बारे में बात करते हुए कहा कि नायका के साथ उनकी फैशन यात्रा बेहद रोमांचक यात्रा रही है। मैं नायका कॉस्मेटिक्स के लिए अपनी लिमिटेड एडिशन किट लॉन्च करने के लिए बहुत रोमांचित हूं। मैंने ऐसे प्रोडक्ट चुने हैं, जो मेरे सबसे पसंदीदा हैं। ये शादी से लेकर पार्टियों तक और काम से लेकर हर अवसर पर मेरे मेकअप लुक में मेरी मदद करते हैं। मैंने अपनी किट के लिए लिपस्टिक के जो रंग चुने हैं, उनमें सभी जरुरी रंग है। चाहे वह न्यूड, रेड हो या पिंक। वाइन एंड डाइन आईशैडो पैलेट में वे सभी शेड्स हैं जिनकी आंखों के कम्प्लीट मेकओवर के लिए जरूरत होती है। जहां तक आईलाइनर की बात है, तो मैं पिग्मेंटेशन और उस वेंड की बहुत बड़ी प्रशंसक हूं, जो मुझे परफेक्ट ब्लैक विंग का अहसास देती है।



नायका ब्रांड के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट विशाल गुप्ता कहते हैं कि जाह्नवी कपूर फिल्मों में अपने ग्लैमरस लुक के लिए जानी जाती हैं। यही कारण है कि वे फैशन कंज्यूमर को प्रेरित भी करती रही हैं। उनके साथ जुड़ने का इससे बेहतर तरीका क्या हो सकता है कि उन्हें कुछ ऐसा करने का अवसर दिया जाए, जिसे उन्होंने व्यक्तिगत रूप से इजाद किया हो। इन लिमिटेड एडिशन किटों के साथ, हम जाह्नवी के चयन को सभी के लिए सुलभ बना देंगे, जो उनसे प्रेरणा लेकर अपने लुक को दिलकश बनाना चाहते हैं। नायका कॉस्मेटिक एड़ जान्हवी कपूर लिमिटेड एडिशन किट नायका की पिंक फ्राइडे सेल में नायका.कॉम और ऐप पर उपलब्ध है।

# नप ने दी तीन करोड़ रुपये के विकास कार्यों को हरी झंडी

## नगर परिषद ने 21 वार्डों में तीन करोड़ रुपये के विकास कार्य कराने की दी हरी झंडी

## नगर में पिछले करीब छह माह से परिषद क्षेत्र में विकास कार्य हो गए थे ठप

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद प्रशासन ने तीन करोड़ रुपये के विकास कार्यों को हरीझंडी प्रदान कर दी है। तीन करोड़ की राशि से अलग-अलग वार्ड में कच्ची नालियों को पक्का करना, चौपाल निर्माण, सामुदायिक भवन आदि विकास के कार्य कराए जाएंगे।

नगर परिषद प्रशासन ने विकास कार्यों की गति की शुरुआत कर दी है। हाल ही में परिषद प्रशासन ने सभी 21 वार्ड में करीब 3 करोड़ रुपये के विकाय कार्य कराने की हरी झंडी दे दी है। वहीं ठेकेदारों को जल्द से जल्द दिए गए विकास कार्यों का निर्माण पूरा करने के निर्देश भी जारी किए है। जल्द ही नगर परिषद सदन की बैठक बुलाई जाएगी। जिसमें विकास के कार्यों को सदन की मंजूरी के बाद ठेके छोड़े जाएंगे। पिछले करीब छह माह से परिषद क्षेत्र में विकास कार्य ठप हो गए थे। जिनका कारण अधिकारियों का तबादले हो जाना रहा। लेकिन नवनियुक्त एक्सएइन विक्की सिंह ने बीच में रुके कार्यों का निर्माण शुरू करने की अनुमति उच्चाधिकारियों की मंजूरी के बाद दे दी है।

> “ **जरूरत** के अनुसार विकास कार्यों के समय पर पूरे कराएं जाएंगे। ठेकेदारों को निर्माण सामग्री में कोताही न बरतने के लिए सख्त निर्देश जारी किए गए है। निर्माण सामग्री की समय-समय पर जांच की जाती रहेगी।
>
> **विक्की सिंह**
> **( एक्सईएन नप )**

**कौन-कौने से होंगे विकास कार्य :** नगर परिषद द्वारा हाल ही में छोड़े गए ठेकों में सामुदायिक भवन, चौपाल, कच्चे रास्तों मे कंक्रीट की फर्श, बिना सीवर व पानी लाइन वाले रास्तों में ईंट की फ र्श, टूटी नालियों की मरम्मत, राजकीय स्कूल में निर्माण कार्य (कमरों की मरम्मत, चार दीवारी की मरम्मत, शौचालय का निर्माण आदि कार्य) इसके अलावा अन्य सरकारी विभाग के भवन परिसर में निर्माण कार्य शामिल है।

# मैं कुछ वर्षों से रेरा अधिनियम में कमियों को उठा रहा हूं : खंडेलवाल

## हरेरा चेयरमैन ने उद्योग जगत से रेरा में बदलाव की मांग की

## रियल एस्टेट उद्योग के दिग्गज, नीति निर्माता और वरिष्ठ अफसरों ने मंथन किया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**नारेडको** हरियाणा रियल एस्टेट समिट 2022 और बायर-सेलर इंटरफेस में रियल एस्टेट उद्योग के दिग्गजों, नीति निर्माताओं और वरिष्ठ अधिकारियों ने एक ही मंच पर आकर मंथन किया। समिट का आयोजन नारेडको द्वारा किया गया था। यह एक शीर्ष रियल एस्टेट निकाय है, जो आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के तहत कार्यरत है।

अपने संबोधन में हरियाणा एस्टेट नियामक प्राधिकरण (हरियाणा एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी-हरेरा) के चेयरमैन केके खंडेलवाल ने कहा कि वर्तमान रेरा अधिनियम में कुछ खामियां हैं। इन कमियों को दूर करने के बारे में बिना किसी निरंतरता के अलग-अलग तरीके से बात की गई है।



गुरुग्राम के एक होटल में नारेडको हरियाणा रियल एस्टेट समिट 2022 और बायर-सेलर इंटरफेस कार्यक्रम में बोलते हरेरा चेयरमैन केके खंडेलवाल।

श्रीखंडेलवाल ने कहा कि मैं पिछले कुछ वर्षों से रेरा अधिनियम में कमियों के मुद्दे को उठा रहा हूं, ताकि इंडस्ट्री को विभिन्न इंटरफेस के दौरान आवश्यक सुधारों के लिए प्रेरित किया जा सके। क्योंकि इंडस्ट्री लीडर्स ने नीति निर्माताओं के साथ इस मुद्दे का पालन नहीं किया। यही कारण है कि अधिनियम में अभी तक कोई बदलाव नहीं किया गया है।

उन्होंने इस समिट के दौरान इंडस्ट्री लीडर्स से कहा कि वे नारेडको के बैनर तले सरकार के सही नीति निर्माताओं में अपना प्रभाव डालें, ताकि रेरा में आवश्यक परिवर्तन प्रभावी हों और खरीदारों और विक्रेताओं दोनों को इससे कोई समस्या न हो। डेवलपर्स के प्रश्नों का जवाब देते हुए केके खंडेलवाल ने रियल एस्टेट डेवलपर्स और बिल्डरों को रियल एस्टेट अधिनियम में संशोधन और अप-ग्रेडेशन की मांग करने के लिए यूनिसॉम में एक साथ आने का आह्वान किया, ताकि सभी कमियों को दूर किया जा सके। इसमें यदि कोई सुधार किया जाता है और किफायती आवास सहित आवास के इंडस्ट्री लीडर्स और खरीदारों दोनों को काफी अधिक लाभ होगा।

श्रीखंडेलवाल ने कहा कि नारेडको को एक एक्सपर्ट और कोर समूह बनाना चाहिए और काफी गहनता से मौजूदा अधिनियम का अध्ययन करना चाहिए। यह पता लगाना चाहिए कि कानून में क्या सही है और क्या गलत है। सरकार की सहमति के लिए अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करें, ताकि सुधारात्मक बड़ी पहल की जा सके। अधिनियम सभी अंशधारकों की संतुष्टि कर सके। इसके साथ ही इसको और भी बेहतर तौर पर अपग्रेड किया जा सकेगा।

नारेडको चेयरमैन प्रवीण जैन ने कहा कि हमारा लक्ष्य मौजूदा नीतियों की प्रभावशीलता को अधिकतम करना है। हरियाणा रियल एस्टेट समिट 2022 हमें राज्य की परियोजनाओं और कार्यक्रमों की जांच करने और रियल एस्टेट और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में अपनाई गई विभिन्न नीतियों के संभावित प्रभाव का आकलन करने के लिए एक मंच प्रदान करता है।

# नूंह-अलवर फोरलेन निर्माण कार्य अगले साल होगा शुरू

## दुष्यंत चौटाला ने 9 दिसंबर को भिवानी में होने वाली रैली के लिए मेवातियों को दिया न्योता

## अब नहीं रहेगा राशन कार्ड का कोई रंग

पायनियर समाचार सेवा। मेवात





**हरियाणा** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने प्रदेश में चार रंग के राशन कार्डों को लेकर बड़ा बयान दिया है। अनाज मंडी नूंह में बुधवार को आयोजित कार्यकर्ता मीटिंग में डिप्टी सीएम ने कहा कि एक महीने बाद प्रदेश के लोगों को राशन कार्ड के नाम पर रंगों में नहीं बंटना पड़ेगा। सरकार ऐसी स्कीम लेकर आ रही है कि सिर्फ आधार कार्ड तथा परिवार पहचान पत्र लेकर जाने पर ही अब राशन इत्यादि सरकारी राशन की दुकान पर आसानी से मिल पाएगा।

उन्होंने कहा कि पहले प्रदेश में गुलाबी, पीला, खाकी तथा हरे रंग का राशन कार्ड लोगों को दिया हुआ था। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 2011 की जनगणना के अनुसार इन राशन कार्डों का वितरण आमजन को किया हुआ था, लेकिन अब सरकार बड़ा बदलाव करने जा रही है। चार रंग का राशन कार्ड अब लोगों के लिए परेशानी नहीं बनेगा। उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने भिवानी में 9 दिसंबर को आयोजित होने वाले जननायक जनता पार्टी के पांचवें स्थापना दिवस पर आयोजित होने जा रही विशाल रैली के लिए अनाज मंडी नूंह में लोगों को आने का निमंत्रण दिया।

उपमुख्यमंत्री ने जननायक जनता पार्टी का नूंह जिले में जिला प्रमुख बनाने पर कहा कि जो कार्यकर्ता ज्यादा से ज्यादा भीड़ भिवानी रैली में जुटाकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएगा। उसका राजनीति में कद बढ़ाया जाएगा। इसके लिए अभी तकरीबन 1 वर्ष इलाके के लोगों को इंतजार करना पड़ेगा। रेल की मांग को लेकर डिप्टी सीएम ने एक शब्द तक नहीं कहा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि जननायक जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर किसी दूसरे दल या किसी दूसरे प्रदेश के नेता को नहीं बुलाया जाएगा।

भिवानी में आगामी 9 दिसंबर को आयोजित होने वाली रैली में सिर्फ जननायक जनता पार्टी के नेता व कार्यकर्ता रहेंगे। अगले साल भाजपा तथा जजपा मिलकर एक विशाल रैली करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता पार्टी का पौधा पांच साल पहले लगाया था, जो अब बड़ा वृक्ष बन चुका है। जननायक जनता पार्टी ने अपने पहले ही चुनाव में दस विधायक ही नहीं बनाए बल्कि प्रदेश में 18 प्रतिशत वोट भी हासिल किए। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि अब प्रदेश के लोगों का प्यार व सहयोग जननायक जनता पार्टी को लगातार मिल रहा है। आने वाले समय में जननायक जनता पार्टी के बहुत से उम्मीदवार जीत दर्ज करेंगे। कुल मिलाकर भिवानी रैली को कामयाब बनाने के लिए जननायक जनता पार्टी के नेताओं ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।

डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला को जननायक जनता पार्टी के नेताओं ने भरोसा दिलाया कि उनकी पार्टी के साथ बड़े पैमाने पर जिला पार्षद, ब्लॉक समिति सदस्य, सरपंच इत्यादि जुड़ रहे हैं और उनका संगठन मजबूत हो रहा है। कुल मिलाकर जननायक जनता पार्टी ने जिले में जिला प्रमुख बनाने के लिए नेताओं को कसौटी पर उतारने का फैसला कर लिया है। पहले रैली में भीड़ जुटाओ, उसके बाद अपना नाम जिला प्रमुख की रेस में आगे बढ़ाओ। इसके अलावा जिस तरह दोनों पार्टियां मिलकर अगले साल विशाल रैली करने की बात कह रही हैं। उससे साफ है कि हरियाणा की राजनीति में भविष्य में भी भाजपा-जजपा का गठबंधन बरकरार रह सकता है। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला पहली बार मेवात के दौरे पर आए थे, इसलिए उनके दौरे से इलाके के लोगों को बहुत सारी उम्मीदें थी। लेकिन उन्होंने पूरा फोकस भिवानी रैली में भीड़ जुटाने पर रखा और स्थानीय नेताओं-कार्यकर्ताओं को भरोसा व यकीन दिलाया कि पहले रैली को हिट करो, उसके बाद नेताओं-कार्यकर्ताओं की लाटरी लगेगी।

इस मौके पर जेजेपी प्रवक्ता राहुल जैन ने बताया कि उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की जनसभा में पूर्व चेयरमैन इसराइल बिलौंड, पूर्व प्रधान सिराजुद्दीन सिराज, गणेश दास अरोड़ा, मुनफेद खान, समसुद्दीन गूमल, अल्पसंख्यक प्रधान आरिफ खान, अब्दुल हमीद, न्याजू वीरशिका, सुखबीर गुर्जर, सीएम विंडो मेंबर परशुराम शर्मा, साहिद हुसैन, एजाज खान, रौमी जैन, मुनफैद खान, अकबर लहरवाडी, डॉक्टर जावेद जोगीपुर, नियाजू वीरशिका, बृजपाल सगेंल, एडवोकेट साजिद खान, साहिर हुसैन, उमेश कसाना, अज्जू, आफताब खान, उमर, ऑफिस सैक्ट्ररी सलमान खान, तौफीक लुहिंगा, मौसम अली हिंगनपुर, भीम सेन पिंनगवा, डॉक्टर शब्बीर, वली मोहम्मद, आशिक इलाही, एडवोकेट हारून घासेडिया, आमीन खान, राजकुमार, संजय, बबलू, कमरुद्दीन, हनीद, इकबाल, हाफिज जाहिद, असगर, अब्दुल गफ्फार, उमर, सहित जिला नूंह की तीनों विधानसभा नूंह, पुन्हाना व फिरोजपुर झिरका के सभी वरिष्ठ नेता गण, पदाधिकारी व सक्रिय कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

### मुंबई एक्सप्रेस वे के तुरंत बाद दिल्ली-अलवर राष्ट्रीय राजमार्ग बनेगा

**उपमुख्यमंत्री** चौटाला ने कहा कि राजस्थान सीमा तक राष्ट्रीय राजमार्ग 248ए को चार मार्गीय बनाने की बात है तो जैसे ही देश के मेगा प्रोजेक्ट दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे का उद्घाटन होगा, उसके तुरंत बाद दिल्ली अलवर राष्ट्रीय राजमार्ग पर काम शुरू करा दिया जाएगा।

### विवि निर्माण के लिए बजट पास, जल्द बनेगा

**नूंह** जिले की दशकों से चली आ रही विश्वविद्यालय, रेल तथा दिल्ली अलवर राष्ट्रीय राजमार्ग को चार लाइन बनाने की मांग पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय बनाने के लिए हरियाणा सरकार ने बजट में पहले ही प्रावधान किया हुआ है। जल्दी ही इलाके के लोगों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय बनाया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### खोखों में लगी आग, लाखों का हुआ नुकसान

**मेवात।** नगीना-पुनहाना मार्ग पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पिनगवां की दीवार के साथ लगे फल, चूड़ी, बिसारती इत्यादि के सामान के खोखा में बीती रात अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने के कारण तकरीबन आधा दर्जन लकड़ी के खोखा भरे सामान के साथ राख हो गए। रात्रि के समय जब लकड़ी के खोखों में धुआं व आग का गुबार पुलिस कर्मचारियों ने देखा तो उन्होंने दमकल विभाग को इसकी सूचना दी। जब तक दमकल विभाग के कर्मचारी आते और सुबह तक लोग गहरी नींद से जगते तब तक सारा सामान जलकर राख हो चुका था। सामान राख होने की वजह से इन गरीब दुकानदारों को तकरीबन तीन लाख रुपये से अधिक का नुकसान बताया जा रहा है। आधा दर्जन दुकानदार लकड़ी के खोखों में पिछले कई दशक से फल, चूड़ी इत्यादि सामान बेचकर अपने परिवार का गुजारा करते थे। आपको बता दें कि चंद दिन पहले ही इन खोखों में डंपर ने टक्कर मार दी थी। जिसकी वजह से कई लकड़ी के खोखा पूरी तरह से टूट गए थे। जैसे-तैसे इन गरीब लोगों ने इन खोखों को दोबारा खड़ा किया। लेकिन फिर से आग की चपेट में आ गए। अभी तक भी डंपर से टूटा एक बिजली का पोल खड़ा नहीं किया गया था। गरीब टूटे खंबे को खड़ा करने के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों से बार-बार गुहार लगा रहे थे। लेकिन उससे पहले ही आग ने उनका सब कुछ खत्म कर दिया। अब आग लगी या फिर लगाई गई इसकी जांच करने की जरूरत है। गरीब परिवारों ने आग से हुए नुकसान की भरपाई की शासन और प्रशासन से गुहार लगाई है।

### श्रीमद् भागवत कथा: तीसरे दिन सुनाया भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



**फिरोजपुर झिरका।** वार्ड 12 स्थित चोपड़ा बाजार में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन दोपहर 12.00 बजे भगवान श्रीकृष्ण जन्म का चित्रण सुनाया गया। भगवान श्रीकृष्ण जन्म कथा का वाचन कथावाचक गौरव कृष्ण द्वारा किया गया। धर्म प्रेमियों को बताया कि द्वापर युग में मथुरा के राजा कंस का काफी आतंक फैला हुआ था। चारों तरफ मथुरा नगरी में उसके द्वारा फैल रहे अधर्म से लोग काफी परेशान थे। एक बार राजा कंस अपनी बहन देवकी का विवाह वसुदेव के साथ किया। जब उन्हें अपने रथ पर बैठा कर विदा करने जा रहे थे। अचानक रास्ते में बड़ी जोर से आकाशवाणी हुई और कहा की देवकी की आठवीं संतान तुम्हारे मृत्यु का कारण बनेगी। इतना सुनते ही राजा कंस ने अपनी बहन देवकी और बहनोई वसुदेव को मथुरा के कारागार में डाल दिया और बारी बारी से उसकी सारी संतान को मार डाला। वासुदेव अपने पुत्र को गोकुल गांव के मुखिया नंदराय के घर छोड़ आए। जिनका पालन पोषण उनकी धर्मपत्नी यशोदा ने किया। ग्राम वासियों ने नंद बाबा और यशोदा को खूब बधाइयां दी। इस मौके पर अशोक खंडेलवाल, अंकुर खंडेलवाल, मोनू भगतजी, ओम प्रकाश गोयल, शशि खंडेलवाल, नेमचंद खंडेलवाल, निखिल गर्ग,शंकर पंडित, छगन शर्मा, रिंकू, रेणु, लज्जारानी सहित काफी संख्या में धर्म प्रेमी महिलाएं व पुरुष उपस्थित रहे।

### एसडीएम की अपील पर दुकानदारों ने अतिक्रमण हटाया



**फिरोजपुर झिरका।** उपमंडल नागरिक अधिकारी फिरोजपुर झिरका के दिशा निर्देश पर अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत शहर के दुकानदारों ने स्वयं अतिक्रमण हटाया। आपको बताते चलें पिछले 10-15 दिन पहले ही उपमंडल नागरिक फिरोजपुर झिरका दीपक बाबूलाल कारवां ने शहर में फैल रहे अतिक्रमण व गंदगी तथा नाले नालियों की साफ-सफाई को लेकर 30 नवंबर बुधवार तक अल्टीमेट दे दिया था और लोगों से अपील भी की गई थी कि वह अपने दुकानों के आगे बने पक्के चबूतरे व सीढ़ियों को हटा लें नहीं तो कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा सकती है। इसी अपील को देखते हुए शहर के समस्त दुकानदार अपनी दुकानों के आगे बने पक्के चबूतरे व सीढ़ियों को हथौड़े व सब्बल तोड़ते नजर आए। इतना ही नहीं एसडीएम की अपील पर जिन दुकानदारों की दुकानों के आगे लकड़ी व लोहे के तख्त पर रखा खरीदारी के सामानों को भी लोगों ने अपनी दुकानों के अंदर रख दिया। महीने की 30 तारीख की छुट्‌टी होने के चलते नगर पालिका फिरोजपुर झिरका कनिष्ठ अभियंता विक्रांत ने समस्त नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों को शहर के मुख्य बाजारों में भेजकर शहर के गंदगी से अटे नाले नालियों को साफ कराया। शहर के जगह-जगह पर पसरा कूड़े करकट के ढेरो को जेसीबी से उठाकर शहर को साफ सुथरा बनाया। जब इस बात की खबर उपमंडल नागरिक अधिकारी फिरोजपुर झिरका दीपक बाबूलाल कारवां तक पहुंची तो उन्होंने शहर के लोगों की प्रशंसा की। शहर को सौंदर्यीकरण कराने के लिए धन्यवाद भी दिया।

### हत्या में आरोपियों को उम्रकैद व 70 हजार का लगाया जुर्माना

**मेवात।** नूंह पुलिस की दमदार एवं उत्कृष्ट पैरवी परिणाम स्वरूप न्यायालय सन्दीप गर्ग सत्र न्यायाधीश द्वारा तीनों आरोपियों को उम्रकैद की सजा व 70 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। जुर्माना न भरने पर तीनों आरोपियों को 02 वर्ष अतिरिक्त कारावास की सजा के अदालत ने किए आदेश पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला आईपीएस द्वारा जिला नूंह के सभी प्रबंधक थाना, चौकी इंचार्ज व अनुसंधानकर्ताओं को विशेष निर्देश दिए हैं कि जघन्य अपराध के तहत शिकायत का बिना किसी विलंब के शिकायत के आधार पर अभियोग अंकित करें। इससे नूंह पुलिस द्वारा की गई दमदार एवं उत्कृष्ट पैरवी पर वर्ष 2020 में सतबीर निवासी आल्दुका जिला नूंह की गोली मारकर हत्या करने व उसके भाई को चाकू मारकर घायल करने के मामले में आरोपी लोकेश पुत्र उदयराज, कुलदीप पुत्र कन्हैया लाल निवासियान आल्दुका जिला नूंह व रजनीश पुत्र होशियार निवासी गहलव जिला पलवल को सन्दीप गर्ग सत्र न्यायाधीश नूंह की अदालत ने 29 नवंबर 2022 को दोषी करार दिया।

# मां की प्रेरणा से बना कैनविन फाउंडेशन अब है गुरुग्राम की जरूरत

## माता अंगूरी देवी की चौथी पुण्यतिथि पर एक करेंगे आईसीयू एम्बुलेंस और ब्लड ऐप का लोकार्पण



कैनविन के संस्थापक डा. डीपी गोयल।

**गुरुग्राम।** कैनविन फाउंडेशन...। पांच सितारा अस्पतालों के शहर गुरुग्राम में आम आदमी के अच्छे और सस्ते उपचार का माध्यम बना है। भले ही बीमार मां अंगूरी देवी का जीवन ना बच पाया हो, लेकिन उनकी प्रेरणा ने ऐसा असर किया कि उनके बेटों डा. डीपी गोयल एवं नवीन गोयल ने गुरुग्राम के लोगों की सेहत की चिंता करते हुए कैनविन फाउंडेशन का गठन करके अब तक हजारों लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया है।

चार साल पूर्व 2 दिसम्बर 2019 को माताजी अंगूरी देवी का देहावसान हो गया था। अपनी बीमारी से लड़ते हुए, महंगे उपचार के चलते मां अंगूरी देवी जी ने ही अपने बेटों को प्रेरणा दी थी कि बीमारों का सस्ता इलाज हो, ऐसी कोई व्यवस्था होनी चाहिए। मां के निधन के बाद गोयल बंधुओं ने कैनविन फाउंडेशन के रूप में लोगों की सेहत सुधारने के लिए एक पौधा लगाया। गुरुग्राम में 86 से अधिक अस्पतालों, 44 से अधिक क्लीनिक और 16 से अधिक डायगनोस्टिक सेंटर तक पहुंच बनाने वाली यह संस्था (कैनविन फाउंडेशन) आज चार साल की हो गई है। गुरुग्राम में इसी साल एक जुलाई को कैनविन के संस्थापक डा. डीपी गोयल के जन्मदिन पर आरोग्य रथ शुरू किया गया। इसके माध्यम से लोगों को उनके दरवाजे तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा रही हैं। जन सेवा कार्य में एक कदम और बढ़ाते हुए स्वर्गीय माताजी की चौथी पुण्यतिथि पर एक आईसीयू एम्बुलेंस और ब्लड ऐप का लोकार्पण किया जाएगा।

**कैनविन एक एक सामाजिक-स्वास्थ्य संपर्क मंच :** डा. डीपी गोयल बताते हैं कि मां की प्रेरणा से ही एक ऐसा प्लेटफार्म बनाने का निर्णय लिया गया, जिसके माध्यम से बीमार, लाचार लोगों को अच्छी, सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा सकें। कैनविन फाउंडेशन आज ऑनलाइन, ऑफलाइन दोनों तरह से काम करता है।

**बेहतर स्वास्थ्य के लिए सेवा करना उद्देश्य :** कैनविन फाउंडेशन के सह-संस्थापक नवीन गोयल कहते हैं कि हमारा उद्देश्य बेहतर स्वास्थ्य के लिए सेवा करना है। चार साल के सफर में कैनविन फाउंडेशन ने गुरुग्राम में तीन पॉलीक्लिनिक स्थापित किए हैं। स्वास्थ्य सेवाओं को गति देने के लिए सेवा अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है, जिसका कैनविन आरोग्य धाम नाम होगा। यह अस्पताल अगले तीन महीने में शुरू हो जाएगा।

# बरसाती पुलिया का होगा स्थाई समाधान : दुष्यंत चौटाला

एन. रोहिल्ला। सोहना



बुधवार को सोहना में पत्रकार सतीश राघव के घर पर पहुंच उनकी बेटी को विवाह होने से दो दिन पहले अपना शुभाशीर्वाद देने पहुंचे प्रदेश उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला।



बुधवार को सोहना में पहुंचे प्रदेश उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला से शहरवासी बरसाती पुलिया से होने वाले नुकसान की शिकायत के स्थाई समाधान की मांग करते दुकानदार।

**प्रदेश** उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के समक्ष शहरवासियों ने बाजार के बीचों बीच बनी बरसाती पुलिया के निकट होने वाले जलभराव से दुकानदारों को नुकसान की शिकायत की। शिकायत में दुकानदारों ने बरसाती पुलिया से पानी की निकासी का स्थायी समाधान कराने की मांग की गई। उपमुख्यमंत्री ने शहरवासियों को जल्द ही समस्या का सामधान कराने का आश्वासन दिया है।

बुधवार को प्रदेश उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला पत्रकार सतीश राघव के घर पर पहुंचे। जहां उन्होने सतीश पत्रकार की बेटी नेहा राघव को शादी से पूर्व बधाई देने पहुंचे। नेह राघव का विवाह शुक्रवार को होना है। इस अवसर पर अन्य क्षेत्रीय नेता भी मौजूद थे। इससे पहले शहरवासियों ने बाजार में से निकलते समय दुष्यंत चौटाला को लिखित में बरसाती पुलिया से बरसात के दौरान पानी जमा से नुकसान की समस्या रखी। दुष्यंत चौटाला को बताया कि पुरानी सब्जी मंडी को जाने वाले रास्ता में बरसाती पुलिया से पानी जमा हो जाता है। जिससे मार्ग पर भारी बारिश होने पर 4 से 5 फुट पानी जमा हो जाता है। यह पानी मार्ग के दोनों तरफ बनी 25 से 30 दुकानों में भर चला भर जाता है। जिससे दुकानदारों को हर लाखों रुपये का नुकसान दुकानों में जलभराव से होता है। वार्ड-18 की पार्षद सुनीता गर्ग समेत अन्य दुकानदारों ने उपमुख्यमंत्री को कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों के चक्कर गलाते हुए थक गए हैं।

प्रशासनिक अधिकारी इस बरसाती पुलिया का स्थाई समाधान नहीं कर रहा है। जिसके लिए नगर परिषद से लेकर एसडीएम और उपायुक्त तक शिकायत करते हुए समाधान की मांग की गई है। इस पुलिस के पास होने वाले जलभराव से स्थानीय दुकानदार 50 वर्ष से परेशान है।

> “ **जल्द** ही पुलिया का समाधान किया जाएगा। नगर परिषद और अन्य अधिकारियों को इसके समाधान के आदेश जारी कर दिए जाएंगे।
>
> **दुष्यंत चौटाला**
> **( उपमुख्यमंत्री )**

# ससुराल वालों से तंग होकर विवाहिता ने खाया जहर, मौत

## पति समेत पांच के खिलाफ मामला दर्ज, साढ़े चार माह पहले हुई थी शादी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**दिल्ली** के सफदरजंग अस्पताल में उपचार के दौरान विवाहिता की मौत हो गई। मृतक विवाहिता की मां ने अपने दामाद समेत उसके बड़े भाई, भारी और दो बहनों द्वारा मारपीट करने और उनकी हरकतों से तंग होकर जहर खाया था। मृतक की शादी करीब साढ़े चार माह पहले ही हुई थी। सदर थाना के गांव किरनकी में बना फार्म हाउस में पति के साथ रही रही विवाहिता अंजली ने 25 नवंबर को जहरीला पदार्थ पी लिया था। जिसे पति राकेश और अन्य परिजन सोहना के नागरिक अस्पताल में उपचार के लिए लेकर आए थे। जहां डाक्टरों ने अंजली को गंभीर हालत में गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया। गुरुग्राम से दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में ले जाकर दाखिल कराया। जहां उपचार के दौरान बुधवार की सुबह अंजली की मौत हो गई।

> “ **मृतक** विवाहिता के शव का गुरुवार की सुबह पोस्टमार्टम होगा। नामजद आरोपियों के खिलाफ विवाहिता के साथ मारपीट करने और मरने के लिए मजबूर करने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।
>
> **विक्की सिंह**
> **( निमौठ चौकी प्रभारी एवं जांच अधिकारी )**

**पति समेत अन्य पर है मारपीट का आरोप :** मृतक विवाहिता अंजली की मां नैहनी ने पुलिस को बताया कि उसकी वह मूलरुप से उत्तर प्रदेश की निवासी हूं। वह हाल में धौज जिला फरीदाबाद में रहती है। उसने अंजली की शादी उत्तर प्रदेश के मूल निवासी राकेश के साथ 9 जुलाई को 2022 को की थी। राकेश ने उसकी बेटी से शादी किरनकी में बना फार्म हाउस में रहते हुए की थी। यही पर राकेश बड़ा भाई विनोद, उसकी पत्नी नैहनी, राकेश की बहन सुमित्रा व पसौदा भी यही पर रहती है। उसकी बेटी अंजली राकेश से फार्म हाउस से बाहर किराए के मकान में रहने के लिए कहती थी। इसी बात पर जेठ, जेठानी, दोनों नंद व राकेश अंजली के साथ मारपीट करते थे। ससुराल वालों की इसी परेशानी से तंग होकर उसकी बेटी ने 25 नवंबर को जहर खा लिया था।

# पंचायतों में महिलाओं को मिली 50 फीसद भागीदारी

## उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला कहा, भिवानी जन सम्मान रैली में खूब होगी भागीदारी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के गांव बसई में जनसभा को संबोधित करते उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला।

**जननायक** जनता पार्टी के 5वें स्थापना दिवस पर भिवानी में आयोजित होने वाली जन सम्मान रैली को लेकर महिलाओं व युवाओं में जोश है। वे भारी संख्या में भिवानी पहुंचेंगे। यह आह्वान उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने गुरुग्राम जिले के गांव बसई में पार्टी की जिला स्तरीय बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं से किया। वे यहां जन सम्मान रैली का निमंत्रण देने के लिए पहुंचे थे। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि 9 दिसंबर 2018 को जोश ओर उत्साह के साथ जींद में पार्टी का गठन किया गया तथा कार्यकर्ताओं की मेहनत से जेजेपी की सरकार में हिस्सेदारी हुई।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में किसानों को आज मंडी में किसी तरह की परेशानी नहीं होती, किसानों को उनकी फसल का भुगतान उनके खातों में समय पर किया जाता है। आज हमने राशन कार्ड में भेदभाव को खत्म किया है। बीपीएल कार्ड के लिए प्रदेश के नागरिकों को भटकना नहीं पड़ता। जिस परिवार की आय परिवार पहचान पत्र में 1 लाख 80 हजार है, उनको बीपीएल कार्ड व आयुष्मान कार्ड सरकार जगह-जगह कैम्प लगा कर बनाए जा रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री ने पंचायतों के नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि पंचायत चुनावों में महिलाओं को 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व मिला है। जिससे नारी शक्ति के सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने सभी नवनिर्वाचित सरपंचों से गांवों के विकास की मांग व गांवों में खुलने वाली डिजिटल लाइब्रेरी को लेकर भी सभी अपनी-अपनी मांग जल्द से जल्द भिजवाएं, ताकि युवाओं को प्रतियोगी परिक्षाओ की तैयारी में मदद मिल सकें।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रिषीराज राणा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनंतराम तंवर, जिला प्रभारी रामकुमार कटवाल, सह प्रभारी राव रमेश पालड़ी, राष्ट्रीय प्रचार सचिव व प्रवक्ता दलबीर धनखड़, राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधायक गंगाराम, राष्ट्रीय सचिव सूबे सिंह बोहरा, नवनिर्वाचित जिला पार्षद दीपाली चौधरी पुत्री दीपचंद चेयरमैन सहित काफी संख्या में नवनिर्वाचित सरपंच, पार्टी के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विधायक के जनता दरबार में हंगामा व हाथापाई हुई

पायनियर समाचार सेवा। तावडू



खाद की कालाबाजारी को लेकर विधायक से शिकायत करता एक किसान।

**सोहना** विधायक कुंवर संजय सिंह के जनता दरबार में सरकारी कार्यालयों में फैल रहे भ्रष्टाचार व खाद की कालाबाजारी को लेकर हंगामा हो गया। हंगामे के दौरान विधायक समर्थकों और कुछ लोगों के बीच नौबत गाली गलौज से लेकर हाथापाई तक पहुंच गई। स्वयं विधायक व उसके सुरक्षाकर्मियों व अन्य मौजिज लोगों ने मामले को मुश्किल से शांत कराया। जबकि मौके पर मौजूद अधिकारी मुकदर्शक बने ये सब तमाशा देखते रहे।

बुधवार को सोहना विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक कुंवर संजय सिंह काफी समय के बाद नगर के सैनीपुरा में स्थित मोरपंख विश्राम गृह में जनता दरबार के दौरान क्षेत्र के नवनिर्वाचित सरपंचों और लोगों से रूबरू हो रहे थे। इस दौरान जब विधायक अपने संबोधन में विभिन्न विभागीय अधिकारियों को लेकर भ्रष्टाचार संबंधित निर्देश दे रहे थे, तभी एक किसान ने विधायक को बीच में टोकते हुए कहा कि किसी भी विभाग में बगैर रिश्वत के कोई काम नहीं होता है। इस पर विधायक सहित कुछ लोग जब उसे शांत कराने की कोशिश करने लगे तो एक अन्य किसान ने खाद की कालाबाजारी को लेकर प्रशासन के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा कि शहर में आने वाले खाद की गाड़ी को मिलीभगत कर खंड़ के अन्य गांव में भेजा जा रहा है। जिसके सबूत पीड़ित किसान अपने मोबाइल फोन में विधायक को दिखाने लगे। शिकायतकर्ता की इस बात को लेकर कुछ विधायक समर्थक और किसानों के बीच तीखी नोकझोंक होने लगी। देखते ही देखते नौबत गाली-गलौज में बदल गई। कई लोग विधायक की मीटिंग से उठकर नोकझोंक को देखने लगे, जहां पर हाथापाई व कुर्सियों तक चलने की नौबत आ गई। मामले को बिगड़ता देखे विधायक सुरक्षाकर्मियों ने किसी तरह पूरे विवाद को शांत कराया। इस दौरान विधायक संजय सिंह ने तावडू उपमंडल अधिकारी रणवीर सिंह को कड़े शब्दों में निर्देश दिया कि सभी विभागों के अधिकारियों की एक मीटिंग लेकर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र लोगों की समस्याओं का समाधान करें। बिजली, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभागों की समस्याएं सहित खाद किल्लत सबसे ज्यादा जनता दरबार में छाई रही। विधायक ने दरबार में पहुंचे सभी नवनिर्वाचित सरपंचों को बधाई दी।

पायनियर क्लासीफाइड

◆ बेदखली सूचना ◆

मैं सुभाष जैन पुत्र श्री रामनारायण निवासी शेखपुरा मोहल्ला पलवल ने अपने पुत्र अखिल को तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अपने लेनदेन, झगड़े के लिए वह खुद जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# चीन का घटनाक्रम

## जनता का विद्रोह

**चीन** के घटनाक्रम से स्पष्ट है कि अत्याचारी तानाशाहियों में भी जनता उतनी निरीह नहीं होती है जितनी उसके शासक समझते हैं। कुछ सप्ताह पहले अगले पांच साल के लिए चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव चुने जाने पर शी जिनपिंग सामंती चीन द्वारा इस मध्यवर्ती कहे जाने वाले देश में सर्वोच्च स्तर पर पहुंच कर जैसे सातवें आसमान में उड़ रहे थे। वे चीन के राष्ट्रपति तथा देश के केन्द्रीय सैनिक आयोग के प्रमुख भी हैं। संक्षेप में, देश की सारी शक्तियां उनके हाथों में केन्द्रित हैं। दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था व शक्तिशाली सेना के समर्थन तथा विरोधियों को क्रूरता से कुचलने के बाद वे अपने देश में सीज़र की तरह हैं तथा देश पर पूरा नियंत्रण प्राप्त करने के बाद अब दुनिया पर कब्जे की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने इस माह के प्रारंभ में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी-पीएलए को युद्ध की तैयारी में 'अपनी सारी ऊर्जा युद्ध लड़ने पर केन्द्रित करने' को कहा था। उन्होंने कहा था कि पीएलए को 'युद्ध की तैयारी के लिए समग्र रूप से सैनिक प्रशिक्षण मजबूत करना' चाहिए। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी-सीसीपी की जिस कांग्रेस में उनको पुन: महासचिव चुना गया, उसमें भी उन्होंने क्षितिज पर उभरते 'खतरनाक तूफानों' के बारे में सतर्क किया था। वे अपने रूसी समकक्ष व्लादीमिर पुतिन से 'दुनिया के सबसे खतरनाक व्यक्ति' बनने की स्पर्धा में लगे थे। लेकिन आज शी जिनपिंग अपने ही नागरिकों को नियंत्रित करने में विफल हो रहे हैं जिनको कम्युनिस्ट शब्दावली में 'जनता' कहा जाता है। देश के लोगों को शी जिनपिंग व उनके सीसीपी के मुहरे बहुत मामूली समझते थे। वे समझते थे कि उनको विस्थापन, निगरानी, गिरफ्तारी, अत्याचार व मृत्यु दंड का शिकार बनाया जा सकता है। लेकिन आज लोगों ने उस अत्याचार के खिलाफ विद्रोह कर दिया है जिसका सामना वे खासकर कोविड-19 महामारी फूटने के बाद से कर रहे थे।




एक खबरिया रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को चीन के बड़े शहरों में सैकड़ों लोगों ने मूर्खतापूर्ण व कष्टदायक शून्य-कोविड नीति के खिलाफ प्रदर्शन किए जो 'राज्य के खिलाफ जनता के गुस्से की विरल अभिव्यक्ति' थी। शंघाई में एकत्र भीड़ ने 'चीनी कम्युनिस्ट पार्टी मुर्दाबाद' व 'शी जिनपिंग मुर्दाबाद' के नारे लगाए। शून्य-कोविड नीति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन न केवल दूसरे शहरों में फैल गए, बल्कि उन्होंने अमानवीय तानाशाही के खिलाफ आम प्रतिरोध का रूप भी धारण कर लिया। लोग दशकों से इस तानाशाही का सामना कर रहे हैं जो कोरोना महामारी के बाद और क्रूर हो गई है। शून्य-कोविड नीति पूर्णत: मूर्खतापूर्ण है। यह उसी प्रकार है जैसे कहा जाए कि जब तक इन्फ्लूएंजा का कोई मामला रहेगा दिल्ली में लाकडाउन रहेगा क्योंकि कोविड अब इन्फ्लूएंजा की तरह ही केवल एक बीमारी रह गया है। इससे लोग संक्रमित हो सकते और मर भी सकते हैं, लेकिन अब यह वैश्विक महामारी नहीं है। लेकिन यह तानाशाह की अनेक समस्याओं में से केवल एक है। तानाशाह व उसके कर्मचारी समझते हैं कि वे सब कुछ जानते हैं कि क्या हो रहा है तथा क्या होना चाहिए। वास्तव में व्यक्तिगत स्वतंत्रता की विरोधी विचारधारा वाले देशों में 'चाहिए' पर ज्यादा जोर दिया जाता है, फिर चाहे वह चीन हो या ईरान। चीन में कम्युनिस्ट नौकरशाह तय करते हैं कि जनता को सभी स्थितियों में क्या करना चाहिए। इसमें बीमारी फैलने का मामला भी शामिल है जब वे अपनी पसंद व सनक पूरी क्रूरता से लागू करते हैं। ईरान में विशिष्ट वर्ग के धर्मगुरु तय करते हैं कि महिलाओं को क्या पहनना या नहीं पहनना चाहिए और इसके बाद वे अपने आदेशों को कठोरता से लागू करते हैं। लेकिन अत्याचारी यह नहीं समझते हैं कि आज के युग और समय में जब सूचना का मुक्त प्रवाह हो रहा है, लोग पहले की तरह व तानाशाहों की सोच की तरह दब्बू व निरीह नहीं हैं।

# समाज सुधारक महात्मा फुले

महात्मा फुले की 132वीं पुण्यतिथि पर हम इस अतुलनीय समाज सुधारक को याद कर रहे हैं जिन्होंने जाति-विहीन समाज तथा किसान अधिकारों हेतु संघर्ष किया।



**बंडारू दत्तात्रेय**
(लेखक हरियाणा के राज्यपाल हैं)



महात्मा ज्योतिबा गोविंदराव फुले शिक्षा व सामाजिक सुधारों के माध्यम से वंचित वर्गों के लिए किए महान कार्यों के कारण हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे। वह समय बहुत कठिन था जब उन्होंने समाज के कमजोर वर्गों व खासकर महिलाओं के सशक्तीकरण का बीड़ा उठाया। अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले की सहायता से उन्होंने उनमें शिक्षा प्रसार का प्रयास किया। सभी विपरीत परिस्थितियों, चुनौतियों व कठिनाइयों का सामना करते हुए वे मजबूती से उस घोर अन्याय के समक्ष खड़े हुए जिसका सामना अश्पृश्यता के कलंक का मुकाबला करने वाले एससी, एसटी व ओबीसी एवं अन्य हाशियाकृत वर्गों को करना पड़ता था। मानव इतिहास में उनके विराट व्यक्तित्व की तुलना कुछ ही लोगों से की जा सकती है। महात्मा फुले ने शिक्षा व सामाजिक सुधार का प्रयोग औजारों की तरह कर सामाजिक न्याय, समानता व महिला सशक्तीकरण की ज्योति जलाई तथा जाति के आधार पर निर्मम अत्याचारों का सामना कर रहे असंख्य वंचित लोगों के लिए प्रकाश पुंज की तरह उभरे। निस्वार्थ तरीके से वंचितों की सेवा व उनको ऊपर उठाने की उनकी प्रतिबद्धता इतनी प्रेरणादायक व आकर्षक थी कि लोगों ने उनको 'महात्मा' कह कर उनकी प्रशंसा की।

वंचितों पर अत्याचार करने वालों के खिलाफ महात्मा फुले की प्रतिबद्धता मुझे अत्यधिक प्रभावित करती है। उन्नीसवीं शताब्दी हमारे इतिहास का कठिन समय था, हालांकि उस समय समाज में बहुत मंथन चल रहा था। 11 अप्रैल, 1827 को महाराष्ट्र के सतार में 'माली' जाति के एक सामान्य परिवार में जन्म लेने के बाद उन्होंने जाति-आधारित भेदभाव के खिलाफ अभियान छेड़ा। उनके पिता गोविंदराव पूना में सब्जी बेचते थे। थामस पेन की पुस्तक 'द राइट्स आफ मैन' से प्रभावित महात्मा फुले का विश्वास था कि सभी प्रकार की सामाजिक बुराइयों का मुकाबला ही महिलाओं तथा नीची जातियों के उत्थान का मार्ग था। वे समाज में जाति-आधारित भेदभाव के कट्टर विरोधी तथा किसानों व अन्य नीची जाति के लोगों के अधिकारों हेतु संघर्ष करने वाले थे। उन्होंने सबसे पहले अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले को शिक्षित किया। सबसे पहले उन्होंने पूना में तत्यासाहब भिड़े के आवास में लड़कियों के लिए पहला स्कूल 1848 में शुरू किया। सावित्रीबाई फुले को हमारे देश की पहली महिला शिक्षक माना जाता है। यह एससी, एसटी व ओबीसी लोगों के जीवन में नया सवेरा था जब उनके बच्चों व खासकर लड़कियों की शिक्षा तक पहुंच नहीं थी। महात्मा फुले के अनेक जीवन प्रसंग आज भी न्यू इंडिया-दृढ़, समावेशी व आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए प्रासांगिक हैं। 'न्यू इंडिया' का विचार महिलाओं समेत सबके सशक्तीकरण पर केन्द्रित है। महात्मा फुले ने सामाजिक समानता, महिला सशक्तीकरण तथा एससी, एसटी व ओबीसी हेतु शिक्षा प्रसार के लिए अथक प्रयास किए। उनका दृष्टिकोण संयुक्त राष्ट्रसंघ के टिकाऊ विकास लक्ष्यों-एसडीजी को भी समाहित करता है। एसडीजी का उद्देश्य गरीबी व भूख का उन्मूलन, अच्छा स्वास्थ्य व बेहतरी सुनिश्चित करना तथा अन्य चीजों के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व जेंडर समानता सुनिश्चित करना है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत आज 'सबका साथ, सबका विकास व सबका विश्वास' के रास्ते पर चल रहा है जिसकी कल्पना महात्मा फुले व उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले ने की थी। आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन का क्रियान्वयन टिकाऊ आधार पर शहरी गरीब परिवारों में गरीबी व वंचना घटाने के लिए कर रहा है। 2014-15 से 30 जून, 2022 तक 12.02 लाख शहरी गरीबों को कौशल प्रशिक्षण दिया गया है ताकि उनकी रोजगार क्षमता बढ़े। इनमें से 6.42 लाख से अधिक कुशल प्रशिक्षितों को स्व-रोजगार या नौकरियां मिली हैं। इसी प्रकार दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशनों के माध्यम से सक्रिय रूप से ग्रामीण गरीब महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों-एसएचजी में संगठित कर भयानक गरीबी से बाहर निकलने में सहायता की गई है। 30 जून, 2022 तक लगभग 8.39 करोड़ ग्रामीण गरीब महिलाओं को 76.94 लाख एसएचजी के माध्यम से संगठित कर उनको 30,160 करोड़ रुपये कर्ज दिया गया है।

'स्टैंडअप इंडिया' योजना के अंतर्गत एससी, एसटी व महिला उद्यमियों के 133,995 खाते खोले गए। उद्यमिता से सुनिश्चित होगा कि गरीब अमीर बन जाएंगे। किसी भी स्थिति में हम गरीबों को और गरीब नहीं होने देंगे। इसी कारण केन्द्र तथा राज्यों की सरकारें पूरी ताकत से काम कर रही हैं कि कोई पीछे न छूट जाए। लेकिन हमें यह ध्यान देने की जरूरत है कि न्यू इंडिया के लिए कल्याण कार्यक्रमों का पूर्ण व सकारात्मक क्रियान्वयन हमारे दिल में हो। एससी, ओबीसी, ईबीसी व एसटी के आरक्षण के प्राविधान को पूरी तरह देश भर में लागू होना चाहिए। इसी प्रकार बीच में ही स्कूल छोड़ने वालों पर पूरा ध्यान दिया जाना चाहिए क्योंकि उनमें से बहुसंख्य समाज के कमजोर वर्ग से होते हैं। यूनीफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फार्मेशन सिस्टम फार एजुकेशन प्लस के अनुसार, प्राथमिक छात्रों में ड्रापआउट 2020-21 में 0.8 प्रतिशत से बढ़ कर 2021-22 में 1.45 प्रतिशत हो गई। सेकेंड्री स्तर पर ड्रापआउट 14.6 प्रतिशत था। हालांकि, 2019-20 में 16.1 प्रतिशत की तुलना में स्थिति सुधरी है, पर लाखों छात्र आज भी शिक्षा व्यवस्था के बाहर हैं। इसके परिणामस्वरूप उच्च शिक्षा में हमारा सकल दाखिला अनुपात 30 प्रतिशत से भी कम है। गरीब बच्चों में कुपोषण की प्रवृत्ति को देखते हुए उनको गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ ही पोषक भोजन देने की जरूरत है।

उनके लिए माडल स्कूल बनाना अच्छा रहेगा। सरकारें हम में से गरीबों के सशक्तीकरण का प्रशंसनीय काम कर रही हैं, पर अन्य पक्षों को भी सामने आ कर गरीबों के कल्याण की सकारात्मक नीतियों के लिए आंख और कान का काम करना चाहिए। ऐसा होने पर ही सामाजिक समानता व न्याय का सपना पूरा होगा। महात्मा फुले तथा उनका 'सत्यशोधक समाज' वंचित जातियों व समुदायों के लिए समान अधिकारों की पैरोकारी करता था। इसकी अभिव्यक्ति समानता, न्याय, बंधुत्व व मुक्ति के रूप में होती है जो हमारे लोकतंत्र के मुख्य आधार हैं। वास्तव में यह खुशी की बात है कि कई राज्यों ने प्राइमरी व सेकेंड्री स्तर पर ड्रापआउट पर लगाम लगाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। उदाहरणार्थ, हरियाणा सरकार ने स्कूल से बाहर छूटे छात्रों को मुख्यधारा में लाने की प्रक्रिया शुरू की है। हमें एक बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाते हुए एससी, एसटी व ओबीसी छात्रों को विशेष कौशलों से लैस करना चाहिए ताकि उनकी आमदनी भी बढ़ सके। अमीरों के और अमीर बनने की तुलना में गरीबों को अमीर बनाना ज्यादा महत्वपूर्ण है। वंचितों में महिलाओं तथा अति पिछड़े समुदायों-ईबीसी के समग्र सशक्तीकरण पर ज्यादा ध्यान दिया जाना चाहिए।

शिक्षा के बावजूद उनके खिलाफ अत्याचार एक गंभीर मुद्दा है। नए प्रकार की सामाजिक असमानतायें उभर रही हैं। महिलाओं को संसद व राज्य विधानसभाओं में अपना उचित हिस्सा भी मिलना चाहिए। महात्मा ज्योतिबा फुले ने अपने विचारों को बहुत शानदार तरीके से अपने लेखन से प्रस्तुत किया है जिनमें 'गुलामगीरी' व 'शेतकार्याचा आसूद'-किसानों की समस्यायें प्रमुख हैं। 28 नवंबर, 1890 को उनका निधन हो गया, पर उनके आदर्श तथा जीवन के प्रति उनका दृष्टिकोण हमारे लिए हमेशा प्रासांगिक बने रहेंगे। वास्तव में वह समय सर्वाधिक कठिन था जब हम एक राष्ट्र के रूप में बचे रहे। हालांकि, हमें जाति-आधारित पृथक्करण व भेदभाव का भारी खामियाजा भुगतना पड़ा। महात्मा ज्योतिबा फुले के अग्रणी प्रयासों ने एक समावेशी, सहिष्णु व उदार भारत की नीव डाली जिसमें हम आज रह रहे हैं। उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम 'आजादी का अमृत महोत्सव' आयोजन का प्रयोग एक समावेशी व जीवन्त भारत बनाने के लिए करें जिसका सपना महात्मा ज्योतिबा फुले ने देखा था।

# स्वास्थ्य रक्षा में सहायक रोबोटिक्स

"रोबोटिक्स पहले से ही स्वास्थ्य सेवाओं में एक आदर्श बदलाव ला रहा है। आने वाले वर्षों में रोबोट तकनीक का प्रयोग और अधिक होने की उम्मीद है।"

**विनीत अग्रवाल**
(लेखक एक स्वाथ्यरक्षा समूह के सीईओ हैं)



कुछ साल पहले तक, इस विचार की थाह लेना असंभव था कि स्वास्थ्य सेवा संगठनों के प्रबंधन के तरीके में रोबोट का इस्तेमाल सहायक हाथों के रूप में किया जा सकता है। कुछ दशकों में तेजी से आगे बढ़े और प्रौद्योगिकी में प्रगति ने रोबोटिक्स को इस हद तक विकसित किया है कि स्वास्थ्य देखभाल संगठन अब रोगी की देखभाल, अपशिष्ट में कमी और लागत बचत और संगठनों के भीतर दक्षता के लिए इस पर विचार कर रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और रोबोटिक्स जैसी उन्नत डिजिटल तकनीकों द्वारा संचालित स्वचालन नीरस और दोहराव वाले कार्यों को स्वचालित करके स्वास्थ्य पेशेवरों की दक्षता बढ़ाने में प्रभावी भूमिका निभा सकता है, लेकिन विस्तार पर लगातार ध्यान देने की आवश्यकता होती है।

इसके अतिरिक्त, रोबोटिक्स नर्सों, डॉक्टरों और संबद्ध स्वास्थ्य पेशेवरों सहित स्वास्थ्य कर्मियों की कमी से निपटने के लिए स्वास्थ्य सेवा संगठनों की सहायता भी कर सकता है। स्वास्थ्य देखभाल में रोबोटिक्स का उपयोग सरल प्रयोगशाला कार्यों से लेकर जटिल सर्जरी तक होता है जो स्वयं ऑपरेशन कर सकते हैं या मानव सर्जन की सहायता कर सकते हैं। उनका उपयोग पुनर्वास और भौतिक चिकित्सा के लिए और दीर्घकालिक स्थितियों वाले रोगियों का समर्थन करने के लिए भी किया जा रहा है। वैश्विक चिकित्सा रोबोटिक्स बाजार के 2023 तक 20 बिलियन तक पहुंचने की उम्मीद के साथ, यहां स्वास्थ्य सेवा में रोबोटिक्स के आशाजनक अनुप्रयोगों पर एक नजर है।



गति नियंत्रण प्रौद्योगिकियों की प्रगति ने सर्जिकल-सहायता रोबोटों को और अधिक सटीक बनने में सक्षम बनाया है। ऐसे रोबोट सर्जनों और डॉक्टरों को कंप्यूटर दृष्टि से सक्षम और एआई-सक्षम तकनीकों के साथ जटिल सर्जिकल प्रक्रियाओं को करते हुए उच्च स्तर की सटीकता और गति प्राप्त करने में सहायता कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, घुटने और कूल्हे के प्रतिस्थापन जैसी सामान्य आर्थोपेडिक सर्जरी करने के लिए रोबोट को भी पूर्व-क्रमादेशित किया जा रहा है। हेल्थकेयर संगठन एएमआर को तेजी से लागू कर रहे हैं ताकि टेलीप्रेजेंस, चिकित्सा आपूर्ति और दवा की डिलीवरी, कीटाणुशोधन जैसी महत्वपूर्ण आवश्यकताओं के साथ-साथ रोगियों के साथ अधिक समय बिताने के लिए पेशेवरों को मुक्त किया जा सके। जब मैपिंग क्षमताओं, विज़ुअल कंप्यूटिंग या (लाइट डिटेक्शन एंड रेंजिंग) सिस्टम से लैस होते हैं, तो वे अस्पताल या परीक्षा कक्षों को स्वयं नेविगेट कर सकते हैं, जिससे डॉक्टर सुरक्षित दूरी से बातचीत कर सकते हैं। जब एक दूरस्थ विशेषज्ञ द्वारा नियंत्रित किया जाता है, तो एएमआरएस चिकित्सकों के साथ भी जा सकता है क्योंकि वे अस्पताल में चक्कर लगाते हैं, जिससे एक विशेषज्ञ को रोगी की देखभाल और निदान के संबंध में ऑन-स्क्रीन परामर्श के माध्यम से योगदान करने की अनुमति मिलती है। कुछ रोबोट मरीजों के चेक-इन से पहले स्वास्थ्य सेवा संगठनों की सहायता भी कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, मेक्सिको में विकसित एक स्वायत्त रोबोट चिकित्सा कर्मचारियों को उच्च जोखिम वाले कोविड रोगियों से निपटने में मदद कर रहा है। यह अस्पताल में आने पर हर मरीज का मेडिकल इतिहास, तापमान और रक्त ऑक्सीजन का स्तर लेकर उसका परीक्षण करता है। सामाजिक रोबोटों का लाभ यह है कि वे मनुष्यों के साथ सीधे बातचीत कर सकते हैं। निगरानी और सामाजिक संपर्क प्रदान करने के लिए इन रोबोटों का दीर्घकालिक देखभाल परिदृश्यों में उपयोग किया जा सकता है। वे रोगियों को उनके उपचार के नियमों का पालन करने में मदद कर सकते हैं या संज्ञानात्मक जुड़ाव में योगदान कर सकते हैं, जिससे उन्हें सतर्क और सकारात्मक रहने में मदद मिलती है। सेवा रोबोट नियमित रसद कार्यों को स्वचालित करके स्वास्थ्य पेशेवरों पर बोझ कम करते हैं। अधिकांश सेवा रोबोट स्वायत्त रूप से कार्य कर सकते हैं और कार्य पूरा करने के बाद रिपोर्ट भी भेज सकते हैं। रोबोट रोगी के कमरे स्थापित करने, आपूर्ति पर नज़र रखने, खरीद आदेश दाखिल करने, चिकित्सा आपूर्ति को बहाल करने और बिस्तर के लिनन को कपड़े धोने की सुविधा से परिवहन करने में सक्षम हैं। इसके अलावा, वे कीटाणुशोधन और सफाई में सहायता कर सकते हैं। ये सेवा रोबोट संक्रमण के जोखिम को कम करने और एक समान तरीके से स्थानों को साफ करने में मदद करने के लिए यूवी प्रकाश, वायु निस्पंदन या हाइड्रोजन पेरोक्साइड वाष्प का उपयोग कर सकते हैं।

जबकि रोबोटिक्स पहले से ही स्वास्थ्य सेवाओं में एक आदर्श बदलाव ला रहा है, आने वाले वर्षों में प्रौद्योगिकी में और प्रगति के साथ और अधिक होने की उम्मीद है। इसलिए, स्वास्थ्य सेवा संगठनों के लिए यह अनिवार्य हो जाता है कि वे रोबोटिक तकनीकों के दीर्घकालिक लाभों और अपार संभावनाओं को देखें और अपने संगठनों को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने के लिए उनमें निवेश करें।

## आप की बात

### हिन्दू शासकों की अनदेखी

**अधिकांश** भारतीय इतिहासकारों ने तमाम विदेशी आक्रांताओं समेत उस कालखंड के मुस्लिम शासकों के बारे में जितनी अधिक चर्चा की है उसकी तुलना में हमारे महान भारतीय राजाओं, सम्राटों को अपेक्षाकृत कम स्थान दिया गया है। मुस्लिम शासकों के दमन के किस्सों को कम दिखाकर उनकी कला संस्कृति और उनके योगदान को अधिक उभारा गया है, यही नहीं यहां हिंदू राजाओं के पराक्रम को भी कम दर्शाया गया है। देश के इतिहासकारों ने दक्षिण भारत के हिंदू राजाओं के शौर्य पराक्रम और सनातन संस्कृति से प्रेम के बारे में अपेक्षाकृत कम लिखा है एवं इतिहास की पुस्तकों में मुगलों के शासन काल, ब्रिटिश औपनिवेशिकता और स्वाधीनता आंदोलन के बारे में विस्तार से लिखा है, लेकिन हमारे महान भारतीय राजाओं या सम्राटों के विषय में मात्र संक्षेप में ही लिखा है। मध्यकालीन इस्लामिक काल जिसमें गजनी, गौरी का भारत आक्रमण, गुलाम वंश, खिलजी, तुगलक, सैयद, लोधी और मुगलों के बारे में काफी कुछ बढ़ा चढ़ा कर लिखा गया है जबकि उसी काल में दक्षिण भारत के राजाओं के पराक्रम बारे में यहां कोई विवरण नहीं है। अत: प्रश्न यह उठता है कि हमारी इतिहास की पुस्तकों के लेखकों ने ऐसा क्यों किया।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### धर्मांतरण रोकना जरूरी

**धर्मांतरण** को लेकर देश में बहस चल पड़ी है। गरीबी का दुष्चक्र, बुनियादी सुविधाओं की कमी और निरंतर शिक्षा का अभाव ऐसे पहलू हैं जिनके चलते व्यक्ति मानसिक पीड़ा झेलता रहता है। ऐसे में अपनी आकांक्षाओं को पूरी करने के लिए व्यक्ति लालच में फंसता है और अपना मत, पंथ और मजहब तक बदल डालता है। इस मामले में सर्वोच्च अदालत के फैसले से सौ फीसद सहमत होना ही पड़ेगा कि लालच या दबंगई से किसी व्यक्ति का धर्म बदलवाना न केवल अपराध है अपितु राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए केवल बल्कि गंभीर मुद्दा भी है। जबरन धर्मांतरण नए नए तौर-तरीकों से समय-समय पर अंजामं दिया जाता रहा है। अमूमन यह खेल देश के कोने कोने में चल रहा है। ओडिशा,झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में पिछले 30 सालों में बड़े पैमाने पर धर्म परिवर्तन हुआ है जिससे इन राज्यों में ईसाइयों की संख्या में बड़ी बढ़ोतरी हुई है। संस्कृति को नष्ट भ्रष्ट करके देश में हिंदुओं को अल्पसंख्यक बनाने के लिए प्रयास राष्ट्रघात से कम नहीं है। अब जरूरत कड़े कानून की है जो धर्म के नाम पर ठेकेदारी करने वालों को सबक सिखा सके।

– **अमृतलाल मारू**, उज्जैन

### क्रिकेट बनाम अन्य खेल

**भारतीय** ओलंपिक संघ की पहली महिला अध्यक्ष पीटी उषा की उम्र 58 साल है। पीटी उषा ने एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक जीता है। वहीं 1984 के ओलंपिक 400 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल में चौथे स्थान पर रही थीं। जो कि एक अच्छी शुरुआत है साथ ही क्रिकेट के अलावा ओलंपिक में खेले जाने वाले खेलों के लिए देश में युवा खिलाड़ियों को बड़ी संख्या में तैयार करना होगा अभी जितना धन और मान सम्मान क्रिकेट में मिलता है उतना किसी अन्य खेल में नहीं जबकि क्रिकेट का ओलंपिक में आयोजन ही नहीं होता है! और चीन जैसा दुनिया का सबसे बड़ा देश भी क्रिकेट खेलों में कभी भाग नहीं लेता, यही कारण है कि उसके खिलाड़ी बड़ी संख्या में ओलंपिक पदक बटोर कर लाते हैं! और हमारे देश में जितना धन और समय क्रिकेट पर खर्च किया जाता है! यदि उतना ही धन अन्य ओलंपिक खेलों की तैयारियों में किया जाए तो भारत भी भविष्य में ओलंपिक में अधिकाधिक पदक प्राप्त कर सकता है! जरूरत है खेलों में सिर्फ खेल से जुड़े हुए पदाधिकारियों को नियुक्त करने की।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



"**आतंकवाद** अभी समाप्त नहीं हुआ है और कांग्रेस की तुष्टीकरण नीतियां भी नहीं बदली हैं। कांग्रेस आतंकवाद को वोटबैंक की नजर से देखती है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**चीन** क्यूबा से क्षेत्रीय व अंतरराष्ट्रीय मामलों में सहयोग मजबूत करेगा। दोनों देश अपनी विशिष्टताओं के साथ समाजवाद का निर्माण कर रहे हैं।

– **शी जिनपिंग**
चीन के राष्ट्रपति





**जन** कल्याण योजनाओं के दृष्टिकोण से राजस्थान एक माडल राज्य के रूप में उभर रहा है।

– **अशोक गहलोत**
राजस्थान के मुख्यमंत्री"

# पहलवान मोहिनी जांगड़ा ने आठ दिन में जीते दो गोल्ड एक सिल्वर

## उतर प्रदेश गोंडा में नेशनल ग्रेपलिंग रेसलिंग स्वर्ण पदक जीता

रणबीर सिंह रोहिल्ला। सोनीपत

**मोहिनी** जांगड़ा ने हरियाणा पुलिस की ओर से खेलते हुए गोंडा (उतरप्रदेश) में नेशनल ग्रेपलिंग रेसलिंग प्रतियोगिता में 71 किलोग्राम भारवर्ग में हरियाणा की लड़की सुषमा को फाइनल में हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पैतृक गांव शामड़ी पहुंचने पर लाड़ी का शानदार स्वागत किया। मोहिनी के ताऊ हवा सिंह, पिता सुबे सिंह, मां बिमला, भाई मिसाल बहन बबीता, भाई देवेंद्र, ललिता, भानुमति, चाचा चाची सभी खुश हैं।



गांव शामड़ी में पदक जीत कर पहुंची मोहिनी ताऊ हवा सिंह, पिता सूबे सिंह, मां बिमला, ललिता, भानुमति चाची-चाचा आदि परिजनों के साथ।

मोहिनी जांगड़ा ने खास मुलाकात में बताया कि ऑल इंडिया पुलिस 2022 में पुणे में 72 किलोग्राम भारवर्ग में कुश्ती में रजत पदक जीता। इसके साथ ही आर्म रेसलिंग में 80 किलोग्राम भारवर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर हरियाणा पुलिस का नाम रोशन किया है।

ग्रेजुएट होने के बाद उसने अपना सपना पूरा करने के लिए मदीना भगत सिंह अखाड़े में पहलवानी करने गई थी। पहलवानी करने के समय उसकी कमर में इतना दर्द हो गया कि कई जगह कमर का इलाज कराया, लेकिन सबने रेस्ट करने के लिए बोला। उसके बाद उसने सोचा उससे पहलवानी नहीं होगी। फिर वह खानपुर बीपीएड करने लग गई, कोर्स के दूसरे वर्ष में ही उसने हरियाणा पुलिस का पेपर पास कर दिया और दो दिसंबर 2016 को हरियाणा पुलिस में भर्ती हो गई। ट्रेनिंग खत्म होते ही वह अपना सपना पूरा करने की एक और कोशिश में लग गई और 30 जून 2017 को ट्रेनिग खत्म होते ही उसने मधुबन स्पोर्ट्स में रहने की अनुमति ले ली। एक बार फिर शुरुआत से उसने पहलवानी शुरू की, उसने 2019 में ऑल इंडिया पुलिस गेम जयपुर में 72 किलोग्राम भारवर्ग में गोल्ड मेडल जीता। उसके बाद उसका सेलेक्सन वर्ल्ड पुलिस गेम में हुआ, जोकि अगस्त 2019 में चाइना (चेंगडू) में हुए जिसमें 75 किलोग्राम भारवर्ग में कुश्ती में सिल्वर मेडल जीता।

### 2019 में रहीं करनाल केसरी

**मोहिनी** ने बताया कि उनकी अच्छी परफॉर्मेंस को देखते हुए हरियाणा पुलिस के डीजीपी मनोज यादव ने महिला दिवस पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के हाथों सम्मानित करवाने के लिए उनका चयन किया। मोहिनी 2019 में ही करनाल केसरी भी रह चुकी हैं। उनकी 06 बहनें और एक छोटा भाई है। मोहिनी का बचपन से ही पहलवान बनने का सपना था, लेकिन घर की जिम्मेदारी के कारण वह घर के बाहर नहीं जा सकी। गांवों के सरकारी स्कूल में ही उसने 78 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं की पढ़ाई पूरी की। घर वाले मोहिनी की शादी करना चाहते थे, लेकिन वह पढ़-लिखकर अपने पैरों पे खड़ा होना चाहती थी। घर वाले पढ़ाने में असमर्थ थे तो मोहनी जागरण में भजन गाने लगी और अपनी पढ़ाई का खर्च खुद ही निकालने लगी। वह परिवार वालों पर बोझ नहीं बने। उसके बाद उसने खानपुर महिला कॉलेज से बीए करने लगी।

# किसानों को अतिशीघ्र की जाएगी गन्ने की पैमेंट : कैलाश भगत

## हैफेड चीनी मिल में नए सत्र का शुभारंभ करते हुए बोले हैफेड अध्यक्ष

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**हैफेड** चीनी मिल के 15वें पिराई सत्र 2022-23 का शुभारम्भ हैफेड के अध्यक्ष कैलाश भगत ने किया। उन्होंने कहा कि हैफेड चीनी मिल क्षेत्र के सारे बोन्डिड गन्ने को खरीदेगी व जब तक गन्ने की उपलब्धता होगी तब तक हैफेड चीनी मिल को चलाया जाएगा तथा किसानों की गन्ने की पेमेंट शीघ्र से शीघ्र की जाएगी व किसानों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

हैफेड के अध्यक्ष कैलाश भगत ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसान भाइयों की मांग पर हांसी बुटाना नहर की पटरी पर शुगर मिल से सालवन तक रोड का निर्माण किया गया है, जिससे किसानों को मिल तक अपना गन्ना लाने में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा के लिए मिल द्वारा एक मोबाइल ऐप भी चलाई गई है जिससे किसान घर बैठे ही अपना गन्ना सर्वे, गन्ने की पेमेंट व पर्ची ब्योरा तथा गन्ने की कलैंडरिंग आदि चेक कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि चीनी मिल में गन्ना इकाई में अधिक पारदर्शिता लाने के लिए नई तकनीक भी अपनाई गई है। जिसके तहत तोल कांटों पर स्वचालित कांटे चलाए गए हैं और ट्रॉलियों व ट्रैक्टर के रिकॉर्ड बनाए रखने के लिए कैमरे भी लगाए गए हैं। गन्ना काश्तकार किसानों को कोराजन पांच प्रतिशत व अन्य दवाइयां 10 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराई जा रही है।

इस अवसर पर असंध के पूर्व विधायक बख्शीश सिंह विर्क, जिला अध्यक्ष एससी मोर्चा कृष्ण बुक्कल, जजपा के जिला अध्यक्ष सतीश बल्हारा, पार्षद सुनील सिंधड़ व हैफेड के उच्च अधिकारी तथा काफी संख्या में गन्ना किसान उपस्थित हुए।



पिराई सत्र का शुभारंभ करते हुए हैफेड के अध्यक्ष।

### बीते वर्ष किसानों को 125 करोड़ का किया भुगतान

**हैफेड** चीनी मिल की महाप्रबंधक डॉ. पूजा भारती ने किसानों व अतिथिगणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हैफेड चीनी मिल में वर्ष 2008-09 में केवल 1.10 लाख क्विंटल गन्ना उपलब्ध था जोकि किसान भाइयों के सहयोग से मिल ने पिछले वर्ष 34.69 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई करके 2.91 लाख क्विंटल चीनी का उत्पादन किया है। किसानों के गन्ने की पेमेंट का भुगतान करने में प्रदेश सबसे आगे है तथा पिछले वर्ष किसानों को लगभग 125 करोड़ गन्ने की पेमेंट भुगतान का समय पर किया है तथा पिछला कोई बकाया नहीं है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष चीनी मिल ने किसानों के गन्ने की फसल में लगने वाले रोगों की रोकथाम के लिए कीटनाशक दवाइयां 1.75 करोड़ रुपये ब्याज रहित ऋण तथा 6.93 लाख रुपये की सब्सिडी प्रदान की थी। इस वर्ष मिल द्वारा 6.91 करोड रुपये की गन्ना विकास योजना बनाई गई है जिसमें 6.11 करोड रुपये ब्याज रहित ऋण तथा 80 लाख रुपये की सब्सिडी का प्रावधान रखा गया है।

### किसानों के लिए मिल में कैंटीन व विश्रामगृह

**उन्होंने** कहा कि मिल में किसानों की सुविधा के लिए गन्ना वार्ड में किसानों के लिए कैंटीन तथा किसान विश्रामगृह बनाए गए हैं, जिसमें किसानों के लिए चाय, खाने व विश्राम के लिए अच्छी व्यवस्था रखी गई है। किसानों के मनोरंजन के लिए कैंटीन में एक बड़ी एलसीडी लगाई गई है तथा स्वच्छ पानी के लिए आरओ का भी प्रबंध किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि इस वर्ष मिल द्वारा छह मेगावाट बिजली उत्पादन किया जाएगा। जिससे बिजली पूर्ति के साथ-साथ मिल द्वारा बिजली विभाग को भी अतिरिक्त बिजली बेची जाएगी, जिससे मिल को काफी आर्थिक लाभ होगा। उन्होंने सभी अतिथियों व किसानों का धन्यवाद किया।

# विधायक और महापौर ने किया सड़क का शुभारम्भ



सड़क का शुभारंभ करते विधायक व मेयर।

## इंजीनियरों को दिए निर्देश, मजबूत सड़क का करें निर्माण ताकि चले सालों साल

**करनाल।** नागरिकों का सफर सुहाना बनाने के लिए नगर निगम शहर की आंतरिक व बाहरी सड़कों का सुदृढ़ीकरण करने में लगा है। इसी कड़ी में बुधवार को महापौर करनाल रेनू बाला गुप्ता ने घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण की गरिमामयी उपस्थित में वार्ड नम्बर-6 में बजीदा रोड से मदनपुर राजकीय प्राथमिक विद्यालय तक जाने वाली मुख्य सड़क का सुदृढ़ीकरण करने के कार्य का विधिवत शुभारम्भ किया। वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि राजेन्द्र सिरसी, नगर निगम के कार्यकारी अभियंता सतीश शर्मा तथा कनिष्ठ अभियंता सोहन लाल मौजूद थे।

महापौर ने बताया कि उपरोक्त सड़क का निर्माण गांव वासियों को सुविधा मुहैया कराने के मकसद से अहम था। उन्होंने बताया कि सड़क पर भारी वाहनों के आवागमन से इसकी खस्ता हालत हो चुकी थी, जो ग्रामीणों व वाहनों, दोनों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई थी। समस्या से निजात दिलाने के लिए सड़क का निर्माण कार्य शुरू कराया गया है। मेयर ने बताया कि अनुमानित 58 लाख रुपये की राशि से तारकोल की मजबूत सड़क का निर्माण कराया जा रहा है, जिसके बनने से ग्रामीणों को सुविधा मिलेगी और उनका सफर सुहाना होगा।

**निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखें :** विधायक हरविन्द्र कल्याण व महापौर रेनू बाला गुप्ता ने नागरिकों को सड़क का निर्माण कार्य शुरू होने पर बधाई दी और कहा कि वे कार्य की स्वयं भी निगरानी करें, ताकि गुणवत्ता को लेकर कोई कमी ना रहे। उन्होंने निगम इंजीनियरों को भी निर्देश दिए कि काम में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए, ताकि सड़क लम्बे समय पर अपने स्वरूप में बनी रही। उन्होंने निर्माण कार्य को समय पर पूरा करने के भी निर्देश दिए। गांव वासियों ने विधायक व महापौर का फूल-मालाओं से स्वागत किया। पार्षद प्रतिनिधि राजेन्द्र सिरसी ने विधायक व महापौर का धन्यवाद किया। मंजू खैंची, रविन्द्र, सुरेंद्र आदि मौजूद रहे।

# भगवान परशुराम महाकुंभ की सफलता को किया जनसंपर्क

**यमुनानगर।** 11 दिसंबर को करनाल में आयोजित होने वाले भगवान परशुराम महाकुंभ को सफल बनाने को लेकर ब्राह्मण नेता ताबड़तोड़ जनसंपर्क अभियान कर रहे हैं। महाकुंभ में सर्व समाज के ज्यादा से ज्यादा लोग हिस्सेदारी करें इसको लेकर महाकुंभ के समन्वय अधिकारी सुनील शर्मा यमुनानगर पहुंचे। उनके साथ त्यागी वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष उमेश त्यागी व राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज त्यागी मौजूद रहे।

सुनील शर्मा ने कहा कि करनाल में होने वाले इस महाकुंभ में 36 बिरादरी के लोगों की आहुति जरूरी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश बनने के बाद यह पहला अवसर है जब इतनी बड़ी संख्या में प्रदेश स्तर पर सर्व समाज के लोग एकत्रित होंगे जिसमें ब्राह्मण समुदाय की हाजिरी सबसे ज्यादा रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समुदाय हमेशा ही अग्रणी रहा है। समय-समय पर उन्होंने व समाज के दूसरे बड़े नेताओं ने मंच के माध्यम से समाज के हितों के लिए आवाज उठाई है लेकिन किसी भी सरकार ने समुदाय की ओर कोई ध्यान नहीं दिया। अब समय है कि समुदाय के लोग एक मंच पर आकर अपनी आवाज को बुलंद करें। उमेश त्यागी ने कहा कि मंच के माध्यम से समाज के लोगों को सहयोग से ईबीपीजी, ब्राह्मण कल्याण आयोग, भगवान परशुराम के नाम से कोई संस्थान बनाने, ब्राह्मण धर्मशाला के लिए जमीन लेने व समाज के हितों के लिए मांगों को रखा जाएगा। राकेश त्यागी, अभिषेक मुद्गल, सुरेंद्र शर्मा पार्षद, राम शरण भारद्वाज पार्षद, रोशल लाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# मधुर भजनों की प्रस्तुति से वातावरण हुआ भक्तिमय

## विद्यापीठ में अग्रसेन पब्लिक स्कूल तथा केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल ने जीती भजन प्रतियोगिता

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**जयराम** विद्यापीठ में आयोजित अंतर्विद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों और अध्यापकों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

भजन प्रतियोगिता में ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी के सान्निध्य में कुरुक्षेत्र के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम दुष्यंत चौधरी, कुरुक्षेत्र के जिला शिक्षा अधिकारी बलजीत मलिक एवं डीएसपी शीतल सिंह विशेष तौर पर पहुंचे। गीता जयंती सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन कमेटी की संयोजक अंजू अग्रवाल एवं मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला ने बताया कि विद्यापीठ में आयोजित सभी प्रतियोगिताएं गीता तथा भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित हैं और इनमें भारतीय संस्कृति एवं संगीत को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने बताया तीसरे दिन भजन प्रतियोगिता में भारी संख्या मंम प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अग्रसेन पब्लिक स्कूल सेक्टर 13 तथा श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल ने प्रथम स्थान हासिल किया। जबकि गुरुकुल विश्व भारती लाढ़ौत, महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल सिटी ब्रांच तथा सेठ टेक चंद मेमोरियल पब्लिक स्कूल ने दूसरा स्थान हासिल किया। भजन प्रतियोगिता में गुरुकुल कुरुक्षेत्र, बीआर इंटरनेशनल स्कूल तथा दिल्ली पब्लिक स्कूल ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में राधाकृष्णा सीनियर सेकेंडरी स्कूल कैथल, ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल सेक्टर 7, सहारा कॉम्प्रिहेंसिव स्कूल, संजय गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल तथा यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल को सांत्वना पुरस्कार मिला। भजन प्रतियोगिता में प्रो. डॉ. शुचिस्मिता शर्मा, प्रो. अशोक शर्मा तथा डॉ. मुनीष कुमार ने निर्णायक मंडल की भूमिका अदा की।



प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

प्रतियोगिता के समापन पर प्रो. डॉ. शुचिस्मिता शर्मा, प्रो. अशोक शर्मा तथा डॉ. मुनीष कुमार ने अपनी टीम के साथ मधुर भजनों की प्रस्तुति भी दी। कार्यक्रम में श्री जयराम शिक्षण संस्थान के उपाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त आयुक्त टी के शर्मा, राजेंद्र सिंघल, ईश्वर गुप्ता, कुलवंत सैनी, खरैती लाल सिंगला, टेक सिंह लौहार माजरा, केके कौशिक, एसएन गुप्ता, राजेश सिंगला, सुनील गर्ग आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त-समाचार

### टेबल टेनिस चैंपियनशिप में जीते खिलाड़ियों ने चार मेडल



**सोनीपत।** यमुनानगर में आयोजित राज्य स्तरीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स स्कूल के खिलाड़ियों ने तीन रजत पदक और एक कांस्य पदक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में सभी राज्यों से लगभग 400 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें लिटल एंजल्स स्कूल सोनीपत के 17 खिलाड़ियों ने भाग लिया। अंडर-14 बालिका वर्ग में उदी बत्रा और सौम्या यादव ने गुड़गांव के खिलाड़ियों को हराकर रजत पदक प्राप्त किया। अंडर-14 बालक वर्ग में साकेत अरोड़ा ने रोहतक के खिलाड़ियों को हराकर कांस्य पदक प्राप्त किया। अंडर-17 बालक वर्ग में तेजस वर्मा ने यमुनानगर के खिलाड़ी को हराकर रजत पदक प्राप्त किया। सभी विजेता खिलाड़ियों का स्कूल प्रधानाचार्य आशा गोयल, उपप्रधानाचार्य गीता अरोड़ा, स्पोर्ट्स डायरेक्टर नरेन्द्र नेगी एवं टेबल टेनिस कोच भारती बत्रा ने विद्यालय में फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया व सभी खिलाड़ियों के अभिभावक को इस शानदार खेल प्रदर्शन के लिए बधाई दी। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग ने भी विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और भविष्य में बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

### तीन को शपथ लेंगे पंचायती राज के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि

**सोनीपत।** उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं के नवनिर्वाचित जन प्रतिनिधियों को तीन दिसंबर को शपथ दिलवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि पंच-सरपंच को संबंधित गांव के ग्राम सचिवालय/स्कूल या फिर अन्य सार्वजनिक स्थल पर शपथ दिलवाई जाएगी। खंड समिति सदस्यों को संबंधित ब्लॉक मुख्यालय और जिला परिषद सदस्यों के लिए जिला मुख्यालय पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन होगा। शपथ ग्रहण समारोह को प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित नवनिवार्चित जनप्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे।

### जयराम महिला पॉलिटेक्निक में टैलेंट शो का आयोजन



**कुरुक्षेत्र।** सेठ हरिबक्श लोहिया जयराम महिला पॉलिटेक्निक में फ्रेशर पार्टी कम टैलेंट शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के अकादमिक निदेशक डॉ. योगेश्वर दत्त जोशी एवं जयराम महिला बीएड कॉलेज की प्राचार्य डॉ. प्रतिभा श्योकंद ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। कार्यक्रम में प्रथम वर्ग की छात्राओं ने उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर छात्राओं ने पंजाबी, हरियाणवी तथा गुजराती नृत्य में अपनी प्रतिभा दिखाई। छात्राओं ने रैम्प वॉक कर भी जलवे दिखाए। स्किट के माध्यम से छात्राओं ने कॉलेज लाइफ को प्रदर्शित किया। डॉ. योगेश्वर दत्त जोशी ने छात्राओं को उनकी प्रतिभा संवारने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. प्रतिभा श्योकंद ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया। पॉलिटेक्निक कॉलेज की प्राचार्य मनप्रीत ने सभी छात्राओं को पढ़ाई और प्रतिभा को साथ लेकर चलने के लिए प्रेरित किया। प्राध्यापिकाएं मोनिका, रजनी, सुखबीर, मीणा, कुलविंदर व राजेश इत्यादि भी मौजूद रहे।

### बीपीआर कॉलेज में प्रतियोगिताओं का किया आयोजन



**कुरुक्षेत्र।** भगवान परशुराम कॉलेज कुरुक्षेत्र में नोडल अधिकारी चुनाव और आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में स्वीप गतिविधि के अंतर्गत रंगोली, निबंध लेखन और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. प्रवीण शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने बताया कि हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है जिसमें इतनी विशाल मतदाओं की संख्या अपने मत का प्रयोग कर देश, राज्य के साथ साथ स्थानीय सरकार का चुनाव करती है। उन्होंने कहा कि हमें बिना किसी लोभ लालच के तथा जाति, धर्म की भावना से ऊपर उठकर योग्य व्यक्ति का चुनाव करना चाहिए। इस कार्यक्रम में नोडल अधिकारी डॉ. सुभाष शर्मा ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम भारतीय निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार तथा जिला उपायुक्त एवं चुनाव अधिकारी के सौजन्य से किया जा रहा है, लोकतंत्र को समावेशी, सहभागी तथा सुलभ किस प्रकार से बनाया जाए ताकि हर व्यक्ति लोकतंत्र के इस उत्सव में सहभागिता कर सके। इस चुनाव डॉ. सरिता राय और डॉ. सुरेश कुमार ने निर्णायक मंडल के रूप में भूमिका अदा की। मंच संचालन डॉ. सतीश शर्मा ने किया। भाषण प्रतियोगिता में सिमरन बीए द्वितीय वर्ष रोल नंबर 2040 ने प्रथम तथा पंकज कुमार बीए द्वितीय वर्ष रोल नं 2271 ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में विनीत राहल बीए प्रथम वर्ष रोल नंबर 2085 ने प्रथम तथा पंकज कुमार बीए द्वितीय वर्ष रोल नंबर 2271 ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# कम उम्र में किशोरावस्था के लक्षण दिखना चिंता की बात

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**किशोरावस्था** हर किसी के जीवन का महत्वपूर्ण समय होता है। इसी अवस्था में लड़के और लड़कियों के शरीर में यौवन के लक्षण दिखने शुरू होते हैं। शरीर में बदलाव होते हैं। वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ, लैप्रोस्कोपिक सर्जन एवं फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट डॉ. वैशाली शर्मा, एमडी (एम्स, नई दिल्ली) ने कहा कि वैसे तो सामान्य से थोड़ा कम या ज्यादा उम्र में यौवन के लक्षण दिखना बहुत चिंता की बात नहीं है, लेकिन कभी-कभी बहुत ही कम उम्र में कुछ बच्चों में शारीरिक बदलाव होने लगते हैं। यदि ऐसा हो तो सतर्क रहना जरूरी है।

डॉ. वैशाली ने कहा कि अगर सात-आठ साल की उम्र से पहले ही किसी बच्चे के शरीर में बदलाव होने लगे, तो इसके पीछे का कारण ट्यूमर हो सकता है। पिट्यूटरी या एड्रेनल ग्लैंड्स में ट्यूमर के कारण शरीर में बहुत जल्दी यौवन के लक्षण दिखने लगते हैं। ट्यूमर के अलावा आनुवंशिक कारण भी इसके जिम्मेदार हो सकते हैं। इससे शरीर के रंग से लेकर हड्डियों की सेहत तक को खतरा रहता है। लड़कियों में माहवारी शुरू हो जाना इसका अहम लक्षण है। मुंहासे आना, शरीर बहुत तेजी से बढ़ने लगता, शरीर से वयस्कों जैसी गंध आना, लड़कियों के स्तन विकसित होने लगना आदि भी इनके लक्षण हैं।



डॉ. वैशाली ने कहा कि मोटापा इस समस्या की बड़ी वजह है। बच्चों को शारीरिक गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करें और मोटापे का शिकार होने से बचाएं। टीवी या मोबाइल पर ज्यादा समय न बिताने दें और खानपान पर विशेष ध्यान दें। पत्ता गोभी, पालक, गाजर, चुकंदर, ब्लूबेरी, ओट्स, दलिया, मिलेट्स को अपने खाने में जगह दें। बादाम, काजू एवं अखरोट जैसे ड्राई फ्रूट और दूध, योगर्ट व लो-फैट चीज आदि भी बच्चों को इससे बचाने में सहायक होते हैं। नारियल पानी और नींबू पानी भी बच्चों के लिए अच्छे हैं। डॉ. वैशाली ने बताया कि बच्चों को प्रोसेस्ड और पैकेज्ड फूड से दूर रखना बहुत जरूरी है। इनमें बहुत ज्यादा कैलोरी होती है और पोषण बहुत कम होता है। इनमें मोटापा एवं अन्य बीमारियां बढ़ती हैं। सोडा और अन्य कोल्ड ड्रिंक से भी पूरी तरह दूर रहना जरूरी है। बच्चों के लिए कॉफी भी बहुत नुकसान की चीज है।

# भारत में कुपोषण की समस्या का समाधान जरूरी : तरुण विज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**ग्लोबल** एलायंस फॉर इंफ्रूव्ड न्यूट्रिशन (गेन) का मिशन सभी लोगों के लिए पौष्टिक और सुरक्षित भोजन की खपत में सुधार करके पोषण परिणामों को आगे बढ़ाना है, विशेष रूप से सबसे कमजोर लोग जो कुपोषण के शिकार हैं।

तरुण विज, गेन में कंट्री डायरेक्टर ने कहा कि गेन समझता है कि कुपोषण का समाधान वन -साइज -फिट्स -ऑल दृष्टिकोण के साथ प्राप्त नहीं किया जा सकता है, इसलिए गेन बहु-हितधारकों के साथ काम करने और विभिन्न प्रकार के मॉडल और दृष्टिकोण का उपयोग करके अनुरूप कार्यक्रम बनाने पर ध्यान केंद्रित करता है। हमारी कंपनी राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय गठबंधनों की स्थापना के माध्यम से काम करती है जो विभिन्न प्रकार के सार्वजनिक और निजी संगठनों को तकनीकी, वित्तीय और नीतिगत समर्थन प्रदान करते हैं, लोगों के भोजन के स्रोत के रूप में बाजारों पर जोर देते हैं। नतीजतन, हम बेहतर पोषण के लिए व्यवसायों और सरकारों द्वारा खाद्य प्रणालियों को आकार देने के तरीके में बदलाव और सुधार के तरीकों को खोजने को प्राथमिकता देते हैं।

सुरक्षित और पौष्टिक खाद्य पदार्थों की उपलब्धता और सामर्थ्य बढ़ाने के लिए एक साथ काम करने वाले व्यवसायों, सरकारों और नागरिक समाज द्वारा उस मांग को पूरा करने और विस्तारित करने की आवश्यकता है। छिपी हुई भूख से निपटने और कुपोषण मुक्त लक्ष्य को प्राप्त करने के एक महत्वाकांक्षी प्रयास में, सरकार ने आहार पोषक तत्वों की कमी को दूर करने और कम समय में स्वास्थ्य परिणामों में सुधार करने के लिए चावल के फोर्टिफिकेशन को मजबूत किया। बायोफोर्टिफिकेशन मौजूदा हस्तक्षेपों का पूरक है, जैसे कमियों को दूर करने के लिए सप्लीमेंटेशन और औद्योगिक खाद्य फोर्टिफिकेशन। हालांकि, बायोफोर्टिफिकेशन के दो प्रमुख लाभ हैं। इसकी दीर्घकालिक लागत-प्रभावशीलता, और कम सेवा वाली ग्रामीण आबादी तक पहुंचने की इसकी क्षमता।

# एचटेट परीक्षा की तैयारियां पूर्ण, परीक्षा अधिकारी नियुक्त

**सोनीपत।** हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) की परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से करवाने के लिए बुधवार को लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी की अध्यक्षता में अध्यापकों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें परीक्षा केंद्रों से संबंधित प्रशासन द्वारा जरूरी दिशा निर्देश देते हुए परीक्षा अधीक्षक नियुक्ति आदेश कर दी गई।

एडीसी अंकिता चौधरी ने बताया कि हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा को लेकर सोनीपत जिला प्रशासन ने अब तैयारियों को पूर्ण कर लिया है। अब की बार सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षाएं आयोजित करवाई जाएंगी। प्रशासन द्वारा ड्यूटी पर तैनात किए गए सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वह किसी भी तरह की लापरवाही अपनी ड्यूटी के दौरान ना करें। शांतिपूर्वक परीक्षा को करवाने के लिए कार्य करें।

# 35 लाख से अधिक छात्रों ने अनएकेडमी नेशनल स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट में हिस्सा लिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** के सबसे बड़े लर्निंग प्लेटफॉर्म अनएकेडमी ने बुधवार को अपने प्रमुख स्कॉलरशिप टेस्ट अनकेडमी नेशनल स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट (अनसेट) के सबसे बड़े चैप्टर के परिणामों की घोषणा की।

130 शहरों से 38-15 अक 5 लाख से अधिक छात्रों ने इस टेस्ट में हिस्सा लिया था। टूबर के बीच 800 से अधिक स्कूलों, ऑनलाइन एवं अनकेडमी सेंटरों में आयोजित इस परीक्षा में छात्र शामिल हुए। टॉप रैंकर को अनएकेडमी के स्पेशल रैंकर्स ग्रुप का एक्सक्लूजिव एक्सेस मिलेगा, इस ग्रुप को शीर्ष पायदान के उन शिक्षकों द्वारा छात्रों के लिए तैयार किया गया है, जो हर साल छात्रों को मार्गदर्शन देकर उन्हें ऑल इंडिया रैंकर्स बनने में मदद करते हैं। परिणामों के आधार पर नौ छात्रों को 100 फीसदी स्कॉलरशिप मिली है जबकि 1500 छात्रों को 80 फीसदी एवं अधिक स्कॉलरशिप दी गई है। टॉप पांच रैंकर्स में शामिल हैं- गुजरात से तन्वी बुराड, महाराष्ट्र से पलक शाह, उड़ीसा से तनीशा और पश्चिम बंगाल से पिउ महाता एवं आयूष बिट। अनसेट परीक्षा नीट-यूजी, आईआईटी-जेईई एवं फाउन्डेशन (9-12) के उम्मीदवारों के लिए खुली थी।

# सांस्कृतिक झरोखों ने पर्यटकों को किया भाव-विभोर

गुरजोत दुग्गल। कुरुक्षेत्र

**अंतरराष्ट्रीय** गीता समारोह में उत्तर भारत के सांस्कृतिक झरोखों को देखकर पर्यटक भाव-विभोर हो गए। इस उत्सव के एक मंच पर ही उत्तर भारत की लोक संस्कृति को देखा जा सकता है। इन लोक नृत्यों में हिमाचल प्रदेश के गद्दी लोक नृत्य ने पर्यटकों के सामने हिमाचल प्रदेश के मनीमहेश तीर्थ स्थल पर शिव-पार्वती की अराधना करने की प्रस्तुति देकर खूब वाहवाही बटोरी है। इस उत्सव में पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर और राजस्थान के लोक कलाकारों ने जमकर पर्यटकों का मनोरंजन किया और सभी को अपने मोहपाश में बांध दिया। ज्यों-ज्यों उत्सव आगे बढ़ रहा है, त्यों-त्यों उत्सव की रौनक भी बढ़ रही है। इस उत्सव में लोग जहां शिल्पकला को पसंद कर रहे हैं, वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आनंद ले रहे हैं। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला की तरफ से क्राफ्ट मेले में ब्रहमसरोवर के महिला घाट पर सांस्कृतिक मंच पर सबसे पहली प्रस्तुति हिमाचल प्रदेश के लोक कलाकारों ने दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में जान फूंकने का काम पंजाब का भांगड़ा करता है। इस लोक नृत्य की प्रस्तुति देने के लिए पंजाब से विशेष ग्रुप को आमंत्रित किया गया।

**सूचना केंद्र दे रहा है पल-पल की जानकारी :** जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि कुरुक्षेत्र उत्सव गीता जयंती समारोह में देश के कोने-कोने से आने वाले पर्यटकों का मार्गदर्शन करने और पल-पल की अहम सूचनाओं को देने के लिए मुख्य द्वार के स्टाल नम्बर एक पर सूचना केंद्र स्थापित किया गया है।

**अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में पहुंचे अजरबैजान और इथोपिया की राजदूत**

**कुरुक्षेत्र।** नवंबर अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में विदेशी मेहमानों का आना लगातार जारी है। इनमें दूसरे देशों के राजदूत भी शामिल हैं। बुधवार को भारत में अजरबैजान के राजदूत अशरफ शेखालीयेव व इथोपिया की राजदूत टिजिटा मुलुगेटा कुरुक्षेत्र पहुंची। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में पवित्र ब्रह्मसरोवर के तट पर लगे शिल्प मेले का भ्रमण किया और अलग-अलग कार्यक्रमों में शिरकत की है। महोत्सव को लेकर केडीबी सभागार में बनाए गए मीडिया सेंटर में दोनों मेहमान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। यहां पहुंचने पर भारत में अजरबैजान के राजदूत अशरफ शेखालीयेव व इथोपिया की राजदूत टिजिटा मुलुगेटा का विधायक सुभाष सुधा, केडीबी के मानद सचिव मदन मोहन छाबड़ा, केडीबी सदस्य सौरभ चौधरी, मनजीत सिंह ने पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि न केवल भारत को बल्कि पूरे विश्व को धार्मिक व आध्यात्मिक विकास के लिए गीता का ज्ञान जरुरी है। एक सवाल का जवाब देते हुए भारत में अजरबैजान के राजदूत अशरफ शेखालीयेव ने कहा कि कुरुक्षेत्र को विश्वभर में पवित्र शहर के रूप में जाना जाता है। यह श्रीमद्भागवदगीता की स्थली है। कुरुक्षेत्र शहर का प्रचार और प्रसार पूरे विश्व में होना चाहिए।



महोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार।



पत्रकारों से बातचीत करते अजरबैजान और इथोपिया की राजदूत।

## गीता महोत्सव की तर्ज पर हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा कृष्णा उत्सव : मनोहर

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**कर्मयोगी की धरा पर कर्म संदेश के साथ पर्यटकों को नजर आएंगी श्रीकृष्ण लीलाएं, आस्ट्रेलिया की सरजमीं पर 2023 में सुनाई देगी गीता की गूंज**

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव विश्व पटल पर अपनी अमिट छाप छोड़ चुका है। अब महाभारत स्थली कुरुक्षेत्र में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं नजर आएंगी।

कर्मयोगी धरा पर गीता महोत्सव की तर्ज पर कृष्णा उत्सव मनाया जाएगा। इस उत्सव को मनाने के लिए शहर सभी सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं का सहयोग भी लिया जाएगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल गत्त दिवस कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के सभागार में श्रीमद्भागवद गीता सदन में अंतरराष्ट्रीय गीता संगोष्ठी को संबोधित करने के उपरांत बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गीता महोत्सव का स्वरूप पूरी तरह बदल चुका है। वर्ष 2016 में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव को मनाने का सिलसिला शुरू हुआ और विदेशी सरजमीं पर गीता की वाणी गूंजी। आगामी 2023 में आस्ट्रेलिया की सरजमीं पर गीता गूंज सुनाई देगी।

इससे पहले मारिशस, लंदन व कनाडा में गीता महोत्सव मनाया जा चुका है। कनाडा में बाकायदा गीता के नाम से पार्क स्थापित किया गया है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में पर्यटकों के उत्साह को देखते हुए सरकार ने कुरुक्षेत्र की धरा पर भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं को मनमोहक अंदाज में प्रस्तुत करने का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अंतरराष्ट्रीय गीता संगोष्ठी के मंच से कहा कि कि भगवानी श्रीकृष्ण का हरियाणा से विशेष संबंध है। कुरुक्षेत्र में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था। गीता महोत्सव की तर्ज पर कृष्णा उत्सव मनाया जाएगा, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से लेकर रासलीला और साधारण व्यक्तित्व, राजा और कर्मयोगी के व्यक्तित्व की झलक दिखाई जाएगी।

उत्सव के दौरान झांकियों के माध्यम से कृष्ण अवतार और उनकी रासलीला व संगीत कला प्रदर्शित की जाएंगी। इस उत्सव के माध्यम से लोगों को भगवान श्री कृष्ण के जीवन के वास्तविक पहलुओं को करीब से देखने का मौका मिलेगा और वे भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों को अपने जीवन में धारण कर सकेंगे।

## अजरबैजान से है भारत के अच्छे संबंध

**राजदूत** अशरफ शेखालीयेव ने कहा कि अजरबैजान और भारत के अच्छे रिश्ते हैं। अजरबैजान में भारत के लोगों को, भारत की फिल्मों को, भारत के कलाकारों को बहुत पसंद किया जाता है। अजरबैजान भारत से पीपल-टू-पीपल कनेक्ट है। वहां पर बहुत से भारतीय काम करते हैं। बहुत से भारतीय होटल खुले हुए हैं। करीब 1 हजार भारतीय कंपनियां अजरबैजान में काम कर रही हैं। दोनों देशों के बीच करीब दो हजार बिलियन अमेरिकन डॉलर का व्यापार हो रहा है।

## इथोपिया को ज्ञान देने में भारत का योगदान : टिजिटा

**भारत** में इथोपिया की राजदूत टिजिटा मुलुगेटा ने कहा कि दोनों देशों के बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। इथोपिया को ज्ञान देने में भारत का योगदान रहा है। भारत के बहुत से शिक्षक और प्रोफेसर इथोपिया में कार्यरत हैं, जिन्होंने अपने ज्ञान के प्रकाश से इथोपिया के लोगों को भी ज्ञानवान बनाने में अहम भूमिका निभाई है। टिजिटा ने कहा कि इथोपिया में करीब 600 भारतीय कंपनियां काम कर रही हैं। लगातार व्यापार बढ़ रहा है। दोनों के बीच भविष्य में और बेहतर संबंध स्थापित होंगे।

## लोक वाद्य यंत्र बीन की महोत्सव के घाटों पर बनी सांस्कृतिक पहचान

**अंतरराष्ट्रीय** गीता महोत्सव में जहां चारों तरफ रौनक है, वहीं लोक कलाकार ब्रह्मसरोवर के किनारें अपने लोक वाद्य यंत्रों से पर्यटकों को लुभाने का काम कर रहे है। यह कलाकार वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनियों से सभी का दिल जीतने का काम कर रहे है।

इन्हीं कलाकारों में से एक सपेरा बीन पार्टी अपनी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए महोत्सव में जगह-जगह घूम कर अपनी लोक वाद्य कला बीन का प्रदर्शन कर रही है। इस बीन पार्टी द्वारा लोगों का का मनोरंजन भी कर रहे है। पार्टी के कलाकार मस्तान नाथ 70 वर्षीय बुजुर्ग भी बीन बजा रहे है ओर 45 वर्षीय हवा सिंह तुम्भा बजा कर व 35 वर्षीय धर्मवीर ढोल बजा कर लोगों का ध्यान अपनी आकर्षित कर रहे हैं। उन्होंने बताया की उनकी इस कला के लिए उन्हें कई बार सम्मानित भी किया जा चुका है।



उन्होंने अपनी इस कला का प्रदर्शन इटली और दुबई में भी किया है। वे पिछले पांच वर्षो से गीता महोत्सव में आ रहे है। उनकी कला के प्रति पर्यटकों का उत्साह और रुझान निरंतर बढ़ रहा है।

## सुभाष सुधा ने कैनवास पर कुची चला कर किया कार्यशाला का आगाज



**विधायक** सुभाष सुधा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव को यादगार बनाने के लिए कलाकार अपनी भावनाओं का रंग भर रहे है। इन अच्छी भावनाओं के कारण आज एक छोटे से समारोह से गीता जयंती के स्वरुप अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव बन चुका है।

इस महोत्सव के साथ हजारों शिल्पकारों व कलाकारों का अब गहरा संबंध भी बन चुका है। विधायक सुभाष सुधा गत्त देर सायं ब्रहमसरोवर पुरुषोतमपुरा बाग के गीता शिल्प उद्यान में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ललित कला विभाग के सहयोग से लगाई गई दो दिवसीय कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। इससे पहले विधायक सुभाष सुधा ने कैनवस पर अपनी कुची चलाकर ओम की पेंटिंग बनाकर विधिवत रुप से कार्यशाला का आगाज किया। विधायक ने कलाकारों द्वारा बनाई जा रही पेंटिंग की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रत्येक पेंटिंग में पवित्र ग्रंथ गीता और महाभारत के अहम पहलुओं को देखा जा सकता है। इस महोत्सव में हर वर्ष नए-नए कलाकारों के हुनर को देखने का अवसर मिलता है। इन कलाकारों को सरकार की तरफ से अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में एक बड़ा मंच भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। इस मंच से कलाकारों को आगे जाने का एक मार्ग भी दिखाई देता है।

## बार एसोसिएशन के चुनाव 16 को, नोटिफिकेशन जारी

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** वर्ष 2023 के लिए बार एसोसिएशन के चुनावों के लिए आज नोटिफिकेशन जारी कर दी गई। जानकारी देते हुए रिटर्निंग अधिकारी गौतम बठला ने बताया कि बार एसोसिएशन ऑफ पंजाब एंड हरियाणा द्वारा बार एसोसिएशन के चुनाव 16 दिसंबर को होने निश्चित किए गए हैं।

इसी के मद्देनजर शाहाबाद बार एसोसिएशन द्वारा भी चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि नोटिफिकेशन जारी होने के साथ शाहाबाद बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए पिछली बार की अपेक्षा 90 नए वोट होने के कारण रिटर्निंग अधिकारी के साथ 4 सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की भी नियुक्ति की गई है। पिछली बार शाहाबाद बार एसोसिएशन के चुनाव में कुल 133 वोट थे, जो कि इस बार बढ़कर 223 हो गए हैं।

जिसको देखते हुए अधिवक्ता राकेश त्योड़ी, अकाश कक्कड़, बक्शीश सैनी एवं शगुन सहरवाल को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। गौतम बठला ने बताया कि 16 दिसंबर को होने वाले बार एसोसिएशन के चुनाव में 6 दिसंबर को नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। 7 दिसंबर को नामांकन पत्र की छंटनी का काम होगा तथा उसी दिन नामांकन वापस भी लिए जा सकेंगे।


## दीवारों पर सजी भगवान श्री कृष्ण से संबंधित पेंटिंग

**गीता जयंती की तैयारियां पूर्ण, भव्य रूप से मनाया जाएगा तीन दिवसीय गीता महोत्सव**

**दो से चार दिसंबर तक स्थानीय सुभाष स्टेडियम में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम**

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**आजादी** का अमृत महोत्सव की श्रृंखला में प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार दो से चार दिसंबर तक स्थानीय सुभाष स्टेडियम में गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। एडीसी अंकिता चौधरी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा गीता के प्रचार एवं प्रसार के लिए प्रत्येक वर्ष जिला मुख्यालयों पर गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।



एडीसी अंकिता चौधरी।

जिला स्तर पर तीन दिवसीय गीता महोत्सव दो से चार दिसंबर तक स्थानीय सुभाष स्टेडियम में आयोजित होगा। गीता जयंती समारोह की तैयारियां प्रशासन द्वारा पूर्ण कर ली गई है। संपूर्ण शहर में दीवारों पर भगवान श्रीकृष्ण से संबंधित श्लोक और मनमोहक पेंटिंग बनाकर तैयार कर ली गई है।

सोनीपत में गीता जयंती समारोह खुशी व उल्लास के साथ मनाने के मकसद को लेकर तैयारियों को पूर्ण कर लिया गया है। जगह-जगह बैनर पोस्टर भी लगा दिए हैं, जिनमें भगवान श्रीकृष्ण के विराट रूप को दर्शाया गया है। गीता जयंती बैनर पोस्टर में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल की तस्वीरें भी दर्शाई गई हैं। गीता जयंती की नोडल अधिकारी सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. अनमोल ने बताया कि सभी अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। शहर में गीता जयंती के अंतिम दिन शोभायात्रा भी निकाली जाएगी और संपूर्ण शहर गीता के रंग में रंगा हुआ नजर आएगा।

एडीसी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जाएंगी। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, सूचना विज्ञान विभाग डिजिटल माध्यम से सरकार की योजनाओं का लाभ देने, जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदाता सूचियों के संक्षिप्त पुनर्निरीक्षण कार्यक्रम के तहत नए वोट बनवाने, कटवाने, शुद्धिकरण एवं वोट स्थानांतरित सहित अन्य विभाग प्रदत्त की जा रही सेवाओं के प्रचार एवं प्रसार के लिए स्टॉल लगाएंगे।

## भगवान श्रीकृष्ण के वस्त्र, श्रृंगार, आसन बिछोने को चाव से खरीद रही महिलाएं

**गुजरात से पंहुची हस्तकला कारीगार वंदना ठक्कर ने बताया कि इस कार्य में करीब 150 महिलाएं हस्तकला का सामान निर्मित करती हैं**

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**अंतरराष्ट्रीय** गीता महोत्सव में विभिन्न प्रदेशों से आये हस्तकला शिल्पकार अपनी-अपनी विधा से परिपूर्ण सामान लेकर पंहुचे हैं। गुजरात से वंदना ठक्कर ने स्टाल नम्बर 11 पर हस्तकला से बने हुए भगवान श्रीकृष्ण के वस्त्र, श्रृंगार, आसन और बिछोनों की स्टाल लगाई है।

इस स्टाल पर महोत्सव में पंहुचने वाले पर्यटक विशेषकर बच्चे और महिलाएं इनके सामान को खरीद रहे हैं। इसके साथ-साथ पर्यटक इनके द्वारा बेची जा रही सुगंधित अगरबत्तियां भी ले रहे हैं।



श्रीकृष्ण के वस्त्रों को खरीदते पर्यटक।

उल्लेखनीय है कि पर्यटकों द्वारा पूरे वर्ष भर के लिये विशेष अगरबत्तियों की खरीद की जा रही है। गुजरात से पंहुची हस्तकला कारीगार वंदना ठक्कर ने बताया कि इस कार्य में करीब 150 महिलाएं हस्तकला का सामान निर्मित करती हैं।

विशेषतौर से भगवान श्रीकृष्ण के वस्त्र, श्रृंगार का सामान, अगरबत्ती, धूप, आसन व बिछोनों को बनाया जाता है। पिछले लगभग 12 साल से महोत्सव में पंहुचने वाली वंदना ने बताया कि स्कूली बच्चे अपने साथ गोपाल को लाते हैं और उनकी प्रतिमा के लिये सभी सामान का चयन करने उपरांत कीमत पूछते हैं तो लगभग 100 रुपये से 150 रुपये का सामान बनता है, परन्तु कईं बच्चे पैसे कम होने की बात कहते हैं तो उन बच्चों को भगवान का स्वरूप देखकर उन्हें विशेष छूट देकर कम पैसों में सामान दे दिया जाता है क्योंकि बच्चे भगवान का रूप होते हैं। उन्होंने कहा कि इस मौसम में आते हुए कईं परमानैंट पर्यटकों से पारिवारिक रिश्ते भी बनें हैं। पर्यटक जब घर से आते हैं तो खाने आदि की वस्तु भी हमारे लिये लाते हैं जोकि सामाजिक सौहार्द का एक बहुत बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि आगे भी इसी तरह इस मौसम में आते रहेंगे और भगवान के चरणों में नमन करते रहेंगे।

## हरियाणवी मंडप में कलाकार बिखेर रहे सांस्कृतिक छटा

**कुरुक्षेत्र।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा तथा हरियाणा कला परिषद द्वारा तैयार करवाया गया हरियाणवी मण्डप पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करने में मुख्य भूमिका अदा कर रहा है। हरियाणवी मंडप की सुंदरता इतनी भव्य है कि प्रत्येक व्यक्ति हरियाणवी मंडप में प्रवेश करते ही स्वयं को हरियाणा के गांव में पाता है। अलग-अलग तरह की स्टाल, खान-पान तथा हरियाणा की पैतृक सम्पति को दर्शाती दीर्घा पुरातन हरियाणा के दर्शन करवा रही है।

भारत की महामहिम राष्ट्रपति दौपदी मुर्मू के कर-कमलों से हरियाणा मण्डप का उद्घाटन हुआ और तभी से लोगों का तांता हरियाणा की छटा देखने के लिए लगा हुआ है। मंडप के नोडल अधिकारी तथा हरियाणा कला परिषद के निदेशक संजय भसीन द्वारा उद्घाटन अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को हरियाणवी पैतृक संपत्ति के बारे में जानकारी भी दी गई। हरियाणा के राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री मनोहर लाल तथा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के प्रधान सचिव डॉ. डी. सुरेश भी हरियाणा मंडप में मौजूद रहे।

## गैंगस्टर काला राणा के भाई को पुलिस ने लिया प्रोडक्शन रिमांड पर

**यमुनानगर।** गैंगस्टर काला राणा के भाई सूर्यप्रताप उर्फ नोनी राणा को लिया प्रोडक्शन रिमांड पर। पुलिस प्रवक्ता चमकौर सिंह ने बताया कि अपराध शाखा - 2 की टीम ने काला राणा के भाई सूर्यप्रताप उर्फ नोनी राणा को प्रोडक्शन रिमांड पर लिया है। सूर्य प्रताप उर्फ नोनी राणा का अदालत से चार दिन का रिमांड लिया गया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

इंचार्ज राकेश कुमार ने बताया कि सूर्यप्रताप उर्फ नोनी राणा को 13 सितंबर को दर्ज लूट के केस में आरोपी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि जेल से ही नोनी राणा ने बदमाश सिमरनजीत सिंह उर्फ बावा व अभिषेक को गाड़ी लूटने के लिए कहा था। मामले में दो आरोपी पकड़े जा चुके हैं। इसी केस में अंबाला जेल में बंद नोनी राणा को प्रोडक्शन रिमांड पर लिया गया है। इंचार्ज राकेश कुमार ने बताया कि सदर यमुनानगर थाना में दर्ज लूट के केस में नोनी राणा को प्रोडक्शन रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

इंचार्ज राकेश कुमार ने बताया कि 13 सितंबर को गश्त कर रही अपराध शाखा-2 की टीम को बदमाशों ने रोका और गाड़ी लूटने के इरादे से पिस्टल तान दी थी। टीम ने मौके पर दो बदमाश सुभाषनगर कॉलोनी निवासी सिमरनजीत सिंह उर्फ बाबा व प्रोफेसर कॉलोनी निवासी शुभम को पकड़ लिया था। दोनों बदमाशों से देसी कट्टे व सात कारतूस बरामद हुए थे। उनके पास से एक बिना नंबर की बाइक भी बरामद हुई थी। दोनों बदमाशों से पूछताछ के बाद राज खुला कि यह बदमाश ने गैंगस्टर काला राणा व उसके भाई सूर्यप्रताप उर्फ नोनी राणा के गुर्गे हैं। इसके बाद विष्णुनगर निवासी अभिषेक पंजेटा को पकड़ा गया था। इन बदमाशों को गाड़ी लूटने के लिए नोनी राणा ने कहा था। इसके साथ ही बदमाशों ने नोनी के कहने पर हथियार व मोबाइल एकत्र किए और उसके लक्ष्मी गार्डन स्थित घर में रखे थे। इन हथियारों को एनआइए की टीम ने रेड कर बरामद किया था।

## संक्षिप्त-समाचार

### हार्टफुलनेस ध्यान की एक सरल प्रद्धति : अतुल जैन



**करनाल।** बागवानी महाविद्यालय महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल में एमएचयू कुलपति प्रो समर सिंह के निर्देशन में चार दिवसीय हार्टफूलनेस वर्कशॉप का विधिवत समापन हुआ। वर्कशॉप के अंतिम दिन मुख्य वक्ता के तौर पर अतुल जैन ओर नरेश ग्रोवर ने विशेष तौर से शिरकत की। मुख्य वक्ताओं ने महाविद्यालय के स्टूडेंट के साथ बेहतर तरीक से संवाद किया गया। उन्होंने बच्चों के साथ संवाद करते हुए कहा कि हार्टफूलनेस, ध्यान करने की एक सरल तथा परिष्कृत अभ्यास पद्धति जो हमें अपने ह्दय में मौजूद दिव्य प्रकाश एवं प्रेम से जोड़ती है। कॉलेज के एसोसिएट डीन प्रो. रंजन गुप्ता ने बताया कि हार्टफूलनेस एक ऐसा संस्थान है, जो ध्यान ओर योग के जरिए लोगों की लाइफस्टाइल को बदलने का कार्य कर रही है। ध्यान की सबसे सामान्य परिभाषा है, किसी एक बात पर लगातार विचार करना ओर हम सबके लिए यह बहुत आम बात है। वर्कशॉप के दौरान कॉलेज विद्यार्थियों अक्षिति, सिंकदर, ज्योतिमान, साहिल, सोमवीर तथा अन्य ने अपने अनुभवों को सांझा किया। वर्कशॉप के समापन अवसर पर एसोसिएट डीन प्रो रंजन गुप्ता ओर डॉ. विजय अरोड़ा ने मुख्य वक्ताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। डॉ. अजय कुमार और डॉ. युवराज ने वर्कशॉप का सफल आयोजन किया। डॉ. राजिंद्र, डॉ. राजकुमार, डॉ. सहरून खान सहित कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा।

### हस्तलेखन नवयुग और महाराणा प्रताप स्कूल की टीमें प्रथम

**कुरुक्षेत्र।** गीता जयंती महोत्सव 2022 के अवसर श्री जयराम विद्यापीठ में श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से आयोजित प्रतियोगिताओं के तीसरे दिन बुधवार को सुन्दर हस्तलेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जयराम संस्थाओं के मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला ने बताया कि विद्यापीठ द्वारा बच्चों को गीता के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उनकी प्रतिभा को भी उभारने का प्रयास किया है। इसी क्रम में आयोजित सुन्दर हस्तलेखन प्रतियोगिता में नन्हे बच्चों की लेखन शैली को देखकर निर्णायक मण्डल भी दंग रह गया। मौके पर परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरुप ब्रह्मचारी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक अंजू अग्रवाल ने बच्चों के हस्त लेखन शैली का अवलोकन किया। हस्तलेखन प्रतियोगिता में नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल तथा महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल सिटी ब्रांच के विद्यार्थियों ने प्रथम पुरस्कार हासिल किया। प्रतियोगिता में गुरुकुल कुरुक्षेत्र, टेरी पब्लिक स्कूल तथा सहारा कॉम्प्रिहेंसिव स्कूल के विद्यार्थियों ने द्वितीय, धन्ना भगत पब्लिक स्कूल, गीता सह शिक्षा माध्यमिक विद्यालय तथा अग्रसेन पब्लिक स्कूल सेक्टर 13 के विद्यार्थियों ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल, बाबा सिद्धनाथ सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल तथा पुलिस डीएवी स्कूल के विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार मिले। इस प्रतियोगिता में डा. पुरुषोत्तम तथा डा. जया नामदेव ने निर्णायक मंडल के तौर पर भूमिका अदा की। इस मौके पर सेवानिवृत आयुक्त टी के शर्मा, राजेंद्र सिंघल, ईश्वर गुप्ता, कुलवंत सैनी, खरैती लाल सिंगला, सुनील गर्ग तथा राजेश सिंगला भी मौजूद रहे।

### छात्राओं को संपत्ति से संबंधित अधिकारों के बारे में किया जागरूक



**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** आर्य कन्या महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं कानूनी साक्षरता विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याख्यान में अधिवक्ता आरएन पटवा एवं अधिवक्ता विपिन गुप्ता ने मुख्य वक्ता की भूमिका निभाई। प्राचार्या डा. आरती त्रेहन ने मुख्य वक्ताओं का स्वागत किया एवं वाणिज्य विभाग को कार्यक्रम आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। अधिवक्ता विपिन गुप्ता ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उनको अपनी संपत्ति से संबंधित अधिकारों के बारे में बताया। उन्होंने बहुत सी सशक्त महिलाओं का उदाहरण देकर छात्राओं को प्रोत्साहित किया एवं कानून क्षेत्र में करियर बनाने से संबंधित जानकारी दी। आरएन पटवा ने छात्राओ से अपने विचार साझा करते हुए बताया कि आत्मविश्वास ज्ञान से आता है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं को स्वयं को जगाना होगा तथा सरकार द्वारा बनाए गए विभिन्न कानूनों से जागरूक होना होगा। इस कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग की 98 छात्राओं ने भाग लिया। मंच का संचालन अंकिता हंस ने किया। कार्यक्रम के समापन पर वाणिज्य विभाग एवं कार्यक्रम की संयोजिका डा. अंजू ने मुख्य वक्ताओं का धन्यवाद किया। इस अवसर पर असिस्टेंट प्रोफेसर रोजी गर्ग, रजनी, धवन, शिवानी, निष्ठा एवं शिवानी शर्मा मौजूद रहे।

### दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर गांव के विकास की ओर ध्यान दें



**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** हरियाणा शुगर फेड के चेयरमैन और विधायक रामकरण ने शाहाबाद ब्लॉक के नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्य से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। बैठक में विधायक ने सदस्यों को गांव में विकास कार्य कराने संबंधी गुर दिए और अपने अपने गांव में कराए जाने वाले कार्यों की सूची तैयार करने को कहा। विधायक ने कहा कि अभी उनके कार्यकाल में दो साल है और सभी विजेता पंचायत समिति सदस्यों हेतु वे उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला से गांव के विकास के लिए करोड़ों रुपये की विकास राशि देने की सिफारिश करेंगे। उन्होंने आग्रह किया कि जीतने के बाद अब सभी पंचायत समिति सदस्य लड़ाई-झगड़े से दूर रह कर और जाति-पाति व दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर गांव के विकास की ओर ध्यान दे। इस मौके पर जननायक जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कुलदीप जखवाल, नपा प्रधान गुलशन, हल्का प्रधान जगबीर मोहड़ी, जिला परिषद सदस्य कंवरपाल ने भी नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों को बधाई दी। जिला अध्यक्ष कुलदीप जखवाल ने कहा कि अब जिले के प्रत्येक गांव आवश्यकतानुसार विकास के काम कराए जाएंगे। इस मोके पूर्व जिला परिषद सदस्य सुकरमपाल, पार्षद प्रवीण शर्मा, कमित सचदेवा, विजय ठकराल, ब्लॉक समिति सदस्य डिंपल हरिपुर, पूजा रानी त्यौडा, बरखा राम खेड़ा, संदीप सिंह पाडलु, अर्जंलि दाउमजरा, तरसेम सिंह बोरिपुर, दलजीत कौर, जसबीर सिंह लाड़ी, जसबीर सिंह ठोल, रिंकू कठवा, सुरेन्द्र कश्यप त्यौडा, राकेश रावा, दर्शन सिंह, अमरजीत सिंह, सुरेन्द्र सिंह, गुलाब सिंह, गुरबख्श सिंह सुलखनी, मस्तान सिंह दाउमाजरा और सुल्तान सिंह मौजूद रहे।


रवीना टंडन ने बाघिन के करीब पहुंचने की घटना पर कहा

# वन विभाग की जीप निर्धारित पथ पर थी, नहीं पता बाघ कब, क्या प्रतिक्रिया दे

## रवीना ने ट्वीट किया एक बाघ डिप्टी रेंजर की मोटरसाइकिल के पास आ गया था

एजेंसी। मुंबई





**बॉलीवुड** अभिनेत्री रवीना टंडन ने बुधवार को कहा कि वह वन विभाग के लाइसेंस वाली जीप में सफर कर रही थीं, जो निर्धारित पर्यटक पथ पर ही चल रही थी। दरअसल, उनका यह बयान तब आया है, जब सतपुड़ा बाघ अभयारण्य के अधिकारियों ने एक वीडियो के सामने आने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है, जिसमें कथित तौर पर दिखाया गया है कि सफारी के दौरान रवीना का वाहन संरक्षित क्षेत्र में एक बाघ के पास आ गया था।

**समपुड़ा अभ्यारण्य के अफसरों ने वीडियो के सामने आने के बाद जांच शुरू कर दी**

रवीना 22 नवंबर को अभयारण्य गई थीं। उन्होंने ट्वीट किया कि वह सफारी पर वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रशिक्षित गाइड और चालकों के साथ गई थीं। एक स्थानीय समाचार चैनल की 25 नवंबर की वीडियो रिपोर्ट साझा करते हुए रवीना ने ट्वीट किया, एक बाघ डिप्टी रेंजर की मोटरसाइकिल के पास आ गया था।

उन्होंने कहा, कोई यह नहीं बता सकता है कि बाघ कब और कैसे प्रतिक्रिया देगा। यह वन विभाग का लाइसेंसी वाहन था, उनके गाइड और चालक साथ थे, जिन्हें अपनी सीमाओं और वैधताओं की पूरी जानकारी है। रवीना ने बताया कि वह और उनके साथ यात्रा कर रहे लोग चुप बैठे थे और उन्होंने बाघिन को आगे बढ़ते हुए देखा।

सोशल मीडिया मंच पर सामने आए वीडियो में सफारी वाहन एक बाघ के करीब पहुंचते दिख रहा है। वीडियो में कैमरे के शटर की आवाज सुनाई देती है और एक बाघ उन लोगों पर दहाड़ता दिखाई दे रहा है। यह घटना मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले में स्थित सतपुड़ा बाघ अभयारण्य में हुई।

रवीना ने सतपुड़ा बाघ अभयारण्य के दौरे की तस्वीरें अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा की थीं। अभिनेत्री ने बाघों की तस्वीरें भी साझा की थीं, जो उन्होंने अभयारण्य में अपने दौरे के दौरान ली थीं।

### केटी को है गुर्राने की आदत

**अभिनेत्री** ने कहा, हम पर्यटक पथ पर थे, जिसे बाघ अक्सर पार करते हैं। इस वीडियो में नजर आ रही बाघिन केटी को भी गाड़ियों के पास आने और गुर्राने की आदत है।

### घटना के दौरान हम थे मूकदर्शक

**एक** अन्य ट्वीट में 48 वर्षीय रवीना ने कहा कि बाघ अपने इलाके के राजा होते हैं और घटना के दौरान वे मूक दर्शक भर थे। उन्होंने कहा, अचानक कोई भी गतिविधि उन्हें भी हैरान कर सकती है।

### कथित घटना की जांच शुरू कर दी

**वन** के उपसंभागीय अधिकारी (एसडीओ) धीरज सिंह चौहान ने मंगलवार को कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश के बाद उन्होंने कथित घटना की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि 22 नवंबर को रवीना के अभयारण्य के दौरे के दौरान उनका वाहन कथित तौर पर एक बाघ के पास पहुंच गया था।

# मोदी सरकार किसी भी चीज के लिए जिम्मेदार नहीं

एजेंसी। नई दिल्ली



**कोविड टीकाकरण के बाद कथित प्रतिकूल प्रभावों से दो लड़कियों की मौत पर एससी में दिया था हलफनामा**

**कांग्रेस** ने कोविड-19 रोधी टीके लगाए जाने के बाद टीकाकरण पश्चात प्रतिकूल प्रभाव (एईएफआई) के संदर्भ में केंद्र सरकार द्वारा उच्चतम न्यायालय में दिए गए हलफनामे को लेकर बुधवार को कटाक्ष करते हुए कहा कि यह सरकार कभी किसी चीज के लिए जिम्मेदार नहीं है।


पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने दावा भी किया कि सरकार ने थैंक यू मोदी जी, हर वैक्सीन सर्टिफिकेट पर फोटो से ले कर हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं है तक का सफर बड़ी जल्दी तय कर लिया। उन्होंने ट्वीट कर कहा, देश में कहीं भी अगर कोविड टीके के दुष्प्रभाव से मौत हो रही है तो उसके लिए सरकार जिम्मेदार नहीं है, लोग मर्जी से टीके लगवा रहे हैं, मोदी सरकार ने उच्चतम न्यायालय में हलफनामा में यह कहा है। वैसे यह सरकार किसी चीज के लिए कभी भी जिम्मेदार नहीं है।

उल्लेखनीय है कि केंद्र ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय में कहा कि कोविड-19 रोधी टीके लगाए जाने के बाद टीकाकरण पश्चात प्रतिकूल प्रभाव (एईएफआई) की किसी घटना से मौत को लेकर सरकार मुआवजा देने के लिए जवाबदेह नहीं हो सकती।

केंद्र सरकार देश में कोविड महामारी से निपटने के लिए शुरू से ही जोरशोर के साथ टीकाकरण अभियान चला रही है और ताजा रिपोर्ट के अनुसार देशभर में कोविड-19 रोधी टीकों की 219 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं। इस तथ्य के मद्देनजर केंद्र द्वारा शीर्ष अदालत में दायर हलफनामे को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कोविड टीकाकरण के बाद कथित रूप से प्रतिकूल प्रभावों से दो लड़कियों की मौत के मामले में उनके माता-पिता की याचिका के जवाब में हलफनामा दाखिल किया गया था।

# कांग्रेस ने भारतीय राजनीति में सबसे ज्यादा विश्वसनीयता का संकट पैदा किया : राजनाथ

एजेंसी। अहमदाबाद,



**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस ने भारतीय राजनीति में विश्वसनीयता का संकट खड़ा किया है क्योंकि पार्टी द्वारा किए गए वादों और उनके क्रियान्वयन के बीच बहुत अंतर है। गुजरात में प्रथम चरण के लिए एक दिसंबर को होने वाले चुनाव से पहले यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि कांग्रेस जहां अपने अस्तित्व के लिए चुनाव लड़ रही है, आम आदमी पार्टी अपनी मौजूदगी दर्ज कराने के लिए मैदान में है।

उन्होंने कहा, यह भाजपा ही है जो गुजरात में 182 सीटों में से दो-तिहाई से अधिक जीतेगी, जैसा कि कई राजनीतिक विश्लेषकों ने भविष्यवाणी की है। भाजपा में लोगों का भरोसा वर्षों से बढ़ा है और पार्टी (गुजरात में जीत के) पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ देगी और सत्ता बरकरार रखेगी। सिंह ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में रहते हुए लोगों से किए गए वादों को पूरा करती तो भारत कई साल पहले दुनिया का सबसे मजबूत देश बन गया होता।

भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, हर कोई जानता है कि अगर कोई राजनीतिक दल है जिसने भारतीय राजनीति में विश्वसनीयता का सबसे बड़ा संकट पैदा किया है, तो वह कांग्रेस है। उन्होंने अतीत में जो वादे किए और जो काम किया उसमें बहुत अंतर है। उन्होंने कहा कि दूसरी ओर भाजपा हमेशा अपनी बात पर कायम रही और अपने घोषणापत्र में किए गए वादों को पूरा किया।

रक्षा मंत्री ने कहा, जब अन्य सभी दल विश्वसनीयता के संकट का सामना कर रहे हैं, तब भाजपा भारतीय राजनीति में विश्वसनीयता के प्रतीक के रूप में उभरी है। मोदी जी के 2014 में बागडोर संभालने के बाद, हमारे देश का कद दुनिया में बढ़ा है।

गुजरात में फिर से चुने जाने पर समान नागरिक संहिता को लागू करने के भाजपा के चुनावी वादे पर सिंह ने कहा कि जनसंघ के गठन के दिनों से ही समान नागरिक संहिता के बारे में पार्टी की नीति बहुत स्पष्ट रही है। उन्होंने कहा, हम समय-समय पर अपना रुख नहीं बदलते हैं। कोई भी निर्णय लेते समय राजनीति और उसे लोग कैसे देखेंगे इसे ध्यान में नहीं रखा जाता।

### भारत के लोग मोदी से प्यार करते हैं

**नड्डा** ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में अब तक स्वीकार नहीं कर सके हैं और इसीलिए अक्सर आपत्तिजनक टिप्पणी की जाती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता उनके इशारों पर ही मोदी पर निशाना साधते हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, लोकतंत्र में कोई भी नेता ऐसी भाषा का इस्तेमाल करता है तो उसे शर्मिंदगी महसूस करनी चाहिए। भारत के लोग मोदी से प्यार करते हैं और उनपर विश्वास करते हैं।

# गहलोत, पायलट में सुलह, कांग्रेस के अंदरूनी कलह का राजनीतिक विराम



**मीडिया के सामने वेणुगोपाल ने दोनों नेताओं का हाथ पकड़कर कहा, यह है राजस्थान कांग्रेस**

एजेंसी। जयपुर


**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उनके पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की मौजूदगी में मंगलवार को एकजुटता के प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को कहा कि यह फिलहाल के लिए एक राजनीतिक विराम है और लोगों को फिर से गद्दार जैसे शब्द सुनने को मिलेंगे।

भाजपा विधायक और प्रदेश प्रवक्ता राम लाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस में अंदरूनी कलह से जनता परेशान है। शर्मा ने एक वीडियो बयान में कहा, कांग्रेस की अंदरूनी सियासत का नजारा मंगलवार को एक बार फिर दिखा जब हाथ खड़ा करके राज्य की अवाम को यह विश्वास दिलाया गया कि कांग्रेस के अंदर सबकुछ ठीक है लेकिन मुझे लगता है कि यह एक राजनीतिक विराम है जो कुछ समय के लिए थमा है और एक बार फिर राज्य की जनता को वही सब सुनने को मिलेगा... नकारा, निकम्मा, गद्दार...।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की अंदरूनी कलह का नुकसान राजस्थान की जनता को हो रहा है...ना कांग्रेस के नेताओं और ना कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को कोई फिक्र है। राज्य में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में आंदोलनों का दबाया जाता है।

गहलोत ने जुलाई 2020 में राजनीतिक संकट के दौरान पायलट के खिलाफ नकारा , निकम्मा और गद्दार जैसे शब्दों का प्रयोग किया था। उस समय तत्कालीन उपमुख्यमंत्री और पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सचिन पायलट और 18 अन्य कांग्रेस विधायकों ने उनके (गहलोत) के खिलाफ विद्रोह कर दिया था। पिछले सप्ताह भी गहलोत ने एक टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में कहा था कि पायलट गद्दार हैं और उन्हें मुख्यमंत्री नहीं बनाया जा सकता क्योंकि उन्होंने 2020 में कांग्रेस के खिलाफ बगावत की थी और राज्य सरकार को गिराने की कोशिश की थी। मीडिया के सामने वेणुगोपाल ने दोनों नेताओं का हाथ पकड़कर कहा, यह राजस्थान कांग्रेस है।

# उत्तर प्रदेश : राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के आरोप में युवक गिरफ्तार



**बदायूं (उप्र)।** जिले में एक युवक को राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने और उससे अपना चेहरा पोंछने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। इस घटना का कथित वीडियो इससे पहले सोशल मीडिया पर सामने आया था जिसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण सिद्धार्थ वर्मा ने कहा कि जरीफ नगर में ढेल गांव के निवासी शाहरुख के खिलाफ राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के आरोप में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। वीडियो में युवक पहले अपने चेहरे के पसीने को राष्ट्रीय ध्वज से पोंछता हुआ नजर आ रहा है। उसके बाद युवक राष्ट्रीय ध्वज को पैरों के नीचे रौंदता हुआ नजर आ रहा है।


# उप्र के बिजली कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार दूसरे दिन भी जारी

**लखनऊ।** पुरानी पेंशन बहाली समेत विभिन्न मांगों को लेकर विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर बिजलीकर्मियों का अनिश्चिकालीन कार्य बहिष्कार दूसरे दिन बुधवार को भी जारी रहा। समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि प्रदेश भर में हजारों बिजली कर्मचारियों, कनिष्ठ अभियंताओं और अभियंताओं ने मंगलवार की ही तरह आज भी काम बंद कर दिन भर विरोध प्रदर्शन किया। ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबंधन के रवैए की निन्दा की। उन्होंने बताया कि इस कार्य बहिष्कार की वजह से आम जनता को तकलीफ न हो, इसलिए बिजली उत्पादन घरों, पारेषण विद्युत उपकेन्द्रों, प्रणाली संचालन और वितरण विद्युत उपकेन्द्रों की पाली में तैनात बिजलीकर्मियों को कार्य बहिष्कार आन्दोलन से फिलहाल अलग रखा गया है।

# मेश ने स्कॉट मॉरिसन के मामले को लेकर प्रधानमंत्री मोदी पर कटाक्ष किया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने ऑस्ट्रेलिया की संसद द्वारा वहां के पूर्व प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन की निंदा किए जाने के मामले को लेकर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मॉरिसन अपने मित्र मोदी से सलाह ले सकते थे कि कैसे सभी मंत्रालयों का प्रभार संभालना है। रमेश ने ट्वीट किया, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन द्वारा खुद को गुप्त रूप से पांच अतिरिक्त मंत्रालयों का मंत्री नियुक्त किए जाने के लिए वहां की संसद ने उनकी निंदा की है। वह अपने मित्र और हमारे प्रधानमंत्री से सलाह ले सकते थे कि कैसे बहुत सारे मंत्रियों के होने के बावजूद सभी मंत्रालयों का प्रभारी रहना है।

# विदेश मंत्रालय 3-6 तक गोवा में लुसोफोन महोत्सव होगा



एजेंसी। नई दिल्ली

**महोत्सव का मकसद है लुसोफोन देशों के साथ भारत के सम्पर्क को और मजबूत बनाना**

**विदेश** मंत्रालय, भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) और गोवा सरकार के साथ मिलकर गोवा में 3-6 दिसंबर तक अंतरराष्ट्रीय लुसोफोन महोत्सव का आयोजन करेगा।

विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, गोवा के लुसोफोन देशों के साथ ऐतिहासिक संबंध रहे हैं, जो ओरिएंट फाउंडेशन, केमोएस इंस्टीट्यूट जैसे पुर्तगाली सांस्कृतिक संस्थानों की मौजूदगी से पोषित हुए हैं। ये संस्थाएं भारत में पुर्तगाली भाषा और संस्कृति को बढ़ावा देती हैं। बयान में कहा गया है कि इससे पुर्तगाली भाषी देशों के समुदाय (सीपीएलपी) के साथ सांस्कृतिक सहयोग एवं लोगों से लोगों के बीच सम्पर्क प्रगाढ़ बने हैं।

मंत्रालय ने कहा कि विदेश मंत्रालय, भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) और गोवा सरकार के साथ मिलकर गोवा में 3-6 दिसंबर तक अंतरराष्ट्रीय लुसोफोन महोत्सव का आयोजन करेगा। इस महोत्सव का मकसद लुसोफोन देशों के साथ भारत के सम्पर्क को और मजबूत बनाना है। ज्ञात हो कि लुसोफोन देशों में पुर्तगाल, ब्राजील, अंगोला, मोजाम्बिक, केप वेर्दे, गिनी बिसाऊ साओ तोम और प्रिंसिपे शामिल हैं। इसमें बताया गया है कि अंतरराष्ट्रीय लुसोफोन महोत्सव का उद्घाटन तीन दिसंबर को गोवा के राजभवन में वहां के मुख्यमंत्री प्रमोदी सावंत करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी होंगी।

# मैथिली ठाकुर को बिहार खादी, हस्तकला का ब्रांड एंबेसडर बनाया

एजेंसी। पटना



**लोक संगीत** में योगदान के लिए जानी जाने वाली बिहार की मशहूर गायिका मैथिली ठाकुर को राज्य के खादी एवं हस्तकला उद्योग का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि पटना में मंगलवार को आयोजित एक समारोह में मैथिली को उद्योग विभाग द्वारा खादी एवं हस्तकला उद्योग का ब्रांड एंबेसडर बनाए जाने से संबंधित पत्र सौंपा गया। बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड बिहार सरकार के उद्योग विभाग के अंतर्गत आता है। 22 वर्षीय मैथिली को हाल में साल 2021 के लिए संगीत नाटक अकादमी के प्रतिष्ठित उस्ताद बिस्मिलाह खान युवा पुरस्कार के लिए चुना गया था। संगीत नाटक अकादमी और राष्ट्रीय संगीत, नृत्य एवं नाटक अकादमी ने इस महीने की शुरुआत में अपनी सामान्य परिषद की बैठक में देशभर के 102 युवा कलाकारों को साल 2019 से 2021 के बीच अपने-अपने कला क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए इन पुरस्कारों के लिए चुना था। बिहार के मधुबनी जिले के बेनीपट्टी में जन्मी मैथिली को हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के अलावा मैथिली को लोक संगीत का प्रशिक्षण उनके पिता और दादा से मिला है।

**बीएस-4 वाहन घोटाला**

# ईडी ने पूर्व तेदेपा विधायक की करोड़ों की संपत्ति जब्त की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कहा कि उसने बीएस-4 वाहनों के एक कथित घोटाले से जुड़े मामले में आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के पूर्व विधायक जेसी प्रभाकर रेड्डी और उनके सहयोगियों एवं कंपनियों की 22 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है। रेड्डी अभी आंध्र प्रदेश की अनंतपुर जिले की तड़ीपत्री नगरपालिका के अध्यक्ष हैं। ईडी ने कहा कि यह मामला उच्चतम न्यायालय के मार्च 2017 के एक फैसले से उपजा है, जिसके तहत शीर्ष अदालत ने आदेश दिया था कि भारत में कोई भी वाहन निर्माता या डीलर एक अप्रैल 2017 से बीएस-4 उत्सर्जन नियमों का पालन न करने वाले किसी भी वाहन की बिक्री नहीं करेगा।

# बिहार के पूर्णिया में दुर्लभ छिपकली बरामद, पांच लोग गिरफ्तार

एजेंसी। पूर्णिया



**बिहार** के पूर्णिया जिले में दवा की एक दुकान से बुधवार को टोके गेको प्रजाति की एक दुर्लभ छिपकली और नशीला कफ सिरप जब्त किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। कार्यवाहक पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार सरोज ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर बैसी संभाग के एक स्टोर पर छापेमारी की गई और सामान जब्त किया गया।

उन्होंने कहा, दुकान का मालिक मौके से फरार हो गया। इस मामले में एक कथित तस्कर और उसके चार साथियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने हालांकि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान उजागर करने से मना कर दिया। अधिकारी ने कहा, छिपकली की कीमत लगभग 1.5 करोड़ रुपए बताई जा रही है। इसकी सूचना वन अधिकारियों को दी गई। वन विभाग संदिग्ध तस्करों के खिलाफ कानूनी कार्वाई भी शुरू करेगा। टोके गेको को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की अनुसूची तीन में अत्यधिक लुप्तप्राय सूची में रखा गया है।

बताया जा रहा है कि इस छिपकली के मांस से नपुंसकता, डायबिटीज, एड्स और कैंसर की परंपरागत दवाएं बनाई जाती हैं। यह छिपकली दक्षिण-पूर्व एशिया, बिहार, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, पूर्वोत्तर भारत, फिलीपींस तथा नेपाल में पाई जाती हैं। जंगलों की लगातार कटाई होने के कारण इस प्रजाति की छिपकली खत्म होती जा रही है।

बैसी के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) आदित्य कुमार ने बताया कि संदेह है कि आरोपी पश्चिम बंगाल से छिपकली लाए थे और वे इसे दिल्ली ले जाने की योजना बना रहे थे। उन्होंने कहा कि जब्त किए गए कफ सिरप में नशीला प्रतिबंधित पदार्थ कोडीन मिला हुआ था।

# विस चुनाव : भाजपा के सामने मध्य गुजरात में बढ़त बनाए रखने की चुनौती

बड़ौदा के महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय में राजनीतिक विज्ञान के प्रोफेसर अमित ढोलकिया ने ऐसा कहा

## मध्य गुजरात क्षेत्र में भाजपा ने 2017 के चुनावों में 37 सीटें और कांग्रेस ने 22 सीटें जीती थीं

एजेंसी। अहमदाबाद



**गुजरात** में 182 विधानसभा सीटों के करीब एक तिहाई या 61 सीटों वाले आठ जिलों में फैले मध्य क्षेत्र में आदिवासी और अत्यधिक शहरी इलाकों की मिश्रित संख्या है, जहां सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 2017 के चुनावों में कांग्रेस पर अच्छी-खासी बढ़त हासिल की थी। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि कांग्रेस के इस क्षेत्र से एक वरिष्ठ आदिवासी नेता के भाजपा में शामिल होने से इस बार वह बैकफुट पर दिखाई दे रही है।

मध्य गुजरात क्षेत्र में भाजपा ने 2017 के चुनावों में 37 सीटें और कांग्रेस ने 22 सीटें जीती थीं जबकि दो सीटें निर्दलियों के खाते में गई थी। इस क्षेत्र में 10 सीटें अनुसूचित जनजाति (एसटी) तथा तीन अनुसूचित जाति (एससी) के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है।

भाजपा ने अहमदाबाद और वडोदरा के शहरी इलाकों में अपने मजबूत समर्थन से सीटों की संख्या बढ़ाई थी और ए दोनों क्षेत्र खेड़ा, आणंद और एसटी बहुल पंचमहल जिले के साथ अब भी उसके गढ़ बने हुए हैं।

मध्य क्षेत्र के आठ जिलों दाहोद, पंचमहल, वडोदरा, खेड़ा, महीसागर, आणंद, अहमदाबाद और छोटा उदयपुर में से कांग्रेस बमुश्किल चार जिलों में ही दिखाई दी।

भाजपा ने 2017 में दाहोद जिले में चार में से तीन सीट जीती थी, पंचमहल में पांच में से चार, वडोदरा में 10 में से आठ, खेड़ा में सात में तीन, महीसागर में दो में से एक, आणंद में सात में से दो, छोटा उदयपुर में तीन में से एक और अहमदाबाद में 21 में से 15 सीटें जीती थी।

बड़ौदा के महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय में राजनीतिक विज्ञान के प्रोफेसर अमित ढोलकिया ने कहा कि जहां तक आदिवासी सीटों का संबंध है तो नतीजों का अनुमान लगाना मुश्किल है लेकिन राठवा के कांग्रेस छोड़ने का निश्चित तौर पर असर पड़ेगा।

ढोलकिया ने कहा, भाजपा ने क्षेत्र में पकड़ बना ली है और वह महीसागर और दाहोद में कुछ सीटें जीतकर मजबूत साबित हुई इसलिए ऐसी सीटों पर दोनों दलों के पास समान अवसर है। जो उनकी संगठनात्मक क्षमता और उम्मीदवारों की निजी लोकप्रियता पर निर्भर करता है। एसटी आरक्षित छोटा उदयपुर से भाजपा के उम्मीदवार मोहन सिंह राठवा के पुत्र राजेंद्र सिंह राठवा ने कहा कि उनके क्षेत्र में लोग कुछ नेताओं को वोट देते हैं चाहे वे किसी भी पार्टी से जुड़े हो। राजनीतिक विश्लेषक रवींद्र त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस के पास मजबूत आदिवासी चेहरा नहीं है और इसलिए वह इन आदिवासी क्षेत्रों में बैकफुट पर नजर आती है। मध्य गुजरात में शहरी फैक्टर भी भाजपा के पक्ष में है। दो अत्यधिक शहरीकृत जिले अहमदाबाद और वडोदरा के साथ ही खेड़ा, आणंद और पंचमहल जिले में भी भाजपा की पकड़ है। त्रिवेदी ने कहा, शहरी क्षेत्र भाजपा के गढ़ हैं और रहेंगे। चुनाव जीतने के लिए आवश्यक नगर निगम, नेता, नेटवर्क और उम्मीदवार सभी मजबूती से भाजपा के साथ हैं। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना पहला लोकसभा चुनाव लड़ा था तो उन्होंने वाराणसी (उत्तर प्रदेश) के साथ ही वडोदरा सीट को चुना था।

### कांग्रेस दिख रहीं बैकफुट पर

**इस** बार कांग्रेस बैकफुट पर दिखाई दे रही हैं क्योंकि आदिवासी समुदाय के उसके सबसे वरिष्ठ नेताओं में से एक और 10 बार के विधायक मोहन सिंह राठवा विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हो गए। राठवा छोटा उदयपुर सीट से विधायक थे।

### एसटी सीटों पर विपक्षियों का प्रदर्शन उत्साहजनक नहीं

**अनुसूचित** जनजाति (एसटी) आरक्षित सीटों पर विपक्षी दल का प्रदर्शन बहुत उत्साहजनक नहीं रहा था। उसने ऐसी 10 में से पांच सीटें जीती थी। चार सीटें भाजपा और एक निर्दलीय ने जीती थी।

# समाजवादी पार्टी ने रामपुर को अराजकता का अड्डा बनाया : उपमुख्यमंत्री यूपी

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा है कि रामपुर में पहले मुक्त एवं निष्पक्ष चुनाव नहीं होते थे, क्योंकि समाजवादी पार्टी (सपा) के गुंडों का बूथों और थानों पर कब्जा रहता था, लेकिन, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार ने रामपुर में कानून का राज स्थापित किया। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार बनने के बाद अब गुंडे या तो जेल में हैं या फिर उत्तर प्रदेश छोड़ चुके हैं।

पाठक ने पांच दिसंबर को होने वाले उपचुनाव से पहले मंगलवार को रामपुर में अयोजित मतदाता सम्मेलन को संबोधित किया। उपमुख्यमंत्री पाठक ने कहा कि सपा ने रामपुर को अराजकता का अड्डा बना दिया था। लेकिन, भाजपा रामपुर को विकास की नई ऊंचाईयों पर ले जाना चाहती है।

# यमुना सिटीः जापानी-कोरियन इंडस्ट्रियल टाउनशिप बसेगी

● रोजगार के अवसर पैदा होंगे निवेश के लिए विदेश जाएंगे अफसर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**जेवर** में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास जापानी और कोरियन इंडस्ट्रियल टाउनशिप बसाई जाएगी। इन दोनों टाउनशिप में हजारों लोगों को रोजगार के अवसर पैदा होंगे। यमुना प्राधिकरण एरिया में मेडिकल डिवाइस पार्क, डाटा सेंटर पार्क, इलैक्टिनिक्स मैन्युफैक्चरिंग हब और सैमी कंडेक्टर हब बनने जा रहा है। इन चारों इंडस्ट्रियल सेक्टरों में विदेशी पूंजी निवेश के लिए यूपी के अफ सरों की टीम कनाडा, जापान और कोरिया समेत कई देशों में रोड शो करने जा रहे हैं।


रोड शो 9 दिसंबर से लेकर 18 दिसंबर तक चलेगा। इन अफ सरों के साथ यमुना अथॉरिटी और नियाल के सीईओ डॉ अरूणवीर सिंह भी जा रहे हैं। डॉ. अरूणवीर सिंह 10 से 14 दिसंबर तक जापान और कोरिया समेत कई देशों में रोड शो के जरिए उद्यमियों को निवेश के लिए आमंत्रित करेंगे। मेडिकल डिवाइस पार्क में अभी तक देशी.विदेशी कंपनियों को 37 प्लॉट अलॉट किए जा चुके हैं। डाटा सेंटर पार्क, सैमी कंडेक्टर पार्क और इलेक्टिनिक्स मैन्युफैक्चरिंग पार्क के लिए विदेशी निवेशकों को आमंत्रित करेंगे।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास अलग से जापानी और कोरियन सिटी बसाई जाएगी। जापान और कोरिया देशों के उद्यमियों को निवेश के लिए आमंत्रित किया जाएगा। जिससे दोनों देश बड़ी संख्या में विदेशी पूंजी निवेश कर सकेंगे। इससे लाखों लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

## 62 परियोजनाओं में बकाया का नोटिस किया जारी

**नोएडा।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद नोएडा प्राधिकरण ने कुल 62 बिल्डरों परियोजनाओं पर बकाया जमा करने का नोटिस जारी किया है। प्राधिकरण ने साफ कहा कि पैसे जमा नहीं करने वाला डिफाल्टर बिल्डरों की संपत्ति जब्त की जाएगी। आरसी के जरिये वसूली की जाएगी। उधर, बिल्डरों का कहना है कि पैसा फ्लैट वाइस रजिस्ट्री या टावर वाइस लिया जा सकता है।

## नोएडा एयरपोर्ट के पास बनेगा जिले का सबसे बड़ा साइबर क्राइम थाना



**नोएडा।** जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास जिले का सबसे बड़ा साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन बनाया जाएगा। इसके लिए यमुना अथॉरिटी 3500 वर्ग मीटर जमीन अलॉट करने जा रही है। यह साइबर क्राइम कोतवाली नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास बनाई जाएगी। यमुना अथॉरिटी साईबर कोतवाली के निर्माण के लिए जमीन से लेकर निर्माण कार्य कराने के लिए तैयार कर रही है। साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन बनने का प्रस्ताव यमुना अथॉरिटी की ओर से शासन के पास भेजा गया है। यहा पर साइबर क्राइम से संबंधित सभी समस्याओं का हल होगा। एक ही छत के तले साइबर क्राइम से जुड़े पुलिस कर्मचारी तैनात होंगे। साइबर क्राइम से संबंधित सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। गौतमबुद्ध नगर जिले में सबसे अधिक साइबर क्राइम से संबंधित अपराध सामने आ रहे हैं।

# पुलिसिंग को और अधिक प्रभावशाली व भावनात्मक बनाया जाएगा : लक्ष्मी सिंह

● महिला आईपीएस ने नोएडा पुलिस आयुक्त का संभाला कार्यभार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**गौतमबुद्धनगर** जिले की नवनियुक्त पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बुधवार को कार्यभार संभाल लिया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि पुलिस को और अधिक प्रभावशाली व भावनात्मक बनाया जाएगा।

यहां के संसाधनों को और अधिक सशक्त करने की आवश्यकता है। उस दिशा में काम करना उनकी प्राथमिकता होगा। सेक्टर 108 स्थित आयुक्त मुख्यालय पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में लक्ष्मी सिंह ने कहा कि उन्होंने पहले भी इस रीजन में काम किया है, इसलिए कई प्रकार की ऐसी समस्याएं हैं, जिन्हें जानती हैं। पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए, उन्होंने कहा कि यहां 10 थाने प्रस्तावित हैं। मुझे जानकारी मिली है कि वे थाने फिलहाल पुलिस चौकियों में चल रहे हैं।

इन थाना भवनों का निर्माण कराना उनकी प्राथमिकता होगा। इसके साथ ही पुलिसकर्मियों को बेहतर संसाधन दिलाना भी उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उनका मानना है कि यदि पुलिसकर्मी सही प्रकार से अपना जीवन यापन करेंगे, वह बेहतर आवास में रहेंगे तो बेहतरीन परिणाम आने की संभावना होगी। श्रीमती सिंह ने एक सवाल के जवाब में दिए कहा कि नोएडा प्राधिकरण के साथ और बेहतर तालमेल बनाए जाएंगे, ताकि जनपद गौतमबुद्ध नगर को और बेहतर बनाया जा सके। पुलिस का काम आम लोगों को सुरक्षित माहौल देने का होता है। यह उनकी प्राथमिकताओं में शामिल होगा।

उन्होंने कहा कि में जनता को भरोसा देना चाहूंगी कि नोएडा एक अत्याधुनिक शहर है। इसे और बेहतर पुलिसिंग मिलेगी। नोएडा एनसीआर रीजन में स्थित होने की वजह से कई मायनों में अहम है। यहां कई अत्याधुनिक संस्थाएं कार्यरत हैं, इसलिए यहां होने वाली आपराधिक वारदात का असर देश ही नहीं, बल्कि दुनिया के अन्य देशों में भी जाता है। एक बेहतरीन सुरक्षा कवच देना पुलिस की प्राथमिकता है।

उनकी प्राथमिकता यहां महिलाओं को सुरक्षा और बेहतर माहौल दिया जाए। पुलिस आयुक्त का कार्यभार संभालने के बाद कमिश्नर ने बताया कि संवाद के जरिए बात बनती है। मुखबिर तंत्र को और सशक्त बनाया जाएगा। इसके लिए वह स्वयं अपनी पूरी टीम के साथ रणनीति बनाकर अन्य विभागों के साथ भी बेहतर तालमेल बनाया जाएगा। पुलिस का मकसद आम लोगों को सुरक्षित माहौल देना होता है। उसे संवाद के जरिए ही स्थापित किया जा सकता है।

## पहले पुलिस कमिश्नर अजय ने लिया चार्ज

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के पहले पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्रा ने बुधवार सुबह कार्यभार संभाल लिया। वे रात 2 बजे ही गाजियाबाद पहुंच गए थे। पुलिस कमिश्नर फिलहाल एसएसपी ऑफिस में ही बैठेंगे। आज देर शाम को वे पुलिस महकमे के राजपत्रित अधिकारियों की पहली बैठक ले सकते हैं। 2003 बैच के आईपीएस ऑफिसर अजय कुमार मिश्र को सोमवार देर रात ही शासन ने गाजियाबाद का पहला पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया था। इससे पहले वे लखनऊ मुख्यालय से संबद्ध थे। हाल ही में वे केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे थे। केंद्र में वे इंटेलिजेंस ब्यूरो में तैनात थे।

# नोएडा में अवैध फार्म हाउस पर चला बुलडोजर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



● 124 फार्म हाउस ध्वस्त किए थे, 6 महीने बाद फिर हुई कार्रवाई

**नोएडा** में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्राधिकरण की कार्रवाई लगातार जारी है। डूब क्षेत्र में बने फार्म हाउस पर आज एक बार फिर नोएडा प्राधिकरण का बुलडोजर चला। इस दौरान अवैध रूप से बने हुए फार्म हाउस को ध्वस्त कर दिया गया।

इस दौरान डेढ़ लाख वर्ग मीटर जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया है। नोएडा में अवैध फार्म हाउस पर नोएडा प्राधिकरण की कार्रवाई लगातार जारी है। गौरतलब है कि नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित इलाके वाले खादर क्षेत्र में अवैध रूप से भू.माफिया और बिल्डरों ने सैकड़ों फार्म हाउस बनाकर खड़े कर दिए। जिनके खिलाफ करीब 6 महीने पहले नोएडा प्राधिकरण ने अभियान छेड़ा था। प्राधिकरण के एक्शन पर आपत्ति जाहिर करते हुए फार्म हाउस मालिक हाईकोर्ट गए थे। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नोएडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी रितु माहेश्वरी को इन लोगों की आपत्तियां सुनने के बाद कार्रवाई करने का आदेश दिया।

# 14 नई ई-बसें रूट पर दौड़ने को तैयार आरटीओ में हुआ रजिस्ट्रेशन

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**हाल** ही में गाजियाबाद को मिली 14 ई-बसों को रूट पर उतारने का रास्ता साफ हो गया है। इन सभी बसों को आरटीओ में रजिस्ट्रेशन करा दिया गया है। इसके साथ ही अब सभी 14 नई ई-बसें रूट पर दौड़ने के लिए तैयार हो गई हैं।

गाजियाबाद सिटी के पास अब 44 ई.बसें हो गई हैं। इनमें से अभी जो बसें रूट पर चल रही हैं उनकी संख्या केवल 30 है। रोडवेज के आरएम एके सिंह ई.बस संचालन समिति के सीईओ है। उनका कहना है कि नई ई-बसें किस रूट पर चलाई जाएंगी इसके लिए बाकी सदस्यों को सूचना जारी कर दी गई है।

उनका मानना है कि जल्दी ही इस को लेकर डीएम की अध्यक्षता में बैठक हो सकती है। बैठक में संचालन समिति में शामिल नगर निगम, आरटीओ, यातायात पुलिस आदि के अधिकारी भी शामिल रहेंगे।

# नोएडा में थाने के सामने ही जमकर चले लात-घूंसे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**नोएडा** में थाना 39 के सामने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में थाने के सामने ही दो पक्षों में जमकर लात और घूंसे चल रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इस दौरान पुलिसकर्मी भी वहीं पर मौजूद है और उसके सामने ही जमकर मारपीट हो रही है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि किसी भी पक्ष ने पुलिस से शिकायत नहीं की है, लेकिन इसके बारे में जानकारी की जा रही है।

बताया जा रहा है कि थाना 39 क्षेत्र के छलेरा गांव के कुछ ग्रामीण आपसी मुद्दे को लेकर थाना 39 पहुंचे हुए थे। इस दौरान थाने के बाहर ही उन लोगों के बीच फैसला होने लगा, लेकिन इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच कोई विवाद हो गया और यह विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में जमकर लात और घूंसे चलने शुरू हो गए। इस दौरान थाने में तैनात एक दरोगा इन लोगों के झगड़े को शांत कराने लगा और बीच बिचाव कराने लगा, लेकिन उसके बावजूद भी एक युवक आया और उसने दूसरे युवक पर घुसे बरसाने शुरू कर दिए। इस घटना का वहां पर मौजूद लोगों ने वीडियो बना लिया और वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो में दिख रहा है कि किस तरह से दो पक्षों में जमकर लात घूंसे चल रहे हैं और जमकर मारपीट हो रही है। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी एक दूसरे को छुड़ा रहा है।

## 10 वर्षीय छात्र के साथ कुकर्म, 17 साल के लड़के पर मुकदमा दर्ज

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में एक 10 वर्षीय लड़के के साथ कुकर्म की घटना को अंजाम दिया गया। इस मामले में पीड़ित की शिकायत के आधार पर ईकोटेक-3 कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने लड़के के साथ जबरदस्ती अप्राकृतिक संबंध बनाने वाले की तलाश शुरू कर दी है। ईकोटेक.3 कोतवाली प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति ने पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट के मुताबिक उनके 10 साल के बेटे के साथ 17 साल के लड़के ने कुकर्म की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित छात्र को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा गया है। इस मामले में पुलिस के द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# फर्जी पासपोर्ट व वीजा बनाने वाले 8 गिरफ्तार

● विभिन्न देशों के 300 पासपोर्ट, स्टांप, लैपटॉप और टैबलेट बरामद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**अपराध** शाखा ने फर्जी पासपोर्ट और वीजा बनाने वाले गिरोह का भंड़ाफोड़ करते हुए आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। ये लोग वीजा दिलाने का भरोसा देकर गुजरात और पंजाब के ग्राहकों से मोटी रकम वसूल रहे थे।

इन लोगों के कब्जे से विभिन्न देशों के लगभग 300 पासपोर्ट के साथ-साथ उनके पास से बड़ी संख्या में जाली दस्तावेज, स्टाम्प, लैपटॉप और टैबलेट बरामद किए गए। विशेष पुलिस आयुक्त रवींद्र सिंह यादव ने बताया कि दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा को कनॉट प्लेस और अन्य इलाकों में सक्रिय एक गिरोह के बारे में जानकारी मिली थी। पुलिस के अनुसार, वीजा के आकांक्षी ज्यादातर लोग बेरोजगार युवा थे और वे रोजगार के लिए विदेश जाना चाहते थे। वीजा हासिल करने के लिए ऐसे उम्मीदवारों के पास वैध दस्तावेज नहीं होते हैं और वे ऐसे लोगों के जरिए जाली दस्तावेज तैयार कराते थे और उनके आधार पर वीजा के लिए आवेदन करते थे। आरोपियों की पहचान बलदेव राज, अंश मदान, बलिहार सिंह और कुलदीप सिंह, वसंत कुंज के शिव राम कृष्णा, मयूर विहार फेज-3 निवासी सुनील बिष्ट और नंदा बल्लभ जोशी एवं उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ के पंकज कुमार शुक्ला के रूप में हुई है।

# संक्षिप्त समाचार



राष्ट्रीय नारी स्वास्थ्य जन आंदोलन यात्रा यशोदा हॉस्पिटल पहुंची।

## यशोदा में अनीमिया जांच शिविर लगाया

**गाजियाबाद।** फोग्सी की अनिमिया नेशनल राइड यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कौशाम्बी पहुंची और हॉस्पिटल में एक विशाल अनीमिया जांच शिविर लगाया गया। इंडियन मेडिकल असोसिएशन के नेशनल प्रेसिडेंट डॉक्टर हषिकेश डी पाई की प्रेरणा से फोग्सी द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत खोड़ा मकनपुर ऑल्स एन्ड गायनी सोसाइटी ने यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशाम्बी के विशेष सहयोग से किया। इस अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन् के नेशनल प्रेसिडेंट डॉ हृषिकेश डी पाई ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। यशोदा हॉस्पिटल कौशांबी की निदेशिका डॉ उपासना अरोड़ा ने डॉ ऋषिकेश पाई का स्वागत किया एवं फोग्सी के नॉर्थ ज़ोन की वाइस प्रेसिडेंट डॉ यशोधरा प्रदीप एवं डॉ अल्का पाण्डेय के साथ साथ डॉ प्रियॉकुर राय चेयरपर्सन फोग्सी अवेयरनेस कमिटी का भी हॉस्पिटल में उनके आगमन पर उनका अभिनंदन किया। शिविर में डॉक्टर गुंजन गुप्ता, डॉ सोमना गोयल, डॉ दीपा, डॉ मोनिका अग्रवाल, डॉ गरिमा त्यागी, डॉ वंदना जैन ने परामर्श भी दिया

## सुरक्षाकर्मी पड़ोस की बंद पड़ी कंपनी में करता रहा चोरी

**नोएडा।** नोएडा की थाना 58 पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। दोनों ही चोरों के द्वारा बंद पड़ी हुई कंपनी में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पकड़े गए चोरों में से एक चोर पड़ोस की कंपनी में ही गार्ड की नौकरी करता था। उसने एक कबाड़ी के साथ मिलकर इस चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने दोनों चोरों को गिरफ्तार कर लिया है और जेल भेज दिया है। नोएडा की थाना सेक्टर 58 पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर 57 में एक बंद पड़ी हुई कंपनी में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस उन चोरों की तलाश में जुट गई। इसके बाद पुलिस ने दो चोरों को सेक्टर 57 से ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इन लोगों के कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया। पुलिस ने इस दौरान अजय और शाहनवाज को गिरफ्तार किया। अजय ने पूछताछ में बताया कि वह सेक्टर 57 के बी 55 में एक कंपनी में रात के समय गार्ड की नौकरी करता था।

## प्लॉट बेचने के नाम पर रिटायर्ड अफसर से ठगी

**नोएडा।** थाना नॉलेज पार्क में एक रिटायर्ड आईआरएस अधिकारी ने दो लोगों को नामित करते हुए प्लॉट बेचने के नाम पर करोड़ों की ठगी करने का मामला दर्ज करवाया है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना नॉलेज पार्क के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि रिटायर्ड आईआरएस अधिकारी अबरार अहमद ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने तुगलपुर गांव में आबादी की जमीन 2 लोगों से खरीदा था। नफीस मंसूरी और साजिदा बेगम ने उनसे जमीन के एवज में एक करोड़ 20 लाख रुपया ले लिया। कुछ पैसे और देने थे। बाद में पता चला कि जमीन पर बैंक का लोन है। उन्होंने बताया कि इन लोगों ने धोखाधड़ी कर उनके पैसे हड़प लिए है।

## 14वीं मंजिल से गिरा पॉलिटेक्निक का छात्र, मौत

**गाजियाबाद।** पॉलिटेक्निक के छात्र द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पूरा मामला गाजियाबाद की आशियाना सोसायटी का है और जान गंवान वाला छात्र मूलरूप से हापुड़ का रहने वाला था। वह गाजियाबाद के नामी संस्थान से पढ़ाई कर रहा था। पुलिस को अब तक कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं है। कविनगर थाना क्षेत्र के लैंडक्राफ्ट स्थित आशियाना सोसायटी की 14वीं मंजिल से संदिग्ध परिस्थितियों में गिरकर पॉलिटेक्निक के एक छात्र की मौत हो गई। मृतक की पहचान हापुड़ आर्य नगर के वरदान शर्मा के रूप में हुई है।

## निगम में दूसरे दिन भी जारी रही कर्मचारियों की हड़ताल

**गाजियाबाद।** नगर निगम कर्मचारी संघ के आह्वान पर आज यानि दूसरे दिन भी नगर निगम में कर्मचारियों की हड़ताल जारी रही। आज भी नगर निगम में कामकाज पूरी तरह से ठप रहा। नगर निगम कर्मचारी संघ और नगर निगम प्रशासन के बीच तनातनी जारी है। वैसे कल नगर निगम प्रशासन और संघ के बीच एक वक्त ऐसा लगा था कि दोनों के बीच समझौता हो जाएगा।

# हर घर आरओ, हाउस टैक्स में राहत

कांग्रेस का वादा

● घोषणा पत्र जारी कर पार्टी ने की कई लुभावनी घोषणाएं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



घोषणापत्र जारी करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल व अन्य कांग्रेसी नेता।

**दिल्ली** नगर निगम चुनाव के लिए प्रचार चरम पर पहुंच गया है। आम आदमी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस ने प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है।

इस दौरान बुधवार को बदहाल ध्वस्त दिल्ली की तकदीर और तस्वीर को संवारने के लिए कांग्रेस ने निगम चुनाव के लिए मेरी चमकती दिल्ली घोषणा पत्र पेश किया। इसमें कांग्रेस नगर निगम की सत्ता में आते ही राजधानी दिल्ली की तस्वीर और तकदीर को संवार कर मेरी चमकती दिल्ली, शीला दीक्षित वाली दिल्ली बनाएंगी। हाउस टैक्स पिछला माफ, अगला हाफ, गांव व 32 गज से कम क्षेत्र के फ्लैट का पूर्ण टैक्स माफ की नीति को लागू किया जाएगा।

हर गरीब के घर मुफ्त आर.ओ. देकर औसतन 10,000 रुपये वार्षिक आर्थिक मदद मुहैया कराने का वादा किया है।कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी करते हुए प्रदेश अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार, एआईसीसी के दिल्ली प्रभारी डा. अजय कुमार, सोशल मीडिया एवं डिजीटल प्लेटफॉर्म अध्यक्ष सुप्रिया श्रीनते कहा कि उनकी पार्टी के निगम की सत्ता में आने पर कचरे का सौ फीसदी घर-घर कलेक्शन करके दिल्ली को ढलाव मुक्त और प्रदूषण मुक्त दिल्ली बनाऐंगे।

## गाजियाबाद में फर्जी कस्टम इंस्पेक्टर गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस ने बुधवार को एक फर्जी कस्टम इंस्पेक्टर को गिरफ्तार किया है। इस जालसाज ने खुद को कस्टम इंस्पेक्टर बताकर एक लड़की से शादी का झांसा दिया और उसके परिवार से करीब पौने 20 लाख रुपए ऐंठ लिए। लड़की के परिवार ने जब रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने उस पर तेजाब फेंकने की धमकी दी थी।

कविनगर थाने के इंस्पेक्टर अमित कुमार ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी सोमदत्त कौशिक उर्फ रक्षित उर्फ गोलू उर्फ सोनू है। वो हरियाणा में फरीदाबाद के गांव जुनेडा का रहने वाला है। आरोपी से कस्टम इंस्पेक्टर की वर्दी, वर्दी के साथ फोटो वाला आईडी कार्ड, दिल्ली का आईडी कार्ड आदि बरामद हुआ है।

# आबकारी नीतिः अमित अरोड़ा 7 दिन रहेगा ईडी की हिरासत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में अपनी धन शोधन जांच के सिलसिले में एक अन्य कारोबारी अमित अरोड़ा को गिरफ्तार किया है। अरोड़ा गुरुग्राम स्थित बड्डी रिटेल प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक हैं।

मामले में ईडी द्वारा यह छठी गिरफ्तारी है। ईडी ने अरोड़ा को बुधवार को कोर्ट में पेश कर 14 दिन की हिरासत मांगी। इस पर अदालत ने कई सवाल पूछे। फिर उसे आरोपी से पूछताछ के लिए 7 दिन की हिरासत दे दी। अब अमित को 7 दिसंबर को न्यायालय में पेश किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, अरोड़ा को मंगलवार रात धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया। ईडी ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की प्राथमिकी के बाद यह मामला दर्ज किया था। सीबीआई ने मामले में हाल ही में दायर आरोपपत्र में दावा किया है कि अमित अरोड़ा और दो अन्य आरोपी दिनेश अरोड़ा और अर्जुन पांडे उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के करीबी सहयोगी हैं।

ईडी ने पिछले सप्ताह इस मामले में अपना पहला आरोप पत्र भी दायर किया था, जिसमें गिरफ्तार व्यवसायी समीर महेंद्रू, उनकी कंपनी इंडोस्पिरिट तथा कुछ अन्य कंपनियों को नामजद किया गया है। दोनों एजेंसियों की ओर शिकायतें दर्ज करने की उम्मीद है।

# एम्स का सर्वर आठवें दिन भी डाउन, मरीजों की लंबी लाइनें

● ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या 20 प्रतिशत बढ़ी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**साइबर** हमले के बाद अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का सर्वर बुधवार को लगातार आठवें दिन भी ठप रहा जिससे ऑनलाइन अप्वाइंटमेंट प्रणाली बंद है। वहीं ओपीडी में आने वाले रोगियों की संख्या में 20 प्रतिशत की वृद्धि होने से लंबी कतारें लग गईं।

मरीजों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अस्पताल प्रशासन ने अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया है। बाह्य रोगी, भर्ती रोगी और प्रयोगशाला सहित सभी अस्पताल सेवाओं को कागजी रूप से किया जा रहा है। ओपीडी के अलावा डायग्नोस्टिक केंद्रों और बिलिंग काउंटरों के बाहर लंबी कतारें देखी गईं। अस्पताल के अधिकारियों के साथ ही अन्य एजेंसियां सर्वर को बहाल करने के लिए प्रयासरत हैं। इससे पहले मंगलवार को, अधिकारियों ने बताया कि सर्वर पर ई-अस्पताल डेटा बहाल कर लिया गया है। एम्स ने एक बयान जारी कर बताया कि डेटा बहाली और सर्वर को दुरुस्त करने का कार्य प्रगति पर है और डेटा की मात्रा तथा अस्पताल सेवाओं के लिए सर्वर की बड़ी संख्या के कारण कुछ समय लग रहा है। साइबर सुरक्षा के लिए उपाय किए जा रहे हैं। आपातकालीन मामलों में व्हाट्सएप की मदद ली जा रही है। क्योंकि डॉक्टर रोगियों की जांच रिपोर्ट साझा करने के लिए इस ऐप का उपयोग कर रहे हैं। एक डॉक्टर ने कहा, अगर भौतिक रूप से किया जाता है, तो मरीजों की बड़ी संख्या को देखते हुए घंटों लग जाएंगे। सूत्रों ने कहा कि जांच एजेंसियों की सिफारिशों के अनुसार अस्पताल में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। भारतीय कंप्यूटर आपात प्रतिक्रिया दल (सर्ट-इन), दिल्ली पुलिस और गृह मंत्रालय के प्रतिनिधि रैंसमवेयर हमले की जांच कर रहे हैं। रैंसमवेयर हमले के कारण कंप्यूटर तक पहुंच बाधित हो जाती है। करीब 2400 कंप्यूटर में एंटीवायरस मैन्युअल तरीके से डाला गया है।

## राजधानी के सरकारी स्कूलों में 15 दिसंबर से प्री-बोर्ड परीक्षाएं

**नई दिल्ली।** सरकारी स्कूलों में 10वीं और 12वीं कक्षा के लिए प्री-बोर्ड परीक्षाएं 15 दिसंबर से 28 दिसंबर तक होंगी। शिक्षा निदेशालय के कहा कि किसी भी छात्र को परीक्षा पूरी होने से पहले उत्तर पुस्तिका जमा करने नहीं दी जाएगी और एक कक्षा में केवल 24 छात्रों को ही बैठने की अनुमति होगी।

शिक्षा निदेशालय ने बुधवार को दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा कि स्कूलों से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है कि हर कक्षा में एक निरीक्षक हो।

सुबह की पाली के लिए प्री-बोर्ड परीक्षा सुबह साढ़े नौ बजे से साढ़े 12 बजे तक और शाम की पाली के लिए दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक होगी।

शोधकर्ता इस बात का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या इंटेस्टाइन के माइक्रोबायोम में कैंसर वायरस पैदा हो रहे हैं या उसके किसी खास बैक्टीरिया के कारण ऐसा हो रहा है। आइए हम आपको बताते हैं इस कैंसर और इससे जुड़े इस शोध के बारे में।

# आंतों में मौजूद बैक्टीरिया से कैंसर का खतरा



इंटेस्टाइन में रहने वाले एक प्रकार के बैक्टीरिया, जिन्हें हम गट बैक्टीरिया भी कहते ये बाउल कैंसर (आंत्र कैंसर) का कारण भी हो सकते हैं। हाल ही में आए शोध की मानें, तो आंत में एक निश्चित प्रकार के बैक्टीरिया वाले लोगों को आंत्र कैंसर विकसित होने का अधिक खतरा हो सकता है। इंटेस्टेनियल माइक्रोबायम हमारे आंत के भीतर फंग्स, बैक्टीरिया और वायरस का संग्रह है। साथ ही इस बात के प्रमाण और बढ़ रहे हैं कि शरीर में माइक्रोबायोम की संरचना भी इसके पीछे का एक बड़ा कारण हो सकती है। वहीं शोधकर्ता इस बात का पता भी लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या इंटेस्टाइन के माइक्रोबायोम में कैंसर वायरस पैदा हो रहे हैं या उसके किसी खास बैक्टीरिया के कारण ही ऐसा हो रहा है। आइए हम आपको बताते हैं इस कैंसर और इससे जुड़े इस शोध के बारे में।

**जाने बाउल कैंसर के बारे में :** बाउल कैंसर कैंसर का वो प्रकार है, जो हमारे लार्ज इंटेस्टाइन यानी कि बड़ी आंत में होता है। लार्ज इंटेस्टाइन में जहां ये कैंसर शुरू होता है, उसके आधार पर इस बाउल कैंसर को कभी-कभी कोलन या रेक्टल कैंसर कहा जाता है। आंत्र कैंसर के तीन मुख्य लक्षण होते हैं। पहला- स्टूल या शौच करते वक्त लगातार ब्लीडिंग का होना। दूसरा- आपकी आंत्र की आदत में लगातार परिवर्तन, जो आमतौर पर पेट खराब होने जैसा होता है और तीसरा-लगातार निचले पेट में दर्द, सूजन या बेचैनी, जो हमेशा खाने के बाद होती है। इन तीनों के अलावा व्यक्ति में लगातार वजन कम होने लगता है और पेट की परेशानियां बढ़ने लगती हैं।

## शोध

**दरअसल,** यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिस्टल के डॉ. कैथलीन वेड ने आंत्र कैंसर(बाउल कैंसर) के विकास में बैक्टीरिया द्वारा निभाई गई कार्यवाहक भूमिका की जांच की है। इसके लिए मेंडेलियन रेंडमाइजेशन नामक तकनीक का उपयोग गया और इस अध्ययन के बारे में 2019 एनसीआरआई कैंसर सम्मेलन को बताया। सम्मेलन में बताया गया कि कैसे हमारे आंत में फैलने वाले कुछ बैक्टीरिया ही हमारे पेट से जुड़ी बीमारियों को कारण होते हैं और इसी के कारण ही हमें बाउल कैंसर भी होता है। शोधकर्ताओं की मानें तो आंत्र कैंसर के खतरे 2-15फीसद के बीच बढ़ा है, जो आने वाले दिनों में और बढ़ सकता है।

माइक्रोबायोम इस मामले में सूक्ष्मजीवों, बैक्टीरिया का एक समुदाय है, जो शरीर में स्वभाविक रूप से होता है। इस बात के प्रमाण बढ़ रहे हैं कि माइक्रोबायोम का मेकअप मानव स्वास्थ्य और शरीर की बीमारी के लिए संवेदनशील भूमिका निभा रहा है। मानव आंत माइक्रोबायोम, जिसमें लगभग तीन ट्रिलियन बैक्टीरिया होते हैं, पाचन में सहायता करता है और संक्रमण से सुरक्षा प्रदान करता है। यह एक व्यक्ति के व्यक्तिगत आनुवंशिक बनावट और उनके शरीर द्वारा निर्धारित किया जाता है। यह किसी व्यक्ति के जीवन में अपेक्षाकृत स्थिर रहता है, जब तक कि वह एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन न करें। डॉ. कैथलीन वेड का कहना है कि उन्हें ये देखने में दिलचस्पी थी कि क्या मानव आंत माइक्रोबायोम में भिन्नता, जैसे बैक्टीरिया की संख्या या बस विभिन्न प्रकार के बैक्टीरिया की संख्या, आंत्र कैंसर पर प्रभाव डाल सकती है। चूहों और मनुष्यों में अध्ययन के बहुत से आंत सूक्ष्मजीव और आंत्र कैंसर के बीच एक संबंध दिखाया गया है, लेकिन बहुत कम लोगों को इसके ठोस सबूत मिले हैं। दूसरे शब्दों में, यह समझ पाना मुश्किल है कि आंत माइक्रोबायोम आंत्र कैंसर का कारण बन सकते हैं या नहीं।

अध्ययन के लिए, शोधकर्ताओं ने फ्लेमिश गट फ्लोरा प्रोजेक्ट, जर्मन फूड चेन प्लस अध्ययन और पॉपगेन अध्ययन में भाग लेने वाले 3,890 लोगों के डेटा का इस्तेमाल किया और इस बारे में पता लगाया है। वहीं जीनोम-वाइड एसोसिएशन स्टडीज ने प्रतिभागियों के जीनोम में छोटे बदलावों की खोज की, जो किसी बीमारी या विशेषता वाले लोगों में बार-बार होते हैं।

# प्रदूषण आपको बना सकता है डिप्रेशन का शिकार

**जब** आप दिल्ली-एनसीआर जैसी जहरीली हवा में रह रहे हों, तो आप ये जान लें कि यह वायु प्रदूषण न केवल आंखों में जलन, गले में खराश और सांस लेने में तकलीफ पैदा कर रहा है। आपके मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर रहा है। वायु प्रदूषण का स्तर पिछले तीन साल के ऊंचे स्तर पर पहुंच गया है, जो कि एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या की स्थिति पैदा करता है। वायु प्रदूषण न केवल आपके फेफड़ों पर बुरा असर डाल रहा है। यह आपके मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर रहा है। हाल में हुए एक अध्ययन के अनुसार वायु प्रदूषण युवाओं में डिप्रेशन और स्ट्रेस लेवल को बढ़ा सकता है।

### रिसर्च के बारे में

एन्वायरमेंटल हेल्थ पर्सपेक्टिव्स पर छपे एक अध्ययन के अनुसार वायु प्रदूषण का बढ़ता स्तर युवाओं में डिप्रेशन और स्ट्रेस लेवल को बढ़ाने के लिए जिम्मेदार है। जिसकी वजह से युवाओं में आत्महत्या का स्तर बढ़ रहा है। यह जहरीली हवा आपके शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य को भी बुरी तरह प्रभावित कर रही है। इस रिसर्च में 144 युवाओं के एक सामाजिक तनाव के स्तर की जांच की गई। इसमें पांच मिनट की स्पीच और गणित टेस्ट शामिल था। अध्ययन में प्रतिभागियों की हृदय गति और अन्य शारीरिक प्रतिक्रियाओं का अध्ययन करने के बाद, यह पाया गया कि उनमें तनाव के लिए एक ऑटोनोमिक रिस्पॉन्स के साथ स्ट्रेस का लेवल 2.5 का स्तर बढ़ गया था।

**रिसर्च में 144 युवाओं पर सामाजिक तनाव के स्तर की जांच की गई**

### वायु प्रदूषण-डिप्रेशन में संबंध

अध्ययन में जहरीली हवा और अधिक तनाव या डिप्रेशन के बीच संबंध को स्पष्ट नहीं किया गया है, लेकिन यह अध्ययन इस तथ्य पर फिर से जोर देता है कि जहरीली हवा न्यूरोडेवलपमेंट और संज्ञानात्मक कार्य को भी नुकसान पहुंचा सकती है। वायु प्रदूषण से बचने के लिए डॉक्टरों द्वारा यही सलाह दी जा रही है कि जब तक बिल्कुल जरूरत न हो, बाहर जाने से बचें। क्योंकि यह जहरीली हवा आपको तेजी से सांस लेने में मुसीबत का कारण हो सकती है। ऐसे में यह किसी को भी तनाव में डालने और खराब मूड़ के लिए जिम्मेदार है।

### डिप्रेशन में कैसे डाल है असर

ओशनर जर्नल में प्रकाशित 2018 के चीन के आंकड़ों के मुताबिक, वातावरण में एक्यूआई 2.5 में हर एक फीसद की बढ़ोत्तरी पर मानसिक तनाव या डिप्रेशन में 6.67फीसद तक का इजाफा हो सकता है। इसलिए, जहरीली हवा न केवल आपके फेफड़ों को नुकसान पहुंचा सकती है, बल्कि यह आपके सोचने के तरीके को भी प्रभावित करती है। वायु प्रदूषण हमारे मानसिक स्वास्थ्य को कितना नुकसान पहुंचा रहा है, यह निर्धारित करने के लिए गहराई से शोध करने की सख्त जरूरत है।



# बढ़ रहे हैं स्तन कैंसर के मामले



**देश** के महानगरों में महिलाओं में स्तन कैंसर के मामलों में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है और एक अनुमान के अनुसार प्रत्येक आठ में एक महिला में उसके जीवन काल में स्तन कैंसर होने की आशंका है। इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल ने इस माह देश भर में स्तन कैंसर जागरूकता अभियान चलाया और विभिन्न महिलाओं की स्तन कैंसर जांच की है। गौरतलब है कि अक्टूबर माह स्तन कैंसर जागरूकता माह है। राजधानी दिल्ली में ही छह हजार से अधिक महिलाओं की स्तन कैंसर स्क्रीनिंग की गई है।

अस्पताल के सीनियर कंसल्टेंट (सर्जिकल ओंकोलोजी) डॉ. रमेश सरीन के मुताबिक स्तन कैंसर का अगर समय रहते पता लग जाए तो यह 100 प्रतिशत उपचार योग्य है। समय पर निदान और नियमित जांच से स्तन कैंसर से बचाव मुमकिन है। उन्होंने स्तन कैंसर को लेकर इस धारणा को भी गलत बताया कि यह छोटे स्तन वाली और काले रंग की ब्रा पहनने वाली महिलाओं में अधिक होता है। उनका कहना है कि इस तरह की बातों पर ध्यान नहीं दिया जाना चाहिए। इसके बजाए वास्तविकता है कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर इस बीमारी से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि देश में जो आंकड़े सामने आ रहे हैं, उनमें 20 से 30 वर्ष की महिलाओं में स्तन कैंसर के मामले देखे जा रहे हैं, क्योंकि इस उम्र में महिलाएं जंक फूड और प्रोसेस्ड फूड का सेवन अधिक करने लगी हैं। बार-बार गर्म किए जाने वाले तेल का सेवन करने से भी स्तन कैंसर होने की आशंका अधिक रहती है, क्योंकि इससे फ्री रेडिकल्स अधिक बनते हैं और इससे कैंसर कोशिकाओं के विकसित होने की आशंका ज्यादा बढ़ जाती है।

कैंसर विशेषज्ञ डॉ. सिद्धार्थ साहनी ने बताया कि पश्चिमी देशों में जहां महिलाओं में स्तन कैंसर के मामले 50 से 70 वर्ष की आयु में सबसे अधिक दर्ज किए जाते हैं, वहीं भारत में ऐसे मामले 40 से 60 वर्ष की उम्र की महिलाओं में अधिक देखे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि महिलाओं में निष्क्रिय जीवन शैली, अधिक उम्र में विवाह करना, बच्चे पैदा नहीं करने की प्रवृति, शराब पीना और धूम्रपान करना, पहले बच्चे के समय अधिक आयु होना, मोटापा और चीनी तथा वनस्पति तेलों का सेवन इसके कारक हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का मकसद महिलाओं को समय-समय पर स्तनों की जांच और कैंसर के बारे में जागरूक बनाना है।

# पानी की कमी का शरीर देता है संकेत



**मानव** का शरीर 70 प्रतिशत हिस्सा पानी से बना होता है। ऐसे में एक स्वस्थ शरीर के लिए रोजाना 8-9 गिलास पानी का सेवन बहुत जरूरी है। आप रोजाना आठ से नौ गिलास पानी नहीं पीते हैं तो ऐसा मुमकिन है कि आपके शरीर में पानी की कमी होने लगे। जब शरीर में पानी की कमी होने लगती है तो इससे शरीर कई गंभीर बीमारियों की चपेट में आ सकता है। ऐसे में बहुत से लोग यह सोच रहे होंगे कि जब शरीर में पानी की कमी होगी तो हमें कैसे पता चलेगा। जब आपके शरीर में पानी की कमी होने लगती है तो आपका शरीर कुछ संकेत देता है। जरूरत होती है तो इन संकेतों को पहचानने की।

### मुंह से बदबू आना

जब किसी व्यक्ति के शरीर में पानी की कमी होती है तो अक्सर आपके मुंह से बदबू आने लगती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि पानी की कमी होने पर मुंह में लार काफी कम मात्रा में बनती है। जिस वजह से मुंह से बदबू आने लगती है।

### पेशाब का रंग

जब किसी इंसान के शरीर में पानी की कमी होती है तो इसके बहुत सारे लक्षण दिखाई देने लगते हैं। अगर पेशाब करने के दौरान आपके पेशाब का रंग पीला है और इस दौरान आपको हल्की जलन भी होती है तो इसका सीधा मतलब यह है कि आपके शरीर में पानी की कमी हो गई है, इससे बचने के लिए आपको थोड़ी-थोड़ी देर में एक गिलास पानी पीना चाहिए। एक स्वस्थ शरीर के लिए रोजाना 4 से 5 लीटर पानी का सेवन बहुत जरूरी होता है।

### सिर में दर्द

जब शरीर में पानी की कमी हो जाती है तो ऐसे में व्यक्ति को सिर में दर्द होने लगता है। जिससे बचने के लिए बहुत से लोग दवाई का सहारा लेते है। जो कि बिल्कुल भी सही नहीं है। इससे बचने के लिए आपको रोजाना 8-9 गिलास पानी का सेवन जरूर करना चाहिए।

# क्यों होते हैं शरीर पर सफेद दाग



**आपने** कई लोगों को देखा होगा, जिनके शरीर में किसी-किसी हिस्से पर सफेद दाग होते हैं। जिन्हें सामान्यत: सफेद दाग कहा जाता है, कई लोगों को इन्हें लेकर के गलत धारणाएं होती हैं, हालांकि ये कोई ऐसी समस्या नहीं है, जिससे सामान्य जीवन जीने में किसी तरह की तकलीफ हो, लेकिन फिर भी शरीर पर कोई भी निशान अलग से नजर आने पर अच्छे नहीं दिखते हैं।

सफेद दाग होने के कारण अत्यधिक तनाव, विटामिन 12 की कमी, त्वचा पर किसी प्रकार का संक्रमण होना यह सभी कारण हो सकते हैं। इसके लिए आज हम कुछ घरेलू उपायों के बारे में बताने वाले हैं, जो सफेद दाग को ठीक कर सकता है। इसके लिए आप तांबे के बर्तन में रात भर पानी भरकर रख दें और सुबह खाली पेट इसका सेवन करें। इसके अलावा प्रभावित त्वचा पर दिन में दो से तीन बार नारियल तेल से मसाज करें। इसके अलावा हल्दी भी इसके लिए एक गुणकारी औषधि है। सरसों के तेल के साथ हल्दी पाउडर का लेप बनाकर प्रभावित स्थान पर लगाना काफी फायदेमंद होता है, इसके लिए 250 ग्राम सरसों के तेल में पांच बड़े चम्मच हल्दी पाउडर डालकर मिला लीजिए। और इस पेस्ट को दिन में दो बार प्रभावित स्थान पर लगाएं। इसके अलावा आप नीम के तेल का भी प्रयोग कर सकते हैं। और नीम के जूस का भी सेवन कर सकते हैं, हर रूप से यह फायदेमंद होता है।

इसके अलावा लाल मिट्टी में प्रचुर मात्रा में तांबा पाया जाता है, जो त्वचा के रंग का पुन: निर्माण करने में मददगार होता है। इसे अदरक के रस के साथ मिलाकर भी प्रभावित स्थान पर लगाया जाता है। इससे काफी फायदा होता है, रक्त संचार को बेहतर बनाने और त्वचा के लिए अदरक काफी मददगार होता है। इसके रस को पानी में मिलाकर पीएं और प्रभावित त्वचा पर लगाएं, इससे आपको लाभ प्राप्त होगा।

# दिनभर क्यों आती है नींद ?

**क्या आपको रात की नींद पूरी करने के बाद सुबह थकान और नींद का अनुभव होता है ?**



**क्या** आपको रात की नींद पूरी करने के बाद सुबह थकान और नींद का अनुभव होता है? आपके शरीर में ऐसी कौन सी प्रॉब्लम हो रही हैं, जिसके कारण ऐसा हो रहा है. और इसका सोल्युशन क्या है?

अगर आपने इस समस्या पर अभी ध्यान नहीं दिया तो आगे चल कर यह नींद और थकान कई अन्य समस्याएं पैदा कर सकता है जैसे, सिरदर्द, शारीरिक दर्द, किसी चीज में मन न लगना, काम या पढ़ाई पर ध्यान केन्द्रित ना कर पाना, पेट की खराबी, बोरियत और तनाव या डिप्रेशन आदि। आयुर्वेद कहता है कि इसके कई कारण हो सकते हैं कि आपको पूरे दिन थकान या नींद लगती है। हो सकता है कि आपके अंदर शारीरिक बदलाव हो रहे हों या फिर दिमागी तनाव हो। अब आइये जानते हैं ऐसे कौन से कारण हैं जिसकी वजह से आप दिनभर थके-थके रहते हैं और इसका समाधान क्या है।

### सोने का अनुचित समय

रात की नींद ठीक तरह से पूरी करनी चाहिए। आपको छह से सात घंटे तक बिना डिस्टर्ब हुए सोना चाहिए। सोने के तीन या चार घंटे पहले चाय या कॉफी नहीं पीनी चाहिए।

### तनाव से दूर रहें

तनाव, अवसाद, क्रोध आदि जैसी चीजें नींद के पैटर्न पर बहुत प्रभाव डालती हैं। ये आपको थका देती हैं, जिससे रात को आप ठीक प्रकार से नहीं सो पाते।

### हेवी डिनर न करें

कई लोग सोचते हैं कि यदि वे रात में पेट भर कर सोएंगे तो उन्हें अच्छी नींद आएगी मगर ऐसा होता नहीं है। रात को पेट थोड़ा खाली रख कर ही सोना चाहिए नहीं तो खाना ठीक से डाइजेस्ट नहीं हो पाएगा।

### शारीरिक नकारात्मक फोर्स (तमस)

कई लोग शुरू से ही आलसी होते हैं और उनके जीवन का नजरिया हमेशा ही नकारात्मक होता है। ऐसे लोगों को अपने रूटीन में योगा, ध्यान मेडिटेशन को शामिल करना चाहिए जिससे उनके जीवन में सकारात्मकता आ सके।

### कोई छुपी हुई बीमारी

कुछ बीमारियां जैसे, मधुमेह आदि शरीर को अंदर से कमजोर बना देती हैं और जिससे दिनभर नींद आती है। अच्छा है कि आप अपना ठीक से ट्रीटमेंट करवाएं और स्वस्थ रहें।

### कुछ लोगों का शरीर ही ऐसा होता है

आयुर्वेद के अनुसार अगर आप कफ दोष वाले हैं तो आप के अंदर शुरू से ही आलस भरा रहेगा। अगर आप भी ऐसी कैटेगरी में आते हैं तो कोशिश करें कि रात को जल्दी सो जाएं जिससे आपकी नींद ठीक तरह से पूरी हो सके।

दिनभर फ्रेश फील करने के लिये और रात को अच्छी नींद के टिप्स

अगर दिन में बहुत नींद आ रही है तो आधे घंटे की झपकी ले सकते हैं। अपच की वजह से आपको नींद और थकान महसूस हो सकती है। ऐसे में अपने आहार में अदरक और काली मिर्च को जगह दें। आप चाहें तो बिना दूध वाली अदरक की चाय पी सकते हैं। नियमित व्यायाम करें, जिससे शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़े और आप फ्रेश फील करें।

- अपने कमरे की खिड़कियां और दरवाजे हमेशा खुले रखें, जिससे फ्रेश हवा और रोशनी आए। इससे आप हमेशा ऊर्जा से भरे रहेंगे।
- कुर्सी पर हमेशा सीधे और अलर्ट बैठें।
- योगा और प्रणायाम करें। इससे आप एनर्जी से भर उठेंगे।
- पोषण युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करें।
- डाइट में फलों को शामिल करें।

# मेरा सफेद गेंद का प्रदर्शन इतना भी बुरा नहीं : ऋषभ पंत

## इस वर्ष खेली गईं 21 पारियों में सिर्फ दो बार 30 रन का आंकड़ा पार कर पाए

**तीसरे और अंतिम वनडे में महज 10 रन बनाए**

एजेंसी। क्राइस्टचर्च



**सीमित** ओवर के क्रिकेट में अपनी खराब फॉर्म के लिए आलोचनाओं में घिरे विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने बुधवार को कहा कि सफेद गेंद के क्रिकेट में उनका प्रदर्शन इतना भी बुरा नहीं है।

पंत इस साल सीमित ओवर के क्रिकेट में खराब फॉर्म में हैं, उन्होंने छोटे प्रारूप में केवल एक अर्धशतक जड़ा है और वो भी फरवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ। वह 2022 में खेली गई 21 पारियों में केवल दो ही बार 30 रन का आंकड़ा पार कर पाए हैं। वनडे में 25 साल के खिलाड़ी ने इस साल नौ पारियां खेली हैं जिसमें दो अर्धशतक और एक शतक शामिल है। पंत ने बुधवार को यहां तीसरे और अंतिम वनडे से पहले आधिकारिक प्रसारक प्राइम वीडियो से कहा, ये आंकड़े महज एक संख्या ही तो हैं। सफेद गेंद में मेरे रनों की संख्या इतनी बुरी भी नहीं है। वहीं अगर तुलना की जाए तो पंत का टेस्ट प्रारूप में प्रदर्शन शानदार रहा है जिसमें उन्होंने इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका में शतक जड़े हैं।

पंत ने कहा कि वह अपने करियर के इस मोड़ पर तुलना में भरोसा नहीं करते हैं। नाराज दिखे पंत ने कहा, इस समय तुलना का कोई मतलब नहीं है, मेरी उम्र महज 24-25 साल है। अगर आप तुलना करना चाहते हो तो जब मैं 30-32 साल का हूंगा तब कर सकते हो। इससे पहले मेरे लिए तुलना का कोई मतलब नहीं है। मौजूदा श्रृंखला के उप कप्तान पंत ने बुधवार को तीसरे और अंतिम वनडे में महज 10 रन बनाए। सीमित ओवर के क्रिकेट में वह किस स्थान पर बल्लेबाजी करना पसंद करेंगे तो पंत ने कहा, मैं टी20 अंतरराष्ट्रीय में पारी का आगाज करना पसंद करूंगा, वनडे में चौथे-पांचवें नंबर पर खेलना चाहूंगा और टेस्ट में पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी कर रहा हूं। हां, जब आप निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हो तो रणनीति बदल जाती है लेकिन साथ ही आपको उसी स्थान पर बल्लेबाजी करनी पड़ती है जिस पर टीम चाहती है। उन्होंने कहा, वनडे में आपको पहले से रणनीति बनाने की जरूरत नहीं होती है जबकि टी20 में आपको ऐसा करना होता है।

# भारतीय हॉकी टीम ने 13 मैचों के बाद ऑस्ट्रेलिया को 4-3 से मात दी

## श्रृंखला का चौथा मैच शनिवार और आखिरी मैच रविवार को खेला जाएगा

एजेंसी। एडीलेड



भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पांच मैचों की श्रृंखला के तीसरे टेस्ट में दुनिया की नंबर एक टीम ऑस्ट्रेलिया को बुधवार को यहां 4-3 से हराकर उलटफेर किया। भारतीय टीम की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 13 मैच के बाद यह पहली जीत है।

शुरुआती दोनों मैचों में जीत दर्ज करने में नाकाम रहा भारत इस अप्रत्याशित सफलता के साथ श्रृंखला को जीवंत रखने में कामयाब रहा। इस जीत के बाद भारत श्रृंखला में।-2 से पिछड़ रहा है। मेहमान टीम को पहले दो टेस्ट मैच में 4-5 और 4-7 से हार का सामना करना पड़ा था। टीम के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह (12वें मिनट), अभिषेक (47वें मिनट), शमशेर सिंह (57वें मिनट) और आकाशदीप सिंह (60वें मिनट) ने गोल किए। ऑस्ट्रेलिया के लिए जैक वेल्च (25वें), कप्तान एरान जालेवस्की (32वें) और नाथन इफ्राम्स (59वें) ने गोल दागे। श्रृंखला का चौथा मैच शनिवार और आखिरी मैच रविवार को खेला जाएगा। इस मैच में दोनों टीमों ने धैर्यपूर्वक शुरुआत की और जवाबी हमले की जगह विरोधी टीम को मौका देने से बचने की कोशिश की। ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि सातवें मिनट मैच का पहला मौका बनाया लेकिन उसके खिलाड़ी भारतीय रक्षापंक्ति को चकमा देने के बाद गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक की सजगता से पार नहीं पा सके।

इसके पांच मिनट के बाद भारतीय कप्तान ने पेनल्टी कॉर्नर पर ताकत का इस्तेमाल करने की जगह प्लेसमेंट पर ध्यान देते हुए ऑस्ट्रेलिया के गोलकीपर जोहान डर्स्ट की दाहिनी ओर गोल कर भारत को बढ़त दिला दी। इसके तुरंत बाद युवा खिलाड़ी सुखजीत सिंह ने अपने कौशल का शानदार परिचय दिया लेकिन उनका प्रयास गोल में नहीं बदल सका। मैच के दूसरे हाफ में 20वें मिनट में भारत के अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश गोल करने के दो और प्रयास को विफल कर दिए। उन्होंने मैदानी शॉट पर शानदार बचाव करने के एक मिनट बाद पेनल्टी कॉर्नर पर ऑस्ट्रेलिया को गोल करने से रोका। ऑस्ट्रेलिया ने 25वें मिनट में बराबरी हासिल की जब वेल्च ने श्रृंखला का अपना तीसरा गोल किया। श्रीजेश ने पेनल्टी कॉर्नर पर जैरी टिम हावर्ड के प्रहार पर जेरी हेवर्ड की ड्रैग-फ्लिक को विलफ किया लेकिन वेल्च ने रिबाउंड पर इसे गोल में बदल दिया।

मध्यांतर के बाद घरेलू टीम ने बढ़ल लेने के लिए अधिक जोर लगाना शुरू किया और दो मिनट में दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। श्रीजेश एक को रोकने में सफल रहे जबकि टिम होवार्ड के शॉट पर कप्तान जालेवस्की ने गोल कर ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से आगे कर दिया। मैच के आखिरी क्वार्टर में अभिषेक ने हरमनप्रीत के फ्लिक को गोल पोस्ट में डाल स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। भारत को इसके बाद 52वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन टीम इसे भुनाने में नाकाम रही। राजकुमार पाल का शॉट इसके बाद सर्किल के दूर से निकल गया। भारतीय टीम ने इस क्वार्टर में बेहतर खेल दिखाया और टीम एक और पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने में सफल रही।



# बारिया के कारण तीसरा वनडे रद्द भारत ने श्रृंखला गंवाई

एजेंसी। क्राइस्टचर्च

**अपने लचर प्रदर्शन के कारण भारतीय टीम 47.3 ओवर में 219 रन पर सिमट गई**

बारिश के कारण बुधवार को यहां तीसरा और अंतिम वनडे रद्द हो गया और भारतीय टीम ने अपने लचर प्रदर्शन से न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला 0-1 से गंवा दी।

बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद भारतीय टीम बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण 47.3 ओवर में 219 रन पर सिमट गई। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड ने 18 ओवर में एक विकेट गंवाकर 104 रन बना लिए थे कि बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। वह डकवर्थ लुईस पद्धति के पार स्कोर के हिसाब से 50 रन से आगे थी। टीम के लिए फिन एलेन (57 रन) ने चौथा वनडे अर्धशतक जड़ा। कप्तान केन विलियमसन की टीम को जीत के लिए 32 ओवर में 116 रन की दरकार थी लेकिन उन्हें बिना नतीजे के संतोष करना पड़ा क्योंकि मैच को डकवर्थ लुईस पद्धति से तकनीकी रूप से पूरा करने के लिए दो ओवर की दरकार थी।

न्यूजीलैंड ने ऑकलैंड में पहले वनडे में सात विकेट से जीत दर्ज की थी जबकि दूसरा वनडे भी दो बार की बाधा के बाद बारिश की भेंट चढ़ गया था। बारिश के कारण बुधवार को सफेद गेंद श्रृंखला का एक और मैच रद्द हो गया। इस तरह मेजबान टीम ने श्रृंखला 1-0 से अपने नाम की। इस तरह छह मैचों की सफेद गेंद की श्रृंखला के केवल दो मैचों में ही नतीजा निकला और इससे संबंधित अधिकारियों की खराब योजना की कलई भी खुल गई। यह श्रृंखला पड़ोसी देश आस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप के एक हफ्ते से भी कम समय बाद आयोजित की गई थी। वहीं भारत के लिए इस श्रृंखला ने उनकी त्रुटिपूर्ण चयन नीति का खुलासा किया।

# पुलिसिच के गोल से ईरान को 1-0 से हराकर अमेरिका विश्व कप के नॉकआउट में

एजेंसी। दोहा



**क्रिस्टियन** पुलिसिच के 38वें मिनट में किए गए गोल की मदद से अमेरिका ने ईरान पर 1-0 की जीत से फीफा विश्व कप के नॉकआउट राउंड में प्रवेश किया।

अमेरिका के लिए मंगलवार रात को यह मुकाबला करो या मरो का था, उसने आक्रामक शुरुआत की और गोल में कई हमले किए। पर सफलता 38वें मिनट में मिली जब सर्गिनो डेस्ट ने पुलिसिच को बेहतरीन पास दिया और इस फुटबॉलर ने भी इसे गोल में पहुंचा दिया। हालांकि इस दौरान पुलिसिच का सिर गोलकीपर से टकराया और वह तीन मिनट तक गोल में लेटे रहे। अमेरिकी टीम के स्टाफ ने उनका उपचार किया जिससे उन्होंने कुछ देर तक मैच में रहने की कोशिश की लेकिन दूसरे हाफ के शुरू में उनकी जगह अन्य खिलाड़ी को उतारा गया। इसके बाद उन्हें अस्पताल में ले जाया गया और मैच खत्म होने के एक घंटे बाद उन्होंने साथी खिलाड़ियों से फेस टाइम के जरिए जीत का जश्न मनाया। मिडफील्डर वेस्टन मैकेनी ने कहा, हर खिलाड़ी इस टीम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए अपना सर्वस्व देने को तैयार है।

अमेरिकी टीम रूस में 2018 विश्व कप में क्वालीफाई नहीं कर सकी थी। उसने वेल्स और इंग्लैंड के खिलाफ ड्रॉ खेला था जिससे उसे राउंड 16 में जगह बनाने के लिए जीत की दरकार थी। अमेरिकी टीम ग्रुप बी में इंग्लैंड से दो अंक पीछे पांच अंक से दूसरे स्थान पर रही। अब टीम 2002 के बाद पहली बार क्वार्टरफाइनल में जगह बनाने के लिए शनिवार को नीदरलैंड से भिड़ेगी। अमेरिका के विंगर टिम विया ने कहा, मैं हमेशा कहता हूं कि हम दुनिया के खिलाफ खेलते हैं क्योंकि किसी ने भी नहीं सोचा था कि अमेरिका अच्छी फुटबॉल खेल सकता है। ईरान की टीम ग्रुप में तीन अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही और वह अपने सभी छह विश्व कप में अगले दौर में पहुंचने में विफल रही है। ईरान के कोच कार्लोस क्वेरोज ने कहा, सपना टूट गया।

गोल के लिए मैकेनी ने शुरुआत की जिन्होंने सर्कल के करीब से डेस्ट को पास दिया जिन्होंने बाउंस पर गेंद को नेट के सामने पुलिसिच को पास दिया।


### पंत मैच विजेता खिलाड़ी सैमसन को इंतजार करना होगा : धवन

**क्राइस्टचर्च।** भारत के कार्यवाहक कप्तान शिखर धवन ने बुधवार को कहा कि ऋषभ पंत ने खुद को मैच विजेता के तौर पर साबित किया है और जब वह मुश्किल परिस्थितियों से गुजर रहे है तब टीम प्रबंधन के पूर्ण समर्थन के हकदार हैं। धवन ने सीमित मौके पर खुद को साबित कर चुके संजू सैमसन को टीम में जगह मिलने के लिए इंतजार करने की सलाह दी।

आक्रामक बल्लेबाजी के लिए पहचाने जाने वाले बाएं हाथ के पंत सीमित ओवरों के मैच में एक बार फिर विफल रहे। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय में 16 गेंद में 10 रन बनाए। बारिश के कारण रद्द हुई इस मैच में भारतीय टीम 219 रन पर आउट हो गई। धवन ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, कुल मिलाकर आपको बड़ी तस्वीर देखनी होगी कि आपका मैच विजेता कौन होगा।

# लाबुशेन का शतक, ऑस्ट्रेलिया के स्टंप तक दो विकेट पर 293 रन

एजेंसी। पर्थ



**आस्ट्रेलिया** ने मार्नस लाबुशेन (नाबाद 154 रन) के शतक के दम पर बुधवार को यहां दो मैचों की श्रृंखला के पहले क्रिकेट टेस्ट के शुरुआती दिन स्टंप तक दो विकेट पर 293 रन बनाकर बड़े स्कोर की ओर कदम बढ़ाए।

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी आस्ट्रेलिया के लिए दिन का खेल समाप्त होने तक लाबुशेन 154 रन और स्टीवन स्मिथ 59 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। उस्मान ख्वाजा ने भी 65 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। आस्ट्रेलिया ने भले ही चौथे ओवर में सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर (05) का विकेट गंवा दिया लेकिन इसका उसकी पारी पर खास असर नहीं दिखा। वार्नर को जेडन सील्स ने बोल्ड किया। ख्वाजा (65 रन) और लाबुशेन (16 चौके, एक छक्का) ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 142 रन की साझेदारी निभाकर अच्छी नींव रखी। ख्वाजा को काइल मेयर्स ने खूबसूरत गेंद पर अपना शिकार बनाया जो इसे खेलने के प्रयास में विकेटकीपर को कैच देकर आउट हुए। फिर स्मिथ क्रीज पर उतरे, जिन्होंने लाबुशेन का पूरा साथ निभाया और दोनों अभी तक नाबाद 142 रन की भागीदारी कर चुके हैं।

# वेल्स को 3-0 से हराकर इंग्लैंड विश्व कप के राउंड 16 में

एजेंसी। अल रेयान (कतर)



**इंग्लैंड** ने मार्कस रशफोर्ड के दो और फिल फोडेन के एक गोल की मदद से वेल्स पर 3-0 की जीत से फीफा विश्व कप के राउंड 16 में प्रवेश किया।

इंग्लैंड के कोच गेरेथ साउथगेट ने ग्रुप बी में टीम के अंतिम मैच में दोनों खिलाड़ियों को शुरूआती लाइनअप मे रखने का फैसला किया। इन दोनों ने भी उम्मीदों पर खरा उतरते हुए मिलकर तीन गोल दागे। रशफोर्ड ने 50वें और 68वें मिनट में दो जबकि फोडेन ने 51वें मिनट में गोल किया। ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली इंग्लैंड की टीम अब रविवार को राउंड 16 में सेनेगल से भिड़ेगी। वेल्स की टीम ग्रुप में अंतिम स्थान पर रहकर बाहर हो गई जो 64 साल में पहले विश्व कप में खेल रही थी। अमेरिका ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहा जो अब नीदरलैंड से भिड़ेगा जबकि ईरान तीसरे स्थान पर रहकर बाहर हुआ। रशफोर्ड गोल करने के बाद घुटने के बल बैठकर आसमान की ओर देखने लगे, उनके जश्न का तरीका अपने दोस्त को श्रृद्धांजलि देने के लिए था जिनका कैंसर से जूझने के बाद हाल में निधन हो गया था।

रशफोर्ड ने टूर्नामेंट में अपने पहले मैच में शुरुआत की, उन्होंने कहा, इसी तरह के क्षण के लिए मैं फुटबॉल खेलता हूं। बड़े पल, सर्वश्रेष्ठ पल। खुश हूं कि टीम अगले दौर में पहुंची क्योंकि टीम के लिए हमारी काफी महत्वकांक्षाएं हैं और मुझे लगता है कि हम आज से कहीं बेहतर खेल सकते हैं। रशफोर्ड अहमद बिन अली स्टेडियम में दो गोल करने के बाद तीन गोल की बदौलत इस विश्व कप में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ियों के साथ शामिल हो गए हैं जिसमें फ्रांस के स्ट्राइकर किलियान एमबापे और दो अन्य खिलाड़ी मौजूद हैं। रशफोर्ड को ईरान के खिलाफ मिली 6-2 की जीत में स्थानापन्न के तौर पर उतारा गया था जिसमें उन्होंने एक गोल भी दागा था। फोडेन भी 19 मिनट तक उस मैच में खेले थे।

मैनचेस्टर यूनाईटेड के 25 साल के फॉरवर्ड रशफोर्ड 2018 में पिछले विश्व कप में और 2020 यूरोपीय चैम्पियनशिप में खेले थे। यूरो 2020 फाइनल में इटली से मिली हार में वह पेनल्टी शूटआउट में चूक गए थे जिसके बाद वह करियर में खराब दौर से गुजर रहे थे जिसमें चोटों ने भी परेशानी खड़ी कीं। वह और साथी बुकाया साका दोनों अश्वेत हैं जिससे उन्हें शूटआउट में चूकने के बाद नस्लीय दुर्व्यवहार का भी सामना करना पड़ा था। अमेरिका से ड्रॉ के बाद इंग्लैंड की टीम के शुरुआती एकादश में बदलाव करने की बातें हो रही थीं इसलिए कोच ने नए लुक वाले आक्रमण में रशफोर्ड और फोडेन को शामिल किया और यह रणनीति टीम के लिए कारगर साबित हुई। चार साल पहले रूस में इंग्लैंड को विश्व कप सेमीफाइनल तक पहुंचने वाले कोच साउथगेट ने कहा, यह उसके लिए चुनौती थी। मैंने उससे बात की थी, वह चीजों को लेकर काफी स्पष्ट था।

वेल्स के कप्तान गेरेथ बेल को हैमस्ट्रिंग चोट के कारण हाफटाइम में मैच से बाहर होना पड़ा। यह संभवत: राष्ट्रीय टीम के लिए उनका अंतिम मैच था। लेकिन वेल्स के कोच रॉब पेज ने कहा कि उन्हें बेल के जारी रखने की उम्मीद है। वहीं चार साल पहले पिछले विश्व कप में गोल्डन बूट बने इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन को अब भी इस विश्व कप में अपने पहले गोल का इंतजार है।

### इंग्लैंड और वेल्स के खिलाड़ी मैच से पहले घुटने के बल खड़े हुए

**अल** रेयान (कतर)। इंग्लैंड और वेल्स दोनों टीमों के खिलाड़ी फीफा विश्व कप में अपने ग्रुप के अंतिम मैच से पहले घुटनों के बल खड़े हुए। टीमों ने भेदभाव के खिलाफ लड़ाई में एकजुटता दिखाने के लिए मंगलवार रात को हुए मैच के दौरान यह भावभंगिमा दिखाई। इंग्लैंड और वेल्स उन सात यूरोपीय देशों में से एक हैं जिनके कप्तान कतर में टूर्नामेंट में समावेशिता के समर्थन में अपने हाथ में वन लव का आर्मबैंड पहनना चाहते थे, लेकिन फीफा के प्रतिबंध लगाने की धमकी देने के बाद उन्होंने अपनी योजना रद्द कर दी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### कैमरून के गोलकीपर आंद्रे ओनाना विश्व कप से बाहर

**अल रेयान (कतर)।** कैमरून के गोलकीपर आंद्रे ओनाना को कोच रिगोबर्ट सोंग के साथ हुए मतभेद के बाद अनुशासनात्मक कारणों से फीफा विश्व कप से स्वदेश भेज दिया गया। कैमरून फुटबॉल महासंघ ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि इंटर मिलान के गोलकीपर को टीम से अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया गया और यह निलंबन कतर में पूरे टूर्नामेंट के दौरान जारी रहेगा। महासंघ ने कहा कि उसने ओनाना की मिलान के लिए उड़ान का इंतजाम कर दिया है। ओनाना को मंगलवार को दोहा में हवाईअड्डे पर देखा गया। ओनाना ने भी एक बयान जारी कर कोच सोंग के साथ टीम की रणनीति को लेकर अपने मतभेद का जिक्र किया जिसके कारण उन्हें सोमवार को सर्बिया के साथ 3-3 ड्रॉ रहे मैच में नहीं खिलाया गया था। ओनाना ने कहा कि उन्होंने विश्व कप में बने रहने के लिए इस मामले को सुलझाने की कोशिश की थी लेकिन दूसरे पक्ष ने इसकी इच्छा नहीं दिखाई।

### मोरक्को की निगाहें विश्व कप के अगले दौर में पहुंचने पर


**दोहा।** मोरक्को की टीम गुरुवार को यहां होने वाले फीफा विश्व कप मुकाबले में कनाडा को हराकर 1986 के बाद पहली बार नॉकआउट चरण में प्रवेश करना चाहेगी। वहीं कनाडा की टीम पहले ही बाहर हो चुकी है, लेकिन उसकी कोशिश होगी कि पहली जीत के साथ कतर से जाए। मोरक्को की टीम गुरूवार की रात जीत या ड्रा से भी अगले दौर में पहुंच जाएगी। इसके अलावा वह हार के बावजूद भी नॉकआउट में पहुंच सकती है लेकिन यह बेल्जियम के क्रोएशिया के खिलाफ मैच के नतीजे पर निर्भर करेगा। मोरक्को ने क्रोएशिया के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ से शुरूआत की थी जिसके बाद उसने रोमेन साइस और जकारिया अबूखलाल के गोल की मदद से दूसरी रैंकिंग की बेल्जियम को 2-0 से हराकर उलटफेर किया। कोच वालिद रेग्रागुई ने कहा, हमें हराना मुश्किल है। हमने दुनिया की दो सर्वश्रेष्ठ टीमों को कड़ी टक्कर दी। हमें यही प्रदर्शन जारी रखना होगा। मोरक्को और कनाडा की टीम इससे पहले एक बार एक दूसरे के सामने हो चुकी हैं। मोरक्को ने 2016 में इस मैत्री मैच में 4-0 से जीत दर्ज की थी।

### तीन-चार साल में विश्व चैंपियन बनने का लक्ष्य : प्रज्ञानानंदा



**नई दिल्ली।** शतरंज के स्टार खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा का मानना है कि विश्व चैम्पियन बनना एक वास्तविक संभावना है और उन्होंने यह उपलब्धि हासिल करने के लिए खुद को तीन से चार साल का समय दिया है।देश के सबसे कम उम्र के ग्रैंडमास्टर्स में से एक 17 वर्षीय प्रज्ञानानंदा ने विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन को केवल छह महीनों में तीन बार हराया जो उनके करियर के मुख्य आकर्षणों में से एक है। हाल ही में उन्होंने मेल्टवाटर शतरज चैंपियंस टूर फाइनल का अपना सर्वश्रेष्ठ मुकाबला खेलते हुए पोलैंड के ग्रैंडमास्टर यान-क्रिस्टोफ डुडा को हराया। अर्जुन पुरस्कार लेने के लिए बुधवार को राष्ट्रपति भवन रवाना होने से पहले प्रज्ञानानंदा ने कहा, हां, मेरा सपना और लक्ष्य विश्व में नंबर एक और विश्व शतरंज चैंपियन बनना है और मुझे लगता है कि इसे अगले तीन से चार साल में हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि इसमें लंबा समय लगना चाहिए। अगर मैं अच्छा खेलना जारी रखता हूं और सही दिशा में रहता हूं तो यह वास्तविक रूप से संभव है।

### उमरान की गेंदबाजी सकारात्मक पहलू : शास्त्री



**क्राइस्टचर्च।** भारतीय टीम न्यूजीलैंड में बारिश से बाधित एकदिवसीय श्रृंखला हार गई लेकिन पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर ने बल्लेबाजी और उमरान मलिक ने गेंदबाजी में काफी प्रभावित किया। बुधवार को यहां तीसरा और अंतिम वनडे बारिश में धुलने के बाद न्यूजीलैंड की टीम ने तीन मैचों की श्रृंखला को 1-0 से अपने नाम किया। बारिश के कारण दो मैच रद्द होने के बाद गिल, श्रेयस अय्यर, वाशिंगटन सुंदर और उमरान जैसे युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने शास्त्री को प्रभावित किया। शास्त्री ने मैच के बाद के कवरेज के दौरान प्राइम वीडियो पर कहा, मुझे लगता है कि इस एक दिवसीय श्रृंखला से बहुत सारी सकारात्मकता चीजें सामने आई हैं। श्रेयस अय्यर रन बना रहे हैं, वह मुश्किल परिस्थितियों में क्रीज पर समय बिताने के लिए तैयार है। सूर्यकुमार के पास निश्चित रूप से क्षमता और प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि वाशिंगटन सुंदर बहुत अच्छा खिलाड़ी है। उमरान मलिक ने जिस तरह से गेंदबाजी की वह मुझे पसंद आया। उसके पास काफी क्षमता है। भारत के इस पूर्व कोच ने कहा, शुभमन गिल पारी की शुरुआत में बहुत सकारात्मक थे। ये परिस्थितियां कठिन है, आपको ऐसी परिस्थितियां अक्सर नहीं मिलती हैं, और आप अक्सर न्यूजीलैंड की यात्रा नहीं करते हैं।

# पहली महिला रैफरी के रूप में विश्व कप के इतिहास रचेंगी फ्रेपार्ट



**फ्रेपार्ट इससे पहले चौथे अधिकारी भी भूमिका निभा चुकी हैं**

एजेंसी। दोहा

**फ्रांस** की रैफरी स्टेफनी फ्रेपार्ट कतर में गुरुवार को जर्मनी और कोस्टा रिका के बीच मुकाबले के साथ पुरुष विश्व कप में रैफरी की भूमिका निभाने वाली पहली महिला बनेंगी।

फीफा ने फ्रेपार्ट के सहायक के रूप में भी दो महिलाओं को चुना है जो ब्राजील की नुएजा बैक और मैक्सिको की कारेन डियाज मेडिना हैं। इस तरह इस मुकाबले में मैदानी अधिकारी की भूमिका में तीनों महिलाएं होंगी। फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा द्वारा चुनी गई चौथी महिला मैच अधिकारी अमेरिका की कैथरीन नेसबिट भी अल बायत स्टेडियम में वीडियो समीक्षा टीम के साथ ऑफ साइड विशेषज्ञ की भूमिका निभाएंगी। दो अन्य महिलाएं रवांडा की सलीमा मुकानसांगा और जापान की योशिमी योमाशिता भी कतर में मुकाबलों में रैफरी की भूमिका निभाने वालों की फीफा सूची में शामिल हैं।

फीफा ने कतर में खेले जाने वाले 64 मुकाबलों में से 44वें मुकाबले के लिए ऐतिहासिक नियुक्तियां की हैं। फ्रेपार्ट इससे पहले चौथे अधिकारी भी भूमिका निभा चुकी हैं। फ्रांस की 38 साल की फ्रेपार्ट को यूरोपीय फुटबॉल संस्था यूएफा ने पुरुष मुकाबलों में अधिकारी की भूमिका निभाने के लिए पदोन्नत किया है। फ्रेपार्ट ने विश्व कप क्वालीफाइंग और चैंपियन्स लीग के अलावा इस साल फ्रेंच कप फाइनल के दौरान भी पुरुष मुकाबलों में रैफरी की भूमिका निभाई थी। वह फीफा के लिए 2019 महिला विश्व कप फाइनल में भी प्रभारी रह चुकी हैं।